नापि परिणमति न गृह्णात्युत्पद्यते न परद्रव्यपर्याये।
ज्ञानी जानन्नपि खलु स्वपरिणामानेकविधम्॥७७॥

न परिणमन न ग्रहण करे, न उत्पन्न पर पर्याय।
ज्ञानी जाने निश्चय से, स्व परिणाम बताय॥३.९.७७॥

ज्ञानी अनेक प्रकार के अपने परिणामों को जानते हुए भी निश्चय से परद्रव्य की पर्यायों में न परिणमन करता है, न उन्हें ग्रहण करता है, न उनके रूप में उत्पन्न होता है।

The knower, though aware of his own multiple internal modes, does not transmute into, assimilate, or originate in the states of alien substances.

ण वि परिणमदि ण गिण्हदि उप्पज्जदि ण परदव्वपज्जाए।
णाणी जाणंतो वि हु पोग्गलकम्मप्फलमणंतं॥७८॥

नापि परिणमति न गृह्णात्युत्पद्यते न परद्रव्यपर्याये।
ज्ञानी जानन्नपि खलु पुद्गलकर्मफलमनन्तम्॥७८॥

न परिणमन न ग्रहण करे, न उत्पन्न पर पर्याय।
ज्ञानी जाने निश्चय से, पुद्गलकर्मफल न पाय॥३.१०.७८॥

ज्ञानी पुद्गल कर्म का फल जो कि अनंत है, जानते हुए भी निश्चय से परद्रव्य की पर्यायों में न परिणमन करता है, न उन्हें ग्रहण करता है, न उस रूप में उत्पन्न होता है।

The knower, though aware of the infinite fruits of karmic matter, does not transmute into, assimilate, or originate in the states of alien substances.

ण वि परिणमदि ण गिण्हदि उप्पज्जदि ण परदव्वपज्जाए।
पोग्गलदव्वं पि तहा परिणमदि सएहिं भावेहिं॥७९॥

नापि परिणमति न गृह्णात्युत्पद्यते न परद्रव्यपर्याये।
पुद्गलद्रव्यमपि तथा परिणमति स्वकैर्भावैः॥७९॥

न परिणमन न ग्रहण करे, ना उत्पन्न पर्याय।
पुद्गल जब परिणमन करे, निज स्वभाव ही पाय॥३.११.७९॥

इस प्रकार पुद्गल द्रव्य भी परद्रव्य की पर्यायों में न परिणमन करता है, न उन्हें ग्रहण करता है, न उस रूप में उत्पन्न होता है क्योंकि वह अपने ही भावों से परिणमन करता है।

The physical matter too does not transform into, assimilate, or originate in the states of another substance; it only modifies through its own inherent nature.

जीवपरिणामहेदुं कम्मत्तं पोग्गला परिणमंति।
पोग्गलकम्मणिमित्तं तहेव जीवो वि परिणमदि॥८०॥

जीव परिणामहेतुं कर्मत्वं पुद्गलाः परिणमन्ति।
पुद्गलकर्मनिमित्तं तथैव जीवोऽपि परिणमति॥८०॥

कर्म परिणमित हो पुद्गल, जीव निमित्त परिणाम।
जीव भी परिणमन करे, पुद्गल निमित्त है काम॥३.१२.८०॥

पुद्गल जीव के परिणाम के निमित्त से कर्म रूप में परिणमित होते हैं तथा जीव भी पुद्गल कर्म के निमित्त से परिणमन करता है।

The karmic matter transforms into karma due to the soul's disposition, and the soul also transforms under the influence of karmic matter.

ण वि कुव्वदि कम्मगुणे जीवो कम्मं तहेव जीवगुणे।
अण्णोण्णणिमित्तेण दु परिणामं जाण दोण्हं पि॥८१॥

नापि करोति कर्मगुणान् जीव: कर्म तथैव जीवगुणान्।
अन्योऽन्यनिमित्तेन तु परिणामं जानीहि द्वयोरपि॥८१॥

कर्म न गुण जीव के करे , जीव न कर्म गुण जान।
एक दूजे निमित्त बने, अपनी खुद पहचान॥३.१३.८१॥

जीव कर्म के गुणों को नहीं करता है और कर्म जीव के गुणों को नहीं करता है। दोनों एक-दूसरे के निमित्त से परिणाम करते हैं।

The soul does not create the qualities of karma, nor does karma create the qualities of the soul. Each transforms due to the presence of the other as a condition.

एदेण कारणेण दु कत्ता आदा सएण भावेण।
पोग्गलकम्मकदाणं ण दु कत्ता सव्वभावाणं॥८२॥

एतेन कारणेन तु कर्ता आत्मा सकेन भावेन।
पुद्गलकर्मकर्तानां न तु कर्ता सर्वभावानाम्॥८२॥

इस कारण कर्ता बने, आत्मा अपने भाव।
पर आत्मा कर्ता नही, पुद्गल कर्म स्वभाव॥३.१४.८२॥

इस कारण से आत्मा अपने भावों का कर्ता है, लेकिन वह पुद्गल कर्मों से उत्पन्न होने वाले समस्त भावों का कर्ता नहीं है।

For this reason, the soul is the doer of its own states, but it is not the creator of all states arising from karmic matter.

णिच्छयणयस्स एवं आदा अप्पाणमेव हि करेदि।
वेदयदि पुणो तं चेव जाण अत्ता दु अत्ताणं॥८३॥

निश्चयनयस्यैवमात्मात्मानमेव हि करोति।
वेदयते पुनस्तं चैव जानीहि आत्मा त्वात्मानम्॥८३॥

निश्चयनय से आत्मा, खुद ही करता जान।
भोगे अपने आप को, ऐसा तू पहचान॥३.१५.८३॥

निश्चयनय के अनुसार आत्मा स्वयं ही अपने कर्मों का कर्ता होता है और फिर वही आत्मा स्वयं को ही भोगता है, ऐसा जानो।

From the real standpoint, the soul itself is the doer of its own actions and also the enjoyer of their fruits – know this.

ववहारस्स दु आदा पोग्गलकम्मं करेदि णेयविहं।
तं चेव पुणो वेयइ पोग्गलकमं अणेयविहं॥८४॥

व्यवहारस्य त्वात्मा पुद्गलकर्म करोति नैकविधम्।
तच्चैव पुनर्वेदयते पुद्गलकर्मानेकविधम्॥८४॥

आत्मा पुद्गलकर्म करे, ये कहता व्यवहार।
भोगे पुद्गलकर्म भी, व्यवहारनय विचार॥३.१६.८४॥

व्यवहारनय का मत है कि आत्मा अनेक प्रकार के पुद्गल कर्मों को करता है और उन्हीं अनेक प्रकार के पुद्गल कर्मों को भोगता है।

From the practical point of view, the soul performs various kinds of karmic actions and also experiences the results of those karmas.

जदि पोग्गलकम्ममिणं कुव्वदि तं चेव वेदयदि आदा।
दोकिरियावदिरित्तो पसज्जदे सो जिणावमदं॥८५॥

यदि पुद्गलकर्मेदं करोति तच्चैव वेदयते आत्मा।
द्विक्रियाव्यतिरिक्तः प्रसज्यते स जिनावमतम्॥८५॥

पुद्गलकर्म यदि जीव करे, और उसी का भोग।
दो क्रियाऐं अभिन्न प्रसंग, जिन कहे उल्टा योग॥३.१७.८५॥

यदि आत्मा इस पुद्गल कर्म को करता है और उसी को भोगता है तो दो क्रियाओं से अभिन्न होने का प्रसंग आता है जो कि जिनेन्द्रदेव के मत के विरुद्ध है।

If the soul creates karmic matter and also experiences its results, it leads to the fallacy of one cause producing two distinct actions — a view opposed to the doctrine of the Jinas.

जम्हा दु अत्तभावं पोग्गलभावं च दो वि कुव्वंति।
तेण दु मिच्छादिट्ठी दोकिरियावादिणे हुंति॥८६॥

यस्मात्त्वात्मभावं पुद्गलभावं च द्वावपि कुर्वन्ति।
तेन तु मिथ्यादृष्टयो द्विक्रियावादिनो भवन्ति॥८६॥

दोनों आत्मा ही करे, जीव व पुद्गल भाव।
दो क्रिया इक द्रव्य से, मिथ्यादृष्टि स्वभाव॥३.१८.८६॥

आत्मा के भाव और पुद्गल के भाव दोनों आत्मा करता है - ऐसा मानना यह है कि एक ही द्रव्य दो भिन्न-भिन्न द्रव्यों के परिणाम करता है, और ऐसा मानने वाले मिथ्यादृष्टि होते हैं।

Those who believe that the soul causes both its own modifications and those of karmic matter are believers in a single substance producing two separate sets of modifications — a false doctrine according to Jain philosophy.

मिच्छत्तं पुण दुविहं जीवमजीवं तहेव अण्णाणं।
अविरदि जोगो मोहो कोहीदीया इमे भावा॥८७॥

मिथ्यात्वं पुनर्द्विविधं जीवोऽजीवस्तथैवाज्ञानम्।
अविरतिर्योगो मोहः क्रोधाद्या इमे भावाः॥८७॥

मिथ्यात्व के दो भेद है, जीव अजीव स्वभाव।
अज्ञान, अविरति योग भी, कषाय दो दो भाव॥३.१९.८७॥

मिथ्यात्व के दो भेद हैं—जीवमिथ्यात्व और अजीवमिथ्यात्व। इसी प्रकार अज्ञान, अविरति, योग, मोह और क्रोधादिक कषाय ये सभी भाव भी जीव और अजीव भेद से दो प्रकार के माने गये हैं।

Wrong belief is of two kinds: one related to soul (Jiva) and the other to non-soul (Ajiva). Likewise, ignorance, non-restraint, activity, delusion, and passions like anger are also of two kinds—related to Jiva and Ajiva.

पोग्गलकम्मं मिच्छं जोगो अविरदि अणाणमज्जीवं।
उवओगो अण्णाणं अविरदि मिच्छं च जीवो दु॥८८॥

पुद्गलकर्म मिथ्यात्वं योगोऽविरतिरज्ञानमजीवः।
उपयोगोऽज्ञानमविरतिर्मिथ्यात्वं च जीवस्तु॥८८॥

अजीव मिथ्या पुद्गलकर्म, अविरति योग न ज्ञान।
जीव मिथ्या उपयोगकर्ता, अविरति योग न ज्ञान॥३.२०.८८॥

जो मिथ्यात्व, योग, अविरति और अज्ञान अजीव हैं वे पुद्गलकर्म हैं; और जो अज्ञान, अविरति और मिथ्यात्व जीव हैं वे उपयोगकर्ता हैं।

Wrong belief, activities (yoga), non-abstinence, and ignorance that belong to non-soul (Ajiva) are karmic in nature. Whereas ignorance, non-abstinence, and wrong belief that belong to soul (Jiva) are forms of consciousness.

उवओगस्स अणाई परिणामा तिण्णि मोहजुत्तस्स।
मिच्छत्तं अण्णाणं अविरदिभावो य णादव्वो॥८९॥

उपयोगस्यानादय: परिणामास्त्रयो मोहयुक्तस्य।
मिथ्यात्वमज्ञानमविरतिभावश्च ज्ञातव्य:॥८९॥

जीव मोहयुक्त अनादि से, तीन परिणाम जान।
भाव रहे ये नित सदा, मिथ्या, अविरति योग न ज्ञान॥३.२१.८९॥

अनादिकाल से मोहयुक्त जीव के उपयोग के तीन परिणाम जाने जाते हैं—मिथ्यात्व, अज्ञान और अविरति भाव।

The soul, deluded since beginningless time, manifests in three types of mental states: wrong faith (mithyātva), ignorance (ajñāna), and non-abstinence (avirati).

एदेसु य उवओगो तिविहो सुद्धो णिरंजणो भावो।
जं सो करेदि भावं उवओगो तस्स सो कत्ता ॥९०॥

एतेषु चोपयोगस्त्रिविध: शुद्धो निरंजनो भाव:।
यं स करोति भावमुपयोगस्तस्य स कर्ता॥९०॥

त्रिविध दूषित जीव हुआ, पर शुद्धनिरंजन भाव।
उसी भाव कर्ता बने , जीव चले जो नाव॥३.२२.९०॥

यद्यपि आत्मा का उपयोग शुद्ध और निरंजन होता है, परन्तु जब वह त्रिविध दोषयुक्त (मिथ्यात्व, अज्ञान, अविरति) होता है, तब वह जिस भाव को करता है, उसी भाव का वह कर्ता होता है।

Although the soul's consciousness is pure and free from blemishes, being tainted by threefold impurities, it becomes the doer of the very disposition it assumes.

जं कुणदि भावमादा कत्ता सो होदि तस्स भावस्स।
कम्मत्तं परिणमदे तम्हि सयं पोग्गलं दव्वं॥९१॥

यं करोति भावमात्मा कर्ता स भवति तस्य भावस्य।
कर्मत्वं परिणमते तस्मिन् स्वयं पुद्गलं द्रव्यम्॥९१॥

जीव जैसे भाव करे, कर्ता बनता भाव।
पुद्गल द्रव्य परिणमन करे, कर्ता कर्म स्वभाव॥३.२३.९१॥

आत्मा जिस भाव को करता है, उसी भाव का वह कर्ता होता है। जब वह भाव करता है, तब पुद्गल द्रव्य स्वयं कर्मरूप में परिणत हो जाता है।

Whatever mode the soul adopts, it becomes the doer of that mode. And thereby, the physical matter spontaneously transforms into karmic matter.

परमप्पाणं कुव्वं अप्पाणं पि य परं करिंतो सो।
अण्णाणमओ जीवो कम्माणं कारगो होदि॥९२॥

परमात्मानं कुर्वन्नात्मानमपि च परं कुर्वन् सः।
अज्ञानमयो जीवः कर्मणां कारको भवति॥९२॥

'पर' करे पर स्व समझे, स्व में 'पर' का भान।
कर्मों का कर्ता बने, जीव वही अज्ञान॥३.२४.९२॥

जो पर को अपने रूप में मानता है और अपने को पर में देखता है, ऐसा अज्ञानमय जीव कर्मों का कर्ता बनता है।

Considering the non-self as self and the self as non-self, the ignorant soul becomes the doer of karmic actions.

परमप्पाणंकुव्वं अप्पाणं पि य परं अकुव्वंतो।
सो णाणमओ जीवो कम्माणमकारगो होदि॥९३॥

परमात्मानमकुर्वन्नात्मानमपि च परमकुर्वन्।
स ज्ञानमयो जीव: कर्मणामकारको भवति॥९३॥

'पर' में मेरा रूप नहीं, स्व में न पर का वास।
जीव उसे ज्ञानी कहो, कर्ता न बन विश्वास॥३.२५.९३॥

जो पर को अपने रूप में नहीं मानता और अपने को भी पर में नहीं मानता, वह ज्ञानमय जीव कर्मों का कर्ता नहीं होता।

The soul who knows truly does not identify the self with the non-self nor the non-self with the self, and hence does not become the doer of karmic actions.

तिविहो एसुवओगो अप्पवियप्पं करेदि कोहोऽहं।
कत्ता तस्सुवओगस्स होदि सो अत्तभावस्स ॥९४॥

त्रिविध एष उपयोग आत्मविकल्पं करोति क्रोधोऽहं।
कर्ता तस्योपयोगस्य भवति स आत्मभावस्य॥९४॥

"क्रोध आदि मैं हूँ" समझ, जीव त्रिविध उपयोग।
कर्ता बने उपयोग का, आत्म भाव यह रोग॥३.२६.९४॥

तीन प्रकार (मिथ्यात्व, अज्ञान और अविरति) का यह उपयोग "मैं क्रोध हूँ" ऐसा आत्मविकल्प करता है, इसलिए आत्मा उस उपयोग रूप अपने भाव का कर्ता होता है।

Due to delusion, ignorance, and non-restraint, the soul thinks "I am anger," and thus becomes the doer of that particular mode of consciousness.

तिविहो एसुवओगो अप्पवियप्पं करेदि धम्मादी।
कत्ता तस्सुवओगस्स होदि सो अत्तभावस्स ॥९५॥

त्रिविध एष उपयोग आत्मविकल्पं करोति धर्मादिकम्।
कर्ता तस्योपयोगस्य भवति स आत्मभावस्य॥९५॥

“धर्म आदि मैं हूँ” समझ, जीव त्रिविध उपयोग।
कर्ता बने उपयोग का, आत्म भाव यह रोग॥३.२७.९५॥

तीन प्रकार (मिथ्यात्व, अज्ञान और अविरति) का यह उपयोग “मैं धर्मास्तिकाय आदि हूँ” ऐसा आत्मविकल्प करता है, इसलिए आत्मा उस उपयोग रूप अपने भाव का कर्ता होता है।

Due to the influence of wrong faith, ignorance and non-restraint, the soul believes “I am dharma etc.” and thus becomes the doer of that mode of consciousness.

एवं पराणि दव्वाणि अप्पयं कुणदि मंदबुद्धिओ।
अप्पाणं अवि य परं करेदि अण्णाणभावेण॥९६॥

एवं पराणि द्रव्याणि आत्मानं करोति मंदबुद्धिस्तु।
आत्मानमपि च परं करोति अज्ञानभावेन॥९६॥

पर द्रव्य को स्व समझे, मंदबुद्धि पहचान।
स्व को पर द्रव्य समझे, जीव करे अज्ञान॥३.२८.९६॥

इस प्रकार मंदबुद्धि जीव अज्ञान भाव से पर द्रव्यों को आत्मा मानता है और आत्मा को भी पर द्रव्य के रूप में मानता है।

Thus, the ignorant soul with deluded intellect regards non-self substances as self and the self as non-self.

एदेण दु सो कत्ता आदा णिच्छयविदूहिं परिकहिदो।
एवं खलु जो जाणदि सो मुंचदि सव्वकत्तित्तं॥९७॥

एतेन तु स कर्तात्मा निश्चयविभ्दि: परिकथित:।
एवं खलु यो जानाति सो मुञ्चति सर्वकर्तृत्वम्॥९७॥

निश्चय से कर्ता कहे, यह सब कारण जान।
यह अंतर जो जानता, मुक्त कर्म सब मान॥३.२९.९७॥

पूर्वोक्त कारणों से, निश्चयज्ञानियों द्वारा आत्मा को कर्ता कहा गया है। जो इस भेद को जानता है वह समस्त कर्तृत्व भाव को त्याग देता है।

Because of the aforesaid reasons, the soul is described as doer by the real knowers. But one who truly understands this distinction gives up all sense of doership.

ववहारेण दु आदा करेदि घडपडरधाणि दव्वाणि।
करणाणि य कम्माणि य णोकम्माणीह विविहाणी॥९८॥

व्यवहारेण त्वात्मा करोति घटपटरथान् द्रव्याणि।
करणानि च कर्माणि च नोकर्माणीह विविधानि॥९८॥

व्यवहार से जीव करे, घट पट रथ के काम।
इन्द्रियां या कर्म रहे, नोकर्म जीव मुकाम॥३.३०.९८॥

व्यवहारी मानते हैं कि जगत में आत्मा घट पट रथ आदि को, इन्द्रियों को, अनेक प्रकार के क्रोधादि द्रव्य कर्मो को और शारीरादिक नोकर्मो को करता है।

From practical (vyavahar naya) point of view soul is identified as producer of articles such as a pot, a cloth or a chariot besides the sense organs, various type of karmas like anger and the quasi karmic matter (noKarma).

जदि सो परदव्वाणि य करेज्ज णियमेण तम्मओ होज्ज।
जम्हा ण तम्मओ तेण सो ण तेसिं हवदि कत्ता॥९९॥

यदि स परद्रव्याणि च कुर्यान्नियमेन तन्मयो भवेत्।
यस्मान्न तन्मयस्तेन स न तेषां भवति कर्ता॥९९॥

यदि आत्मा पर को करे, परद्रव्यमय हो जाय।
पर ऐसा होता नहीं, परकर्ता न हो पाय॥३.३१.९९॥

यदि आत्मा पर द्रव्यों को करता है तो वह नियम से परद्रव्यमय हो जाता, परन्तु ऐसा नहीं होता, इसलिए आत्मा उनका कर्ता नहीं है।

If the soul were to act upon other substances, it would necessarily become one with them. But since it does not, the soul is not the doer of other substances.

जीवो ण करेदि घडं णेव पडं णेव सेसगे दव्वे।
जोगुवओगा उप्पादगा य तेसिं हवदि कत्ता॥१००॥

जीवो न करोति घटं नैव पटं नैव शेषकानि द्रव्याणि।
योगोपयोगावुत्पादकौ च तयोर्भवति कर्ता॥१००॥

घट पट आदि करे नही, जीव का नही काम।
योग उपयोग जीव के, निमित्त जीव के नाम॥३.३२.१००॥

जीव घट को नहीं करता, पट को नहीं करता और न ही अन्य शेष द्रव्यों को करता है; परन्तु उसके योग और उपयोग इनके उत्पन्न करने के निमित्त होते हैं, इस कारण से वह उनका कर्ता कहलाता है।

The soul does not create pot, cloth or any other external substances, but its activity and manifestation (yoga and upyoga) serve as instrumental causes, hence the soul is said to be their doer.

जे पोग्गलदव्वाणं परिणामा होंति णाणआवरणा।
ण करेदि ताणि आदा जो जाणदि सो हवदि णाणी॥१०१॥

ये पुद्गलद्रव्याणां परिणामा भवन्ति ज्ञानावरणानि।
न करोति तान्यात्मा यो जानाति स भवति ज्ञानी॥१०१॥

ज्ञानावरणादि कर्म है, पुद्गलद्रव्य परिणाम।
आत्मा यह करता नहीं, जाने ज्ञानी नाम॥३.३३.१०१॥

ज्ञानावरण आदि जो पुद्गलद्रव्यों के परिणाम होते हैं, उन्हें आत्मा नहीं करता, परन्तु जो आत्मा उन्हें जानता है वही ज्ञानी होता है।

The karmas like knowledge-obscuring are transformations of physical (karmic) matter. The soul does not produce them, but the one who knows them is the true knower.

जं भावं सुहमसुहं करेदि आदा स तस्स खलु कत्ता।
तं तस्स होदि कम्मं सो तस्स दु वेदगो अप्पा॥१०२॥

यं भावं शुभमशुभं करोत्यात्मा स तस्य खलु कर्ता।
तत्तस्य भवति कर्म स तस्य तु वेदक आत्मा॥१०२॥

शुभ या अशुभ भाव करे, आत्मा करता भाव।
भाव ही उसका कर्म है, भोक्ता आत्म प्रभाव॥३.३४.१०२॥

आत्मा जिस शुभ या अशुभ भाव को करता है उस भाव का वह वास्तव मे कर्ता होता है, वह भाव उसका कर्म होता है और वह आत्मा उस भावरूप कर्म का भोक्ता होता है।

Whatever psychic disposition, virtuous or wicked, the Self engages in, he is definitely the author of the disposition. The disposition becomes his karma and he is the enjoyer of the fruits of this psycho-physical karmic matter (bhâv karma).

जो जम्हि गुणे दव्वे सो अण्णम्हि दु ण संकमदि दव्वे।
सो अण्णमसंकंतो कह तं परिणामए दव्वं॥१०३॥

यो यस्मिन् गुणे द्रव्ये सोऽन्यस्मिंस्तु न संक्रामति द्रव्ये।
सोऽन्यदसंक्रान्त: कथं तत्परिणामयति द्रव्यं॥१०३॥

द्रव्य अपने गुण रहे, मिलती ना 'पर' जान।
अन्य से जब मिलती नहीं, परिणमन क्यों मान॥३.३५.१०३॥

जो द्रव्य जिस गुण में स्थित है वह अन्य द्रव्य में संक्रांति नहीं करता, जब वह अन्य में संक्रांत नहीं होता तो फिर वह अन्य द्रव्य को कैसे परिणमित कर सकता है?

The substance which remains confined to its own qualities and does not transmit into other substances — how can it then cause transformation in another substance?

दव्वगुणस्स य आदा ण कुणदि पोग्गलमयम्हि कम्मम्हि।
तं उभयमकुव्वंतो तम्हि कहं तस्स सो कत्ता॥१०४॥

द्रव्यगुणस्य चात्मा न करोति पुद्गलमये कर्मणि।
तदुभयमकुर्वंस्तस्मिन्कथं तस्य स कर्ता॥१०४॥

अन्य द्रव्य गुण ना करे, पुद्गल का क्यों काम।
दोनों अपने में रहे, कर्ता का क्यूँ नाम॥३.३६.१०४॥

आत्मा पुद्गलमय कर्म में द्रव्य तथा गुण का निर्माण नहीं करता; जब वह इन दोनों को नहीं करता, तो वह उस कर्म का कर्ता कैसे हो सकता है?

The soul does not create either the matter or the quality of the karmic substance. Since it does not create either, how can it be called the doer of that karmic matter?

जीवम्हि हदुभूदे बंधस्स दु पस्सिदूणपरिणामं।
जीवेण कदं कम्मं भण्णदि उवयारमेत्तेण॥१०५॥

जीवे हेतुभूते बन्धस्य तु दृष्ट्वा परिणामम्।
जीवेन कृतं कर्म भण्यते उपचारमात्रेण॥१०५॥

जीव निमित्त बंध लगे, दृष्टिगोचर परिणाम।
जीव ने ही कर्म किया, व्यवहार का काम॥३.३७.१०५॥

जीव के निमित्त बनने पर बंध का परिणाम दृष्टिगोचर होने से “जीव ने कर्म किया” ऐसा केवल व्यवहार से कहा जाता है।

Since soul is the instrumental cause and bondage is seen to follow, it is conventionally said that soul has performed the karma.

जोधेहिं कदे जुद्धे राएण कदं ति जंपदे लोगो।
ववहारेण तह कदं णाणावरणादि जीवेण॥१०६॥

योधै: कृते युद्धे राज्ञा कृतमिति जल्पते लोक:।
व्यवहारेण तथा कृतं ज्ञानावरणादि जीवेन॥१०६॥

योद्धा करते युद्ध है, होता राजा नाम।
कर्म किये है जीव ने, व्यवहार का काम॥३.३८.१०६॥

योद्धाओं द्वारा युद्ध किये जाने पर भी लोक में यह कहा जाता है कि "राजा ने युद्ध किया", वैसे ही व्यवहार से ज्ञानावरण आदि कर्म जीव द्वारा किये गये कहे जाते हैं।

Although the warriors fight the war, people say that the king has fought. In the same way, knowledge-obscuring etc karmas are attributed to the soul from empirical view.

उप्पादेदि करेदि य बंधदि परिणामएदि गिण्हदि य।
आदा पोग्गलदव्वं ववहारणयस्स वत्तव्वं॥१०७॥

उत्पादयति करोति च बध्नाति परिणामयति गृह्णाति च।
आत्मा पुद्गलद्रव्यं व्यवहारनयस्य वक्तव्यम्॥१०७॥

उत्पन्न, करता बाँधता, ग्रहण, परिणमित काम।
व्यवहारनय का कथन, आत्मा का हो नाम॥३.३९.१०७॥

व्यवहार नय से यह कहा जाता है कि आत्मा पुद्गल द्रव्य को उत्पन्न करता है, करता है, बांधता है, परिणमित करता है और ग्रहण करता है।

From the empirical point of view, the soul is said to produce, act upon, bind, modify, and receive the physical karmic matter.

That the soul originates, produces, binds, changes the modes, and assimilates the karmic matter is said from the empirical point of view (vyavahâra naya).

जह राया ववहारा दोसगुणुप्पादगो त्ति आलविदो।
तह जीवो ववहारा दव्वगुणुप्पादगो भणिदो॥१०८॥

यथा राजा व्यवहारात् दोषगुणोत्पादक इत्यालपितः।
तथा जीवो व्यवहारात् द्रव्यगुणोत्पादक भणितः॥१०८॥

प्रजा के गुण दोष का, राजा ज़िम्मेदार।
हो गुण उत्पन्न पुद्गल के, आत्मा का व्यवहार॥३.४०.१०८॥

जैसे व्यवहार में राजा को प्रजा के दोष और गुणों का उत्पन्न करने वाला कहा जाता है, वैसे ही व्यवहार नय से जीव को पुद्गल द्रव्य के गुणों का उत्पादक कहा गया है।

Just as the king is conventionally regarded as the cause of virtues and vices in his subjects, similarly, from the practical point of view, the soul is said to be the producer of the substance and qualities of physical matter.

सामण्णपच्चया खलु चउरो भण्णंति बंधकत्तारो।
मिच्छत्तं अविरमणं कसायजोगा य बोद्धव्वा॥१०९॥
तेसि पुणो वि य इमो भणिदो भेदो दु तेरसवियप्पो।
मिच्छादिट्ठीआदी जाव सजोगिस्स चरमंतं॥११०॥
एदे अचेदणा खलु पोग्गलकम्मुदयसंभवा जम्हा।
ते जदि करेंति कम्मं ण वि तेसिं वेदगो आदा॥१११॥
गुणसण्णिदा दु एदे कम्मं कुव्वंति पच्चया जम्हा।
तम्हा जीवोऽकत्ता गुणा य कुव्वंति कम्माणि॥११२॥

सामान्यप्रत्यया: खलु चत्वारो भण्यन्ते बन्धकर्तार:।
मिथ्यात्वमविरणं कषाययोगौ च बोद्धव्या:॥१०९॥
तेषां पुनरपि चायं भणितो भेदस्तु त्रयोदशविकल्प:।
मिथ्यादृष्ट्यादि: यावत् सयोगिनश्चरमान्त:॥११०॥
एते अचेतना: खलु पुद्गलकर्मोदयसम्भवा यस्मात्।
ते यदि कुर्वन्ति कर्म नापि तेषां वेदक आत्मा॥१११॥
गुणसंज्ञितास्तु एते कर्म कुर्वन्ति प्रत्यया यस्मात्।
तस्माज्जीवोऽकर्ता गुणाश्च कुर्वन्ति कर्माणि॥११२॥

बंध कर्ता सामान्य से, निश्चय कहता चार।
मिथ्यात्व व अविरति भी, योग कषाय विचार॥३.४१.१०९॥

भेदरुप इनका करते, कर्ता तेरह जान।
मिथ्यात्व-सयोगकेवली, है तेरह गुणस्थान॥३.४२.११०॥

है अचेतन निश्चय से, पुद्गल कर्म गुणस्थान।
कर्म वे भले ही करे, जीव न भोक्ता जान॥३.४३.१११॥

कर्म है करते इस तरह, कर्म के गुणस्थान।
कर्म अकर्ता जीव है, गुण को कर्ता जान॥३.४४.११२॥

निश्चय से बंध के कर्ता चार सामान्य प्रत्यय कहे जाते है। मिथ्यात्व, अविरमण, कषाय और योग जानना। और फिर उनका १३ प्रकार आदि का भेद कहा गया है। मिथ्यात्व गुणस्थान से सयोगकेवली के चरम समय पर्यन्त तक। ये प्रत्यय अथवा गुणस्थान अचेतन है क्योकि पुद्गलद्रव्य कर्म के उदय से उत्पन्न होते है। यदि कर्म करते हैं तो करे उनका भोक्ता आत्मा नहीं है। क्योंकि ये गुण नामक प्रत्यय कर्म करते है तो जीव कर्मों का कर्ता कैसे हुआ? गुण ही कर्मों के कर्ता है।

In reality, four primary conditions of influx of karmas are said to be the causal agents bringing about karmic bondage. These must be understood to be wrong belief (mithyâtva), non- abstinence (avirati), gross passions (kaoâya),

and actions of the body, the organ of speech and the mind (yoga). These have been further subdivided into thirteen secondary conditions. The thirteen conditions exist, to different extent, in various stages of spiritual development (guòasthâna), from 'misbeliever' (mithyâdrioti) to 'omniscience with vibration' (sayogakevali).

These conditions of influx of karmas resulting into bondages, like wrong belief etc., are, in reality, non-conscious (achetana) because they are brought about by the rise of the karmic matter. If these result into karmas, then the Self cannot be the enjoyer of the fruits thereof. Because the conditions called guòasthâna produce karmas, therefore, from the pure point of view, the Self is not the producer of karmas, and only the conditions called guòasthâna produce karmas.

यह जीवस्स अणण्णुवओगो कोहो वि तह जदि अणण्णो।
जीवस्साजीवस्स य एवमणण्णत्तमावण्णं॥११३॥
एवमिह जो दु जीवो सो चेव दु णियमदो तहाऽजीवो।
अयमेयत्ते दोसो पच्चयणोकम्मकम्माणं॥११४॥
अह दे अण्णो कोहो अण्णुवओगप्पगो हवदि चेदा।
जह कोहो तह पच्चय कम्मं णोकम्ममवि अण्णं॥११५॥

यथा जीवस्यानन्य उपयोग: क्रोधोऽपि तथा यद्यनन्य:।
जीवस्याजीवस्य चैवमनन्यत्वमापन्नम्॥११३॥
एवमिह यस्तु जीव: स चैव तु नियमतस्तथाऽजीव:।
अयमेकत्वे दोष: प्रत्ययनोकर्मकर्मणाम्॥११४॥
अथ ते अन्य: क्रोधोऽन्य: उपयोगात्मको भवति चेतयिता।
यथा क्रोधस्तथा प्रत्यया: कर्म नोकर्माप्यन्यत्॥११५॥

जीव-उपयोग अभिन्न है, क्रोध-जीव अनन्य।
जीव-अजीव हो एकरूप, दोषपूर्ण हो जीव॥३.४५.११३॥

इस तरह तो जीव भी, हो नियम से अजीव।
प्रत्यय कर्म नोकर्म भी, एकरूप होवे जीव॥३.४६.११४॥

जैसे क्रोध अन्य है, अन्य भी है उपयोग।
प्रत्यय कर्म नोकर्म भी, अन्य जीव ना योग॥३.४७.११५॥

जैसे जीव के उपयोग अनन्य अर्थात् एकरूप है उसी प्रकार क्रोधादि भी अनन्य हो तो जीव के और अजीव के अनन्यत्व आ गया। और ऐसा होने पर इस जगत मे जो जीव है वही नियम से उसी प्रकार अजीव सिद्ध हुआ (दोनो के अनन्यत्व होने से यह दोष आया। प्रत्यय, नोकर्म और कर्म के एकत्व अर्थात् अनन्यत्व मे भी यही दोष आता है।अब यदि तेरे मत मे क्रोध अन्य है और उपयोगस्वरुप आत्मा अन्य है तो जैसे क्रोध वैसे ही प्रत्यय, कर्म और नोकर्म भी आत्मा से अन्य ही है।

Knowledge- and perception-consciousness is inseparable from the Self; however, if we consider anger too as inseparable from the Self, then soul and non-soul will get amalgamated into one entity. This hypothesis will entail that all souls in this world will surely become non-soul too. Same misleading notion prevails if we consider karmic conditions, karmic matter, and quasi-karmic matter to be inseparable from the Self. Therefore, to dispel this misleading notion, as we regard anger to be distinct from the conscious Self, similarly, regard karmic conditions, karmic matter, and quasi-karmic matter also to be distinct from the conscious Self.

जीवे ण सयं बद्धं ण सयं परिणमदि कम्मभावेण।
जदि पोग्गलदव्वमिणं अप्परिणामी तदा होदि॥११६॥
कम्मइयवग्गणासु य अपरिणमंतीसु कम्मभावेण।
संसारस्स अभावो पसज्जदे संखसमओ वा॥११७॥
जीवो परिणामयदे पोग्गलदव्वाणि कम्मभावेण।
ते सयमपरिणमंते कहं णु परिणामयदि चेदा ॥११८॥
अह सयमेव हि परिणमदि कम्मभावेण पोग्गलं दव्वं।
जीवो परिणामयदे कम्मं कम्मत्तमिदि मिच्छा ॥११९॥
णियमा कम्मपरिणदं कम्मं चिय होदि पोग्गलं दव्वं।
तह तं णाणावरणाइपरिणदं मुणसु तच्चेव॥१२०॥

जीवे न स्वयं बद्धं न स्वयं परिणमते कर्मभावेन।
यदि पुद्गलद्रव्यमिदमपरिणामि तदा भवति॥११६॥
कार्मणवर्गणासु चापरिणाममानासु कर्मभावेन।
संसारस्याभाव: प्रसजति सांख्यसमयो वा॥११७॥
जीव: परिणामयति पुद्गलद्रव्याणि कर्मभावेन।
तानि स्वयमपरिणाममानानि कथं नु परिणामयति चेतयिता ॥११८॥
अथ स्वयमेव हि परिणमते कर्मभावेन पुद्गलं द्रव्यम्।
जीव: परिणामयति कर्म कर्मत्वमिति मिथ्या॥११९॥
नियमात्कर्मपरिणतं कर्म चैव भवति पुद्गलं द्रव्यं ।
तथा तद्ज्ञानावरणादिपरिणतं जानीत तच्चैव॥१२०॥

पुद्गलद्रव्य न स्वयं बंधे, ना परिणमता मान।
अपरिणामी सिद्ध हुआ, पुद्गलद्रव्य तु जान॥३.४८.११६॥

और कार्मणवर्गणा, न परिणमन कर्मभाव।
सांख्यमत जो मानता, संसार का अभाव॥३.४९.११७॥

परिणमाता जीव यदि, पुद्गलद्रव्य कर्मभाव।
स्व न परिणमति वर्गणा, चेतन क्युँकर धाव॥३.५०.११८॥

स्वयं ही जो परिणमता, पुद्गलद्रव्य कर्मभाव।
परिणमाता जीव पुद्गल, कथन मिथ्या भाव॥३.५१.११९॥

कर्म परिणमित पुद्गलद्रव्य, कर्म ही इसको मान।
ज्ञानावरणादि परिणमित, पुद्गलद्रव्य ही जान॥३.५२.१२०॥

यह पुद्गलद्रव्य जीव में स्वयं नहीं बंधा और कर्मभाव से स्वयं नहीं परिणमता, यदि ऐसा माना जाये तो वह अपरिणामी सिद्ध होता है।

और कार्मणवर्गणाएँ कर्म भाव से नहीं परिणमती होने से संसार का अभाव सिद्ध होता है अथवा सांख्यमत का प्रसंग आता है। और जीव पुद्गलद्रव्यो को कर्मभाव से परिणामता है ऐसा माना जाय तो यह प्रश्न होता है कि स्वयं नहीं परिणमती हुई उन वर्गणाओं को चेतन आत्मा कैसे परिणमन करा सकता है? अथवा यदि पुद्गलद्रव्य अपने आप ही कर्मभाव से परिणमन करता है ऐसा माना जाय तो जीव कर्म को अथवा पुद्गलद्रव्य को कर्मरूप परिणमन कराता है यह कथन मिथ्या सिद्ध होता है। इसलिये जैसे नियम से कर्मरूप परिणमित पुद्गलद्रव्य कर्म ही है इसी प्रकार ज्ञानावरणादिरूप परिणमित पुद्गलद्रव्य ज्ञानावरणादि ही है ऐसा जानो।

If you believe that physical matter does not get bound to the Self on its own accord, nor does it evolve into modes of karma on its own accord, then, it becomes immutable. Or else, if you believe that the karmic molecules (vargaòâ) do not get transformed into various karmic modes, then this belief will lead to non-existence of the worldly state of the soul (saÉsâra), identical with the system.

If you maintain that the Self transforms the karmic molecules into various karmic modes, then how can the Self cause transformation in a substance that, by nature, is immutable? Or else, if you believe that the physical matter, on its own accord, transforms into various modes of karmas, then it will be false to say that jîva causes transformation of karmic matter into karmic modes. Therefore, in reality, just as the karmic molecules which get transformed into various karmic modes are material substance, in the same way, karmic modifications like knowledge-obscuring karmas etc., are mutated states of the karmic substance.

ण सयं बद्धो कम्मे ण सयं परिणमदि कोहमादिहिं।
जदि एस तुज्झ जीवो अप्परिणामी तदा होदि॥१२१॥

अपरिणमंतम्हि सयं जीवे कोहादिएहिं भावेहिं ।
संसारस्स अभावो पसज्जदे संखसमओ वा॥१२२॥

पोग्गलकम्मं कोहो जीवं परिणामएदि कोहत्तं।
तं सयमपरिणमंतं कहं णु परिणामयदि कोहो॥१२३॥

अह समयप्पा परिणमदि कोहभावेण एस दे बुद्धि।
कोहो परिणामयदे जीवं कोहत्तमिदि मिच्छा ॥१२४॥

कोहिवजुत्तो कोहो माणुवजुत्तो य माणमेवादा।
माउवजुत्तो माया लोहुवजुत्तो हवदि लोहो ॥१२५॥

न स्वयं बद्ध: कर्मणि न स्वयं परिणमते क्रोधादिभि:।
यद्येष: तव जीवोपरिणामी तदा भवति॥१२१॥

अपरिणममाने स्वयं जीवे क्रोधादिभि: भावै:।
संसारस्याभाव: प्रसजति सांख्यसमयो वा ॥१२२॥

पुद्गलकर्म क्रोधों जीवं परिणामयति क्रोधत्वम्।
तं स्वयमपरिणममानं कथं नु परिणामयति क्रोध:॥१२३॥

अथ स्वयमात्मा परिणमते क्रोधभावेन एषा ते बुद्धि:।
क्रोध: परिणामयति जीवं क्रोधत्वमिति मिथ्या॥१२४॥

क्रोधोपयुक्त: क्रोधों मानोपयुक्तकश्च: मान एवात्मा ।
मायोपयुक्तो माया लोभोपयुक्तो भवति लोभ:॥१२५॥

स्वयं कर्म में बंधे नहीं, न क्रोध परिणत भाव।
ऐसी मिथ्या सिद्ध करे, अपरिणामी स्वभाव॥३.५३.१२१॥

जीव स्व परिणमे नहीं, क्रोधादि के भाव।
सांख्यमत की सिद्धि हो, जग का होय अभाव॥३.५४.१२२॥

क्रोधादि तो पुद्गल है, जो परिणमाय जीव।
जो स्वयं परिणमें नहीं, कैसे घुमाय जीव॥३.५५.१२३॥

यदि स्वयं जीव परिणमे, क्रोधादि के भाव।
क्रोध घुमाये सत्य नहीं, सिद्ध हुआ स्वभाव॥३.५६.१२४॥

क्रोध लिप्त है क्रोध ही, मान युक्त है मान।
लोभ व माया लिप्त हो, आत्मा वैसी जान॥३.५७.१२५॥

यदि तेरा यह मत है कि जीव कर्म में स्वयं नहीं बंधा और क्रोधादिभाव से स्वयं नहीं परिणमता तो वह जीव अपरिणामी सिद्ध होता है और जीव स्वयं क्रोधादिभावरुप नहीं परिणमता होने से संसार का अभाव सिद्ध होता है।

और यदि तू ऐसा मानता है कि पुद्गलकर्म जो क्रोध है वो जीव को क्रोधरुप परिणमन कराता है तो स्वयं नहीं परिणमते जीव को क्रोध कैसे परिणमन करा सकता है? यदि आत्मा अपने आप क्रोधभाव से परिणमता है तो क्रोध जीव को क्रोधरुप परिणमन कराता है यह कथन मिथ्या सिद्ध हुआ।

इसलिये सिद्धान्त यह है कि क्रोध में उपयुक्त आत्मा क्रोध ही है, मान में उपयुक्त आत्मा मान ही है, माया में उपयुक्त आत्मा माया है और लोभ में उपयुक्त आत्मा लोभ है।

(Addressing the disciple of the SâÉkhya philosophy, the Âchârya says –) If you believe that the soul by itself is not bound by karmas, and that it does not have emotional modifications like anger, then it must, by nature, remain non-manifesting. And if the soul does not have emotional modifications like anger, then empirical life (saÉsâra) will cease to be, akin to the SâÉkhya faith.

If you maintain that karmic matter like anger, by its own, causes emotional modifications (like anger etc.) in the soul, then how is it possible for the karmic matter, like anger, to cause modification in the soul which, by nature, is immutable?

If you believe that the soul undergoes emotional modification of anger on its own accord, then it will be false to say that the karmic matter of anger causes emotional modification (of anger) in the soul.

(Therefore, it follows that–) The soul which manifests its consciousness in the psychic state of anger is anger itself; the soul which manifests its consciousness in the psychic state of pride is pride itself; the soul which manifests its consciousness in the psychic state of deceitfulness is deceitfulness itself; and the soul which manifests its consciousness in the psychic state of greed is greed itself.

जं कुणदि भावमादा कत्ता सो होदि तस्स कम्मस्स
णाणिस्स दु णाणमओ अण्णाणमओ अणाणिस्स॥१२६॥

यं करोति भावमात्मा कर्ता स भवति तस्य कर्मणः।
ज्ञानिनः स ज्ञानमयोऽज्ञानमयोऽज्ञानिनः॥१२६॥

जो भाव आत्मा करे, कर्ता उसको जान।
ज्ञानी तो हो ज्ञानमय, अज्ञानी हो अज्ञान॥३.५८.१२६॥

आत्मा जिस भाव को करता है, वह उस भावरूप कर्म का कर्ता होता है। ज्ञानी के लिए वह भाव ज्ञानमय होता है और अज्ञानी के लिए अज्ञानमय।

Whatever mode the soul adopts, it becomes the doer of that karmic disposition. For the knower, the disposition is full of knowledge; for the ignorant, it is full of ignorance.

अण्णाणमओ भावो अण्णाणिणो कुणदि तेण कम्माणि।
णाणमओ णाणिस्स दु ण कुणदि तम्हा दु कम्माणि॥१२७॥

अज्ञानमयो भावोऽज्ञानिनः करोति तेन कर्माणि।
ज्ञानमयो ज्ञानिनस्तु न करोति तस्मात्तु कर्माणि॥१२७॥

कर्म से अज्ञानी करे, अज्ञानमय है भाव।
ज्ञानी कर्म को न करे, है ज्ञानमय स्वभाव॥३.५९.१२७॥

अज्ञानी के अज्ञानमय भाव होते हैं इसलिए वह कर्म करता है। ज्ञानी के ज्ञानमय भाव होते हैं, इसलिए वह कर्म नहीं करता।

The ignorant performs karma due to the disposition of unawareness, whereas the wise does not perform karma, as his disposition is filled with knowledge.

णाणमया भावाओ णाणमओ चेव जायदे भावो।
जम्हा तम्हा णाणिस्स सव्वे भावा हुणाणमया॥१२८॥
अण्णाणमया भावा अण्णाणो चेव जायदे भावो।
जम्हा तम्हा भावा अण्णाणमया अणाणिस्स॥१२९॥

ज्ञानमयाद्भावात् ज्ञानमयश्चैव जायते भावः।
यस्मात् तस्मात् ज्ञानिनः सर्वे भावाः खलु ज्ञानमयाः॥१२८॥
अज्ञानमयाद्भावाद् अज्ञानश्चैव जायते भावः।
यस्मात् तस्मात् भावाः अज्ञानमयाः अज्ञानिनः॥१२९॥

भाव ज्ञानमय हो उत्पन्न, जब ज्ञानमय स्वभाव।
इसीलिए सब ज्ञान है, ज्ञानी जानन भाव॥३.६०.१२८॥

भाव अज्ञानमय उपजे, अज्ञानमय स्वभाव।
अज्ञानी के अज्ञान है, अज्ञान लिप्त सब भाव॥३.६१.१२९॥

क्योंकि ज्ञानमय भावों से ज्ञानमय भाव ही उत्पन्न होता है, इसलिए ज्ञानी के सभी भाव ज्ञानमय होते हैं।[SEP]और अज्ञानमय भावों से अज्ञानमय भाव ही उत्पन्न होता है, इसलिए अज्ञानी के सभी भाव अज्ञानमय होते हैं।

From knowledge-oriented disposition arises knowledge again; hence all manifestations of a wise soul are filled with knowledge.
[SEP]From ignorance-oriented disposition arises ignorance only; hence all manifestations of an ignorant soul are filled with ignorance.

कणयमया भावादो जायंते कुण्डलादओ भावा।
अयमयया भावादो जह जायंते दु कडयादी॥१३०॥
अण्णाणमया भावा अण्णाणिणो बहुविहा वि जायंते।
णाणिस्स दु णाणमया सव्वे भावा तहा होंति॥१३१॥

कनकमयाद्भावाज्जायन्ते कुण्डलादयो भावाः।
अयोमयकाद्भावाद्यथा जायन्ते कटकादयः॥१३०॥
अज्ञानमया भावा अज्ञानिनो बहुविधा अपि जायन्ते।
ज्ञानिनस्तु ज्ञानमयाः सर्वे भावास्तथा भवन्ति॥१३१॥

भाव जब हो स्वर्ण के, उपजे कुण्डल भाव।
भाव जब हो लोह के, होय कठोर स्वभाव॥३.६२.१३०॥

अज्ञानी के उसी तरह, अज्ञानमय हो भाव।
ज्ञानी के हो ज्ञानमय, जब ज्ञान ही स्वभाव॥३.६३.१३१॥

जैसे स्वर्णमय भाव से कुण्डलादि स्वर्णमय भाव उत्पन्न होते हैं, और लोहमय भाव से कड़ा आदि लोहमय भाव उत्पन्न होते हैं, उसी प्रकार अज्ञानी के अज्ञानमय भाव अनेक प्रकार से उत्पन्न होते हैं और ज्ञानी के समस्त भाव ज्ञानमय होते हैं।

As from a golden base come golden ornaments and from iron arise iron articles, similarly from the ignorant arise manifold forms of ignorance, while the knower's every disposition is of the nature of knowledge.

अण्णाणस्य स उदओ जा जीवाणां अतच्चउवलद्धी।
मिच्छत्तस्स दु उदओ जीवस्स असद्दहाणत्तं॥१३२॥
उदओ असंजमस्स दु जं जीवाणां हवेइ अविरमणं।
जो दु कलुसोवओगो जीवाणां सो कसाउदओ॥१३३॥
तं जाण जोगउदयं जो जीवाणां तु चिट्ठउच्छाहो।
सोहणमसोहणं वा कायव्वो विरदिभावो वा॥१३४॥
एदेसु हेदुभूदेसु कम्मइयवग्गणागदं जं तु।
परिणमदे अट्ठविहं णाणावरणादिभावेहिं॥१३५॥
तं खलु जीवणिबद्धं कम्मइयवग्गणागदं जइया।
तइया दु होदि हेदू जीवो परिणामभावाणं॥१३६॥

अज्ञानस्य स उदयो या जीवानामतत्त्वोपलब्धिः।
मिथ्यात्वस्य तूदयो जीवस्याश्रद्दधानत्वम्॥१३२॥

उदयोऽसंयमस्य तु यज्जीवानां भवेदविरणम्।
यस्तु कलुषोपयोगो जीवानां स कषायोदयः॥१३३॥

तं जानीहि योगोदयं यो जीवानां तु चेष्टोत्साहः।
शोभनोऽशोभनो वा कर्तव्यो विरतिभावो वा॥१३४॥

एतेषु हेतुभूतेषु कार्मणवर्गणागतं यत्तु।
परिणमतेऽष्टविधं ज्ञानावरणादिभावैः॥१३५॥

तत्खलु जीवनिबद्धं कार्मणवर्गणागतं यदा।
तदा तु भवति हेतुर्जीवः परिणामभावानाम्॥१३६॥

तत्त्वका अज्ञान जीव को, उदय समझो अज्ञान।
मिथ्यात्व का जब हो उदय, जीव नहीं श्रद्धान॥३.६४.१३२॥

असंयम का जब हो उदय, भाव नहीं हो त्याग।
मलिन उपयोग जीव का, उदय कषाय व राग॥३.६५.१३३॥

योग का जब रहे उदय, चेष्टा का उत्साह।
भाव प्रवृत्ति निवृत्ति हो, शुभ अशुभ की राह॥३.६६.१३४॥

उदय जब हेतुभूत हो, कार्मणवर्गणा मान।
आठ तरह से परिणमे, ज्ञानावर्णादि जान॥३.६७.१३५॥

तब जीव का बंधन हो, कार्मणवर्गणा जान।
तब परिणाम हेतु बने, रहते भाव अज्ञान॥३.६८.१३६॥

जीवों के जो तत्त्व का अज्ञान है वह अज्ञान का उदय है, और जीव का जो अश्रद्धान है वह मिथ्यात्व का उदय है।जो अत्यागभाव है वह असंयम का उदय है, और मलिन उपयोग कषाय का उदय है।जो शुभ या अशुभ प्रवृत्ति या निवृत्तिरूप चेष्टा है, वह योग का उदय है।जब ये सब कारणरूप होते हैं, तब पुद्गलद्रव्य (कर्मवर्गणा) आठ प्रकार से—ज्ञानावरण आदि रूप में परिणमते हैं।ऐसी अवस्था में वे कर्मवर्गणाएं जीव में बंधती हैं, तब जीव इन परिणाम रूप कर्मों का हेतु होता है।

Ignorance about reality is the rise of *ajñāna* (ignorance), Lack of faith is the rise of *mithyātva* (false belief). Non-restraint is the result of avirati (absence of renunciation), Polluted consciousness is due to rise of passions (*kaṣāya*).[SEP]The activity of body, speech, and mind—whether virtuous or non-virtuous—is due to the rise of *yoga*. Due to these causal factors, the karmic matter transforms into eight kinds of karmas such as knowledge-obscuring etc. At that point, karmic bondage happens, and the ignorant soul becomes the cause of these transformations.

जदि जीवस्स सह एव पउग्गलदव्वस्स कम्मपरिणामो।
एवं पउग्गलजीवाउ खु दुमा अपि कम्मत्तमागम्या॥१३७॥
एकस्स तु परिणामो पउग्गलदव्वस्स कम्मभावेण।
तं जीवभावहेतूभिओ विणा कम्मस्स परिणामो॥१३८॥

यदि जीवेन सह चैव पुद्गलद्रव्यस्य कर्मपरिणामः।
एवं पुद्गलजीवौ खलु द्वावपि कर्मत्वमापन्नौ॥१३७॥
एकस्य तु परिणामः पुद्गलद्रव्यस्य कर्मभावेन।
तज्जीवभावहेतुभिर्विना कर्मणः परिणामः॥१३८॥

यदि पुद्गल जीव संग करे, कर्मरुप परिणाम।
कर्मरुप को प्राप्त हो, दोनो के परिणाम॥३.६९.१३७॥
पुद्गल ही परिणमन करे, होता कर्म का भाव।
जीव रहता अलग थलग, निमित्त नहीं स्वभाव॥३.७०.१३८॥

यदि पुद्गलद्रव्य का जीव के साथ मिलकर कर्मरूप परिणाम होता है तो पुद्गल और जीव दोनों ही कर्म स्वरूप हो जायेंगे।परन्तु वास्तव में कर्म स्वरूप परिणाम तो केवल पुद्गलद्रव्य के ही होते हैं; जीवभावरूप कारणों से रहित होते हुए भी कर्म का परिणाम होता है।

If karmic transformation occurs jointly through soul and matter, then both will be considered to possess karmic nature.But in truth, the karmic transformation pertains only to matter, independent of any transformation in the soul.

जीवस्स दु कम्मेण य सह परिणामा हु होंति रागादि।
एवं जीवो कम्मं च दो वि रागादिमावण्णा॥१३९॥
एक्कस्स दु परिणामो जायदि जीवस्स रागमादीहिं।
ता कम्मोदयहेदूहिं विणा जीवस्स परिणामो॥१४०॥

जीवस्य तु कर्मणा च सह परिणामाः खलु भवन्ति रागादयः।
एवं जीवः कर्म च द्वे अपि रागादित्वमापन्ने॥१३९॥
एकस्य तु परिणामो जायते जीवस्य रागादिभिः।
तत्कर्मोदयहेतुभिर्विना जीवस्य परिणामः॥१४०॥

यदि जीव कर्म संग करे, राग आदि परिणाम।
दोनो मिलकर राग हो, जीव कर्म का नाम॥३.७१.१३९॥
पर राग भाव तो जीव के, कर्म के नहीं भाव।
निमित्त भी नहीं काम है, जीव रहे स्वभाव॥३.७२.१४०॥

यदि जीव और कर्म दोनों मिलकर रागादि परिणाम करते हैं, तो दोनों ही रागादि रूप हो जायेंगे।परन्तु रागादि परिणाम तो केवल जीव के ही होते हैं, कर्मोदय रूप कारणों से रहित होते हुए भी वे परिणाम होते हैं।

If passions like attachment arise from both the soul and karmic matter, then both will be said to assume the form of attachment. But attachment arises solely in the soul, and not from karmic matter—even without karmic cause, soul alone undergoes such passions.

जीवे कम्मं बद्धं पुट्ठं ववहारणयभणिदं।
सुद्धणयस्स दु जीवे अबद्धपुट्ठं हवदि कम्मं॥१४१॥

जीवे कर्म बद्धं स्पृष्टं चेति व्यवहारनयभणितम्।
शुद्धनयस्य तु जीवे अबद्धस्पृष्टं भवति कर्म॥१४१॥

बद्ध स्पर्शित जीव कर्म माने नय व्यवहार।
जीव-कर्म अबद्ध अस्पर्शित, है शुद्धनय का सार॥३.७३.१४१॥

व्यवहारनय से जीव कर्म के प्रदेशों से बंधा हुआ है तथा स्पर्शित है,और शुद्धनय से जीव से कर्म अबद्ध और अस्पर्शित है।

As per Vyavhar Nay, karmic matter is bonded and touches the soul.As per Nishchay Nay, karmic matter is neither bonded to nor touches the pure soul.

कम्मं बद्धंबद्धं जीवे एवं तु जाण णयपक्खं।
पक्खादिक्कंतो पुण भण्णदि जो सो समयसारो॥१४२॥

कर्म बद्धंबद्धं जीवे एवं तु जानीहि नयपक्षम्।
पक्षातिक्रान्तः पुनर्भणयते यः स समयसारः॥१४२॥

जीव कर्म बद्ध या नहीं, नयपक्ष व्यापार।
पक्षपात से परे रहे, है वही समयसार॥३.७४.१४२॥

जीव में कर्म बद्ध है अथवा अबद्ध है, इस प्रकार तो नयपक्ष जानो;
किन्तु जो पक्षातीत कहलाता है वह ही समयसार है।

**Whether the soul is bonded or unbonded with karma is the matter of viewpoints.
But one who transcends all viewpoints — that alone is *Samaysara*.**

दोण्ह वि णायाण भणिदं जाणदि णवरं तु समयपडिबद्धो।
ण दु णयपक्खं गिण्हदि किंचि वि णयपक्खपरिहीणो॥१४३॥

द्वयोरपि नययौर्भणितं जानाति केवलं तु समयप्रतिबद्धः।
न तु नयपक्षं गृह्णाति किञ्चिदपि नयपक्षपरिहीनः॥१४३॥

जीव जब नयपक्ष रहित, आत्मा का ही ज्ञान।
ग्रहण किंचित ना करे, जाने पक्ष विज्ञान॥३.७५.१४३॥

नयपक्ष से रहित होकर, जो आत्मा अपने चित्स्वरूप का अनुभव करता है वह केवल विभिन्न नयों के कथन को जानता है, परन्तु वह उनमें से किसी भी नयपक्ष को ग्रहण नहीं करता।

One who is established in *Samay* (the pure Self), merely knows both standpoints but accepts none – completely free from partial viewpoints.

सम्मद्दंसणणाणं एसो लहदि त्ति णवरि ववदेसं।
सव्वणयपक्खरहिदो भणिदो जो सो समयसारो॥१४४॥

सम्यग्दर्शनज्ञानमेष लभत इति केवलं व्यपदेशं।
सर्वनयपक्षरहितो भणितो यः स समयसारः॥१४४॥

हो सर्व नय पक्ष रहित, है वही समयसार।
सम्यग्दर्शन ज्ञान कहो, अंतर नहीं विचार॥३.७६.१४४॥

जो सर्व नय पक्षों से रहित कहा गया है वही समयसार है; उसे केवल 'सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञान' की संज्ञा दी गई है, लेकिन वास्तव में इन दोनों में कोई भेद नहीं है।

That which is free from all viewpoints is *Samaysaar*. What is designated as right faith and right knowledge is only a conventional name – essentially, they are one.

4 पुण्य-पाप अधिकार Virtues & Sins

कम्ममसुहं कुसीलं सुहकम्मं चावि जाणहं सुसीलं।
कह तं होदि सुसीलं जं संसारं पवेसेदि॥१४५॥

कर्म अशुभं कुशीलं शुभकर्म चापि जानीथ सुशीलम्।
कथं तद्भवति सुशीलं यत्संसारं प्रवेशयति॥१४५॥

कुशील है कर्म अशुभ, शुभ सुशील सुविचार।
किन्तु कैसे सुशील हो, घुमावे जो संसार॥४.१.१४५॥

अशुभ कर्म कुशील है और शुभ कर्म सुशील है ऐसा तुम जानते हो! किन्तु वह सुशील कैसे हो सकता है जो जीव को संसार में प्रवेश कराता है।

Sins are known to be vicious and virtues as good, but how can that virtue be good which causes the soul to enter the cycle of transmigration?

सोव्वण्णियं पि णियलं बंधदि कालायसं पि जह पुरिसं।
बंधदि एवं जीवं सुहमसुहं वा कदं कम्मं॥१४६॥

सौवर्णिकमपि निगलं बध्नाति कालायसमपि यथा पुरुषम्।
बध्नात्येवं जीवं शुभमशुभं वा कृतं कर्म॥१४६॥

बेड़ी बाँधे जीव को, कंचन हो या लोह।
कर्म शुभ या अशुभ हो, जीव बंधे जब मोह॥४.२.१४६॥

जैसे सोने की बेड़ी भी पुरुष को बाँधती है और लोहे की बेड़ी भी बाँधती है, इसीप्रकार शुभ अथवा अशुभ कर्म भी जीव को बाँधते हैं।

Whether the shackle is made of gold or iron, it still binds a man. In the same way, whether karma is virtuous or wicked, it binds the soul.

तम्हा दु कुसीलेहि य रागं मा कुणह मा व संसग्गं।
साहीणो हि विणासो कुसीलसंसग्गरायेण॥१४७॥

तस्मात्तु कुशीलाभ्यां च रागं मा कुरुत्त मा वा संसर्गम्।
स्वाधीनो हि विनाशः कुशीलसंसर्गरागेण॥१४७॥

दोनो कर्म कुशील है, न कर राग नहीं पास।
जो संग रहा कुशील के, स्वाधीनता विनाश॥४.३.१४७॥

इसलिये इन दोनों कुशीलों (अशुभ और शुभ कर्मों) के साथ राग मत करो और संसर्ग भी मत करो क्योंकि कुशील (कर्म) के साथ संसर्ग और राग करने से आत्मा की स्वाधीनता नष्ट हो जाती है।

Therefore, do not attach or associate with either sinful or virtuous karmas, for attachment to these leads to the destruction of the soul's freedom.

जह णाम को वि पुरिसो कुच्छियसीलं जणं वियाणित्ता।
वज्जेदि तेण समयं संसग्गं रागकरणं च॥१४८॥
एमेव कम्मपयडीसीलसहावं च कुच्छिदं णादुं।
वज्जंति परिहरंति य तस्संसग्गं सहावरदा॥१४९॥

यथा नाम कोऽपि पुरुषः कुत्सितशीलं जनं विज्ञाय।
वर्जयति तेन समकं संसर्गं रागकरणं च॥१४८॥
एवमेव कर्मप्रकृतिशीलस्वभावं च कुत्सितं ज्ञात्वा।
वर्जयन्ति परिहरन्ति च तत्संसर्गं स्वभावरताः॥१४९॥

जैसे कोई सज्जन जन, छोड़े कुशील जान।
ना संग न ही राग करे, जब हो जाता ज्ञान॥४.४.१४८॥
जब स्वभावरत जीव हो, छोड़े संग व राग।
कर्मप्रकृति सुशील हो, तब भी करता त्याग॥४.५.१४९॥

जैसे कोई व्यक्ति जब किसी दुर्गुणयुक्त व्यक्ति को पहचान लेता है तो उसके साथ संसर्ग और राग करना छोड़ देता है। उसी प्रकार जो आत्मा अपने शुद्ध स्वभाव में रत होता है, वह कर्म की प्रकृति—even यदि वह शुभ भी हो—को दोषयुक्त समझकर उसके संग और राग को त्याग देता है।

Just as a person avoids contact and attachment with one known to be of vile character. Likewise, the soul rooted in its own nature discards association and attachment even with virtuous karmas, knowing their nature to be inherently impure.

रत्तो बंधदि कम्मं मुच्चदि जीवो विरागसंपत्तो।
एसो जिणोवदेसो तम्हा कम्मेसु मा रज्ज॥१५०॥

रक्तो बध्नाति कर्म मुच्यते जीवो विरागसम्प्राप्तः।
एषो जिनोपदेषः तस्मात् कर्मसु मा रज्यस्व॥१५०॥

रागी बांधे कर्म को, त्यागी छूटा जाय।
है जिनेन्द्र उपदेश ये, कर्म ही राग मिटाय॥४.६.१५०॥

रागयुक्त जीव कर्म को बांधता है और जो जीव वैराग्य को प्राप्त होता है वह कर्म से मुक्त हो जाता है; यह जिनेन्द्र भगवान का उपदेश है। इसलिए तू कर्मों में राग मत कर।

The soul binds karma through attachment and is liberated through detachment; this is the teaching of the Jinas. Hence, do not get attached to karma.

परमट्ठो खलु समओ सुद्धो जो केवली मुणी पाणी।
तम्हि ट्ठिदा सहाव् मुणिणो पावंति णिव्वाणं॥१५१॥

परमार्थः खलु समयः शुद्धो यः केवली मुनिर्ज्ञानी।
तस्मिन् स्थिताः स्वभावे मुनयः प्राप्नुवन्ति निर्वाणम्॥१५१॥

शुद्ध आत्मा निश्चय से, केवली मुनि ज्ञान।
मुनि स्थित स्वभाव में, मुक्ति मिले भगवान॥४.७.१५१॥

निश्चय से जो आत्मा है वह समय स्वरूप, शुद्ध, केवली, मुनि और ज्ञानी है। जो मुनि इस स्वभाव में स्थित होते हैं, वे निर्वाण को प्राप्त करते हैं।

From the absolute standpoint, the Self is pure, omniscient, ascetic, and the knower. Those ascetics who abide in this true nature attain liberation.

परमट्ठमि दु अठिदो जो कुणदि तवं वदं च धारेदि।
तं सव्वं बालतवं बालवदं बेंति सव्वण्हू॥१५२॥

परमार्थे त्वस्थितः यः करोति तपो व्रतं च धारयति।
तत्सर्वे बालतपो बालव्रतं ब्रुवन्ति सर्वज्ञः॥१५२॥

जीव नहीं परमार्थ में, तप में व्रत में ध्यान।
तपो-व्रत को बाल कहा, तीर्थंकर का ज्ञान॥४.८.१५२॥

जो आत्मा परमार्थ में स्थित नहीं है और तप करता है या व्रत धारण करता है, उसके उन सब तप और व्रत को सर्वज्ञ तीर्थंकर बालतप और बालव्रत कहते हैं।

If one is not established in the absolute Self but practices austerities and vows, the omniscient call such efforts as childish austerities and vows.

वदणियमाणि धरंता सीलाणी तहा तवं च कुव्वंता।
परमट्ठबाहिरा जे णिव्वाणं ते ण विंदंति॥१५३॥

व्रतनियमात् धारयन्तः शीलानि तथा तपश्च कुर्वन्तः।
परमार्थबाह्या ये निर्वाणं ते न विन्दन्ति॥१५३॥

व्रत नियम धारण करे, शील तप का ध्यान।
परम अर्थ में हो नहीं, निर्वाण ना हो जान॥४.९.१५३॥

व्रत और नियमों को धारण करते हुए, शील और तप करते हुए भी जो आत्मा के परमार्थ स्वरूप से बाह्य हैं, वे निर्वाण को प्राप्त नहीं करते।

Even while observing vows, rules, celibacy, and austerity—those who remain outside the realization of the true Self do not attain liberation.

परमट्ठबाहिरा जे ते अण्णाणेण पुण्णमिच्छंति।
संसारगणहेदुं पि मोक्खहेदुं अजाणंता॥१५४॥

परमार्थबाह्या ये ते अज्ञानेन पुण्यमिच्छन्ति।
संसारगमनहेतुमपि मोक्षहेतुमजानन्तः॥१५४॥

परमार्थ से बाहर है, मुक्ति का नहीं ज्ञान।
पुण्य घुमावे जगत में, चाहत पुण्य न ज्ञान॥४.१०.१५४॥

जो आत्मा के परमार्थ स्वरूप से बाहर हैं, वे मोक्ष के कारण को न जानते हुए भी अज्ञानवश पुण्य को चाहते हैं, जो कि वास्तव में संसार में भ्रमण कराने वाला कारण है।

Those who are outside the path of the true Self, not knowing the real cause of liberation, ignorantly desire merit (punya), which is actually the cause of worldly transmigration.

जीवादीसद्दहणं सम्मत्तं तेसिमधिगमो णाणं।
रागादीपरिहरणं चरणं एसो दु मोक्खपहो॥१५५॥

जीवादिश्रद्धानं सम्यक्त्वं तेषामधिगमो ज्ञानम्।
रागादिपरिहरणं चरणं एषस्तु मोक्षपथः॥१५५॥

श्रद्धान सम्यक्त्व तत्व है, जाने तो है ज्ञान।
रागादि का त्याग हो, चारित्र की पहचान॥४.११.१५५॥

जीव आदि पदार्थों पर श्रद्धा रखना सम्यक्त्व है, उन पदार्थों का यथार्थ ज्ञान प्राप्त करना ज्ञान है, और राग आदि दोषों का परिहार करना चारित्र है—यही मोक्ष का मार्ग है।

Right faith is belief in soul and other substances, right knowledge is to know them as they are, and right conduct is renunciation of passions—this is the path to liberation.

मोत्तूण णिच्छयट्ठं ववहारेण विदुसा पवंट्टति।
परमट्ठमस्सिदाण दु जदीण कम्मक्खओ विहिओ॥१५६॥

मुक्त्वा निश्चयार्थं व्यवहारेण विद्वांसः प्रवर्तन्ते।
परमार्थमाश्रितानां तु यतीनां कर्मक्षयो विहितः॥१५६॥

छोड़कर निश्चयनय को, व्यवहार में विद्वान।
मुनि आश्रित परमार्थ में, उसके ही क्षय जान॥४.१२.१५६॥

विद्वान व्यवहार नय से प्रवृत्त होते हैं, निश्चयनय को छोड़कर; परंतु परमार्थ में स्थित मुनियों के ही कर्मों का क्षय शास्त्रों में बताया गया है।

Wise men function through empirical point of view after setting aside the absolute, but only ascetics who dwell in the ultimate truth are said to attain destruction of karmas.

वत्थस्स सेदभावो जह णासेदि मलमेलणासत्तो।
मिच्छत्तमलोच्छण्णं तह सम्मत्तं खु णादव्वं॥१५७॥
वत्थस्स सेदभावो जह णासेदि मलमेलणासत्तो।
अण्णाणमलोच्छण्णं तह णाणं होदि णादव्वं॥१५८॥
वत्थस्स सेदभावो जह णासेदि मलमेलणासत्तो।
कसायमलोच्छण्णं तह चारित्तं पि णादव्वं॥१५९॥

वस्त्रस्य श्वेतभावो यथा नश्यति मलमेलनासक्तः।
मिथ्यात्वमलावच्छन्नं तथा सम्यक्त्वं खलु ज्ञातव्यं॥१५७॥
वस्त्रस्य श्वेतभावो यथा नश्यति मलमेलनासक्तः।
अज्ञानमलावच्छन्नं तथा ज्ञानं भवति ज्ञातव्यम्॥१५८॥
वस्त्रस्य श्वेतभावो यथा नश्यति मलमेलनासक्तः।
कषायमलीवच्छन्नं तथा चारित्रमपि ज्ञातव्यम्॥१५९॥

मैल मिले जब वस्त्र से, नष्ट श्वेत का भाव।
मिथ्यात्व मिले आत्म से, तब सम्यक्त्व अभाव॥४.१३.१५७॥
मैल मिले जब वस्त्र से, नष्ट श्वेत का भाव।
अज्ञान मिले आत्म से, तब ज्ञान का अभाव॥४.१३.१५८॥
मैल मिले जब वस्त्र से, नष्ट श्वेत का भाव।
कषाय मिले आत्म से, तब चारित्र अभाव॥४.१३.१५९॥

जैसे वस्त्र का उज्ज्वल रंग मैल से लुप्त होता है, वैसे ही आत्मा का ज्ञान अज्ञान के आवरण से नष्ट होता है।

Just as whiteness disappears from cloth with stains, right conduct vanishes from the soul with passions.

सो सव्वणाणदरिसी कम्मरएण णियेणावच्छण्णो।
संसारसमावण्णो ण विजाणदि सव्वदो सव्वं॥१६०॥

स सर्वज्ञानदर्शी कर्मरजसा निजेनावच्छन्नः।
संसारसमापन्नो न विजानाति सर्वतः सर्वम्॥१६०॥

सर्व ज्ञान दर्शी जीव है, पर कर्म मल अज्ञान।
संसार में रमता फिरे, जाने ना सब ज्ञान॥४.१६.१६०॥

वह आत्मा सर्व को जानने और देखने वाला है लेकिन कर्म मल से लिप्त होने के कारण संसार में रमा हुआ सर्व प्रकार से सर्व को नहीं जानता।

The soul, though inherently all-knowing and all-seeing, is veiled by karmic dust and, caught in worldly existence, fails to know everything.

सम्मतपडिणिबद्धं मिच्छत्तं जिणवरेहि परिकहयं।
तस्सोदयेण जीवो मिच्छादिट्ठि त्ति पादव्वो॥१६१॥
णाणस्य पडिणिबद्धं अण्णाणं जिणवरेहि परिकहयं।
तस्सोदयेण जीवो अण्णाणि होदि पादव्वो॥१६२॥
चारित्त पडिणिबद्धं कसायं जिणवरेहि परिकहयं।
तस्सोदयेण जीवो अचरित्तो होदि पादव्वो॥१६३॥

सम्यक्त्व प्रतिनिबद्धं मिथ्यत्वं जिनवरैः परिकथितम्।
तस्योदयेन जीवो मिथ्यादृष्टिरिति ज्ञातव्यः॥१६१॥
ज्ञानस्य प्रतिनिबद्धं अज्ञानं जिनवरैः परिकथितम्।
तस्योदयेन जीवोऽज्ञानी भवति ज्ञातव्यः॥१६२॥
चारित्र प्रतिनिबद्धं कषायो जिनवरैः परिकथितः।
तस्योदयेन जीवोऽचारित्रो भवति ज्ञातव्यः॥१६३॥

मिथ्यात्व से सम्यक्त्व रुके, जिनवर का यह ज्ञान।
उदय जब मिथ्यात्व का, मिथ्यादृष्टि पहचान॥४.१७.१६१॥
अज्ञान से ज्ञान रुकता, जिनवर का यह ज्ञान।
उदय जब अज्ञान का, अज्ञानी पहचान॥४.१८.१६२॥
कषाय से चारित्र रुके, जिनवर का यह ज्ञान।
जब हो उदय कषाय का, जीव अचारित्रवान॥४.१९.१६३॥

जिनवरो ने कहा कि–

- सम्यक्त्व को रोकने वाला मिथ्यात्व है, उसके उदय से जीव मिथ्यादृष्टि होता है।
- ज्ञान को रोकने वाला अज्ञान है, उसके उदय से जीव अज्ञानी होता है।
- चारित्र को रोकने वाला कषाय है, उसके उदय से जीव अचारित्रवान होता है।

Right faith is obstructed by wrong belief—its rise makes the soul a wrong believer. Right knowledge is obstructed by ignorance—its rise makes the soul ignorant. Right conduct is obstructed by passions—its rise makes the soul without conduct.

5 आस्रव अधिकार Influx of Karma

मिच्छत्तं अविरमणं कसायजोगा य सण्णसण्णा दु।
बहुविहभेया जीवे तस्सेव अणण्णपरिणामा॥१६४॥
णाणावरणादीयस्स ते दु कम्मस्स कारणं होंति।
तेसिं पि होदि जीवो य रागदोसादिभावकरो॥१६५॥

मिथ्यात्वमविरमणं कषाययोगी च संज्ञासंज्ञास्तु।
बहुविधभेदा जीवे तस्यैवानन्यपरिणामाः॥१६४॥
ज्ञानावरणाद्यस्य ते तु कर्मणः कारणं भवन्ति।
तेषामपि भवति जीवश्च रागद्वेषादिभावकरः॥१६५॥

मिथ्यात्व अविरति संज्ञ है, कषाय योग विकार।
विविध रीत उत्पन्न हो, जीव के ही विचार॥५.१.१६४॥
ज्ञानावरणादि आस्रव है, कर्म ही कारण जान।
जीव में ही उत्पन्न हो, राग द्वेष पहचान॥५.२.१६५॥

मिथ्यात्व, अविरति, कषाय और योग ये सब चेतन अवस्था वाले (संज्ञ) और अचेतन अवस्था वाले (असंज्ञ) भी होते हैं। जीव में उत्पन्न ये विविध प्रकार के भाव, जीव के ही अनन्य परिणाम होते हैं।[SEP]ज्ञानावरण आदि कर्मों के कारण होते हैं, लेकिन उनके भी हेतु रूप में राग-द्वेष आदि भाव करने वाला जीव ही होता है।

Wrong belief, non-abstinence, passions, and yog are both conscious and material states. These diverse states arise solely in the soul. The soul is also the cause of karmic influx like knowledge-obscuring karma, as it generates attachment and aversion.

णत्थि दु आसवबंधो सम्मादिट्ठिस्स आसवणिरोहो।
संते पुव्वणिबद्धे जाणदि सो ते अबंधंतो॥१६६॥

नास्ति त्वास्रवबन्धः सम्यग्दृष्टेरास्रवनिरोधः।
सन्ति पूर्वनिबद्धानि जानाति स तान्यबन्धन्॥१६६॥

सम्यग्दृष्टि बंधे नहीं, आस्रव हो ना जान।
नवीन कर्म बंधे नहीं, पूर्व कर्म का ज्ञान॥५.३.१६६॥

सम्यग्दृष्टि जीव के लिए कर्मों का आस्रव और बंध नहीं होता क्योंकि उसमें आस्रव का निरोध हो चुका होता है। परंतु पूर्वकाल में जो कर्म बंध चुके हैं, उनकी सत्ता को वह जानता रहता है, परंतु वह नए कर्मों का बंधन नहीं करता।

The right believer does not have karmic influx and hence no new bondage occurs. However, he is still aware of previously bound karmas without causing new bondage.

भावो रागादिजुदो जीवेण कदो दु बंधगो भणिदो।
रागादिविप्पमुक्को अबंधगो जाणगो णवरि॥१६७॥

भावो रागादियुतो जीवेन कृतस्तु बन्धको भणितः।
रागादिविप्रमुक्तकोऽबन्धको ज्ञायकः केवलम्॥१६७॥

नवीन कर्म का बंध हो, जब राग आदि भाव।
मात्र ज्ञायक बना रहे, रागादि नहीं भाव॥५.४.१६७॥

जब जीव में राग आदि भाव होते हैं तभी वह कर्मों का बंध करता है, इसलिए ऐसे भाव को बंधक कहा गया है। और जब वह राग आदि से मुक्त होता है, तब वह केवल ज्ञायक होता है और बंधक नहीं होता।

New karmic bondage occurs only when the soul entertains passions like attachment. If the soul is free from such passions, it remains only a knower and no bondage occurs.

पक्के फलम्हि पडिए जह ण फलं बज्झए पुणो विंटे।
जीवस्स कम्मभावे पडिए ण पुणोदयमुवेदि॥१६८॥

पक्के फले पतिते यथा न फलं बध्यते पुनर्वृन्तैः।
जीवस्य कर्मभावे पतिते न पुनरुदयमुपैति॥१६८॥

फल टूटे जब डाल से, जुड़े नहीं यह जान।
होय निर्जरा कर्म की, जीव नही दे स्थान॥५.५.१६८॥

जैसे पककर गिरा हुआ फल फिर से वृन्त से नहीं जुड़ता, वैसे ही जब कर्मभाव खिर जाता है (निर्जरा हो जाती है) तो वह पुनः जीव में उदय को प्राप्त नहीं होता।

Just as a ripened fruit once fallen from the branch cannot be reattached, the karma once shed from the soul does not come into fruition again.

पुढवीपिंडसमाणा पुव्वणिबद्धा दु पच्चया तस्स।
कम्मसरीरेण दु ते बद्धा सव्वे वि णाणिस्स॥१६९॥

पृथ्वीपिण्डसमानाः पूर्वनिबद्धास्तु प्रत्ययास्तस्य।
कर्मशरीरेण तु ते बद्धाः सर्वेऽपि ज्ञानिनः॥१६९॥

मिट्टी के है पिण्ड से, कर्म बद्ध ये जान।
कार्मण तन से बंधे हुए, ज्ञानी का यह ज्ञान॥५.६.१६९॥

उस ज्ञानी जीव के पूर्व में बंधे हुए सभी कर्म, मिट्टी के पिंड के समान हैं, जो उसके कार्मण शरीर के साथ ही बंधे हुए हैं।

For the knower of the self, all previously bound karmas are like lumps of earth, merely attached to the karmic body.

चउविह अणेयभेयं बंधंते णाणदंसणगुणेहिं।
समए समए जम्हा तेण अबंधो त्ति णाणी दु॥१७०॥

चतुर्विधा अनेकभेदं बध्नन्ति ज्ञानदर्शनगुणाभ्याम्।
समये समये यस्मात् तेनाबन्ध इति ज्ञानी तु॥१७०॥

ज्ञानदर्शन गुण के निमित्त, आस्रव भेद चार।
समय समय कर्म बंधे, ज्ञानी अबद्ध विचार॥५.७.१७०॥

ज्ञान और दर्शन गुणों के निमित्त चार प्रकार के अनेक भेदों वाले कर्म समय समय पर जीव को बांधते हैं। इसलिए ज्ञानी जीव को अबन्ध मानना चाहिए।

Various forms of karmas get bound over time through four kinds of influx via knowledge and perception faculties. Hence, the knower remains unbounded.

जम्हा दु जहण्णादो णाणगुणादो पुणो वि परिणमदि।
अण्णत्तं णाणगुणो तेण दु सो बंधगो भणिदो॥१७१॥

यस्मात्तु जघन्यात् ज्ञानगुणात् पुनरपि परिणमते।
अन्यत्वं ज्ञानगुणः तेन तु स बन्धको भणितः॥१७१॥

क्षयोपक्षम जब तक रहे, परिणमता है ज्ञान।
फिर फिर परिणमता रहे, बंधन कारण जान॥५.८.१७१॥

जब तक ज्ञानगुण जघन्य रूप में स्थित है और पुनः पुनः विभिन्न प्रकार से परिणमित होता है, तब तक वह बंध का कारण होता है।

As long as the knowledge attribute continues transforming from lower to higher states through destruction-cum-subsidence, it becomes the cause of bondage.

दंसणणाणचरित्तं जं परिणमदे जहण्णभावेण।
णाणी तेण दु बज्झदि पोग्गलकम्मेण विविहेण॥१७२॥

दर्शनज्ञानचारित्रं यत्परिणमते जघन्यभावेन।
ज्ञानी तेन तु बध्यते पुद्गलकर्मणा विविधेन॥१७२॥

दर्शन ज्ञान चरित्र का, जब तक जघन्य भाव।
पुद्गल कर्म बंधता रहे, ज्ञानी ज्ञान स्वभाव॥५.९.१७२॥

दर्शन, ज्ञान और चारित्र जब तक जघन्य रूप में परिणमित होते हैं, तब तक ज्ञानी भी विविध प्रकार के पुद्गल कर्मों से बंधता रहता है।

As long as faith, knowledge, and conduct transform in inferior states, even the wise soul gets bound by various types of karmic matter.

सव्वे पुव्वणिबद्धा दु पच्चया अत्थि सम्मदिट्ठिस्स।
उवओगप्पाओगं बंधते कम्मभावेण॥१७३॥
होदूण णिरुवभोज्जा तह बंधदि जह हवंति उवभोज्जा।
सत्तट्ठविहा भूदा णाणावरणादिभावेहिं॥१७४॥
संता दु णिरुवभोज्जा बाला इत्थी जहेह पुरिसस्स।
बंधदि ते उवभोज्जे तरुणी इत्थी जह णरस्स॥१७५॥
एदेण कारणेण दु सम्मादिट्ठी अबंधगो भणिदो।
आसवभावाभावे ण पच्चया बंधगा भणिदा॥१७६॥

सर्वे पूर्वनिबद्धास्तु प्रत्ययाः सन्ति सम्यग्दृष्टेः।
उपयोगप्रायोग्यं बध्नन्ति कर्मभावेन॥१७३॥
भूत्वा निरुपभोग्यानि तथा बध्नाति यथा भवन्त्युपभोगग्यानि।
सप्ताष्टविधानि भूतानि ज्ञानावरणादिभावैः॥१७४॥
सन्ति तु निरुपभोग्यानि बाला स्त्री यथेह पुरुषस्य।
बध्नाति तानि उपभोग्यानि तरुणी स्त्री यथा नरस्य॥१७५॥
एतेन कारणेन तु सम्यग्दृष्टिरबन्धको भणितः।
आस्रवभावाभावे न प्रत्यया बन्धका भणिताः॥१७६॥

जो आस्रव पहले बंधे, सम्यग्दृष्टि विद्यमान।
प्रयोग हो उपयोग का, नवीन बंधन जान॥५.१०.१७३॥
अनउपयोगी पूर्व में, उठे भोग के भाव।
ज्ञानावरणादि कर्म के, सात-आठ प्रभाव॥५.११.१७४॥
ज्यूँ निरुपभोग्य पुरुष को, कन्या जो हो बाल।
युवती बाँधे पुरुष को, नर की बिगड़े चाल॥५.१२.१७५॥
वैसे ही बंधता नहीं, सम्यक्दृष्टि जान।
आस्रव का अभाव है, सम्यक्दृष्टि ज्ञान॥५.१३.१७६॥

सम्यग्दृष्टि की सत्ता में पूर्व से बंधे हुए कर्म रहते हैं, जो उपयोग के प्रयोग के अनुसार कर्मभाव से बंधते हैं। वे पूर्व में निरुपभोग्य होते हैं पर जब उपभोग्य होते हैं तो ज्ञानावरणादि सात-आठ प्रकार के कर्मों को बंधन देते हैं। जैसे बालिका स्त्री पुरुष के लिए भोग्य नहीं होती परंतु युवती होने पर बंधनकारिणी होती है, वैसे ही पूर्व के कर्म उपभोग्य होकर ही बंधन करते हैं। परंतु सम्यग्दृष्टि में आस्रवभाव का अभाव होने से नवीन कर्म नहीं बंधते, इसीलिए सम्यग्दृष्टि अबंधक कहा गया है।

Even though past karmas are bonded before attaining right faith, they persist in the soul and bind due to activities of the soul. Initially unfit for fruition, they later mature and cause bondage of seven or eight kinds of karmas like knowledge obscuring. Just as a young girl is unfit for enjoyment but later as adult binds the man, similarly karmas bind on maturing. But samyakdrishti does not get bound again due to absence of attachment.

रागो दोसो मोहो य आसवा णत्थि सम्मदिट्ठिस।
तम्हाआसवभावेण विणा हेदू ण पच्चया होंति॥१७७॥
हेदू चदुव्वियपो अट्ठवियप्पस्स कारणं भणिदं।
तेसिं पि य रागादी तेसिमभावे ण बज्झंति॥१७८॥

रागो द्वेषो मोहश्च आस्रवान् सन्ति सम्यग्दृष्टेः।
तस्मादास्रवभावेन विना हेतवो न प्रत्यया भवन्ति॥१७७॥
हेतुश्चतुर्विकल्पः अष्टविकल्पस्य कारणं भणितम्।
तेषामपि च रागादयस्तेषामभावे न बध्यन्ते॥१७८॥

राग द्वेष व मोह नहीं, सम्यग्दृष्टि अभाव।
द्रव्य कर्म बंधता नहीं, जब ना आस्रवभाव॥५.१४.१७७॥
आठ कर्म के हेतु हैं, चार विकल्प स्वभाव।
सम्यग्दृष्टि बंधता नहीं, रागादि का अभाव॥५.१५.१७८॥

सम्यग्दृष्टि जीव में राग, द्वेष और मोह नहीं होते इसलिए उसमें आस्रवभाव नहीं होता। बिना आस्रवभाव के द्रव्यकर्म के हेतु (प्रत्यय) भी कर्मबंधन नहीं करते। चार प्रकार के हेतुओं– मिथ्यात्व, अविरति, कषाय और योग–को आठ प्रकार के कर्मों का कारण कहा गया है; किन्तु सम्यग्दृष्टि में चूँकि रागादि भाव नहीं होते इसलिए उनसे भी बंधन नहीं होता।

Since samyak drishti lacks attachment (rāga), aversion (dvesha), and delusion (moha), there is no karmic influx in him. Without influx, even the instrumental causes (hetu)—like wrong belief, non-abstinence, passions, and yoga—cannot result in bondage of eight kinds of karmas. Hence, due to absence of passions, samyak drishti doesn't get bonded.

जह पुरिसेणाहारो गहिदो परिणमदि सो अणेयविहं।
मंसनसारुहिरादी भावे उदरग्गिसंजुत्तो॥१७९॥
तह णाणिस्य दु पुव्वं जे बद्धा पच्चया बहुवियप्पं।
बज्झंते कम्मं ते णयपरिहिणा दु ते जीवा॥१८०॥

यथापुरुषेणाहारो गृहीतः परिणमति सोऽनेकविधम्।
मांसवासारुधिरादीन् भावान् उदराग्निसंयुक्तः॥१७९॥
तथा ज्ञानिनस्तु पूर्वं ये बद्धाः प्रत्यया बहुविकल्पम्।
बध्नन्ति कर्म ते नयपरिहीनास्तु ते जीवाः॥१८०॥

जब भोजन प्राणी करे, ज्वाला अंदर एक।
मांस खून चर्बी बने, अंतर क्रिया अनेक॥५.१६.१७९॥
शुद्ध नय से च्युत हो, ज्ञानी का जब ज्ञान।
पूर्वबद्ध आस्रव करे, कर्म बंधन पहचान॥५.१७.१८०॥

जैसे पुरुष द्वारा ग्रहण किया गया आहार उदर की अग्नि से मिलकर मांस, नसा, रुधिर आदि अनेक प्रकार के रूप में परिणत होता है, वैसे ही ज्ञानी जीव जब शुद्ध नय से च्युत होता है तब उसके पूर्वबद्ध आस्रव बहुविध प्रकार के कर्मों के बंधन का कारण बनते हैं।

Just as food consumed by a person, under digestive fire, transforms into flesh, fat, and blood; similarly, if a knower deviates from the pure point of view, the past karmic influx becomes cause for manifold new karmic bondage.

6 संवर अधिकार stoppage of karma

उवओगे उवओगो कोहादिसु णत्थि को वि उवओगो।
कोहो कोहे चेव हि उवओगे णत्थि खलु कोहो॥१८१॥
अट्ठवियप्पे कम्मे णोकम्मे चावि णत्थि उवओगो।
उवओगम्हि य कम्मं णोकम्मं चावि णो अत्थि॥१८२॥
एदं तु अविवरीदं णाणं जइया दु होदि जीवस्स।
तइया ण किंचि कुव्वदि भावं उवओगसुद्धप्पा॥१८३॥

उपयोग उपयोगः क्रोधादिषु नास्ति कोऽप्युपयोगः।
क्रोधः क्रोधे चैव हि उपयोगे नास्ति खलु क्रोधः॥१८१॥
अष्टविकल्पे कर्मणि नोकर्मणि चापि नास्त्युपयोगः।
उपयोगे च कर्म नोकर्म चापि नो अस्ति॥१८२॥
एतत्त्वविपरीतं ज्ञानं यदा तु भवति जीवस्य।
तदा न किञ्चित्करोति भावमुपयोगशुद्धात्मा॥१८३॥

कषाय में उपयोग नहीं, स्व में हो उपयोग।
क्रोध आदि क्रोध में, कषाय संग न योग॥६.१.१८१॥
आठ कर्म उपयोग रहित, नोकर्म ना उपयोग।
कर्म हो या नोकर्म हो, उपयोग का न योग॥६.२.१८२॥
होता है जब जीव को, ऐसा उल्टा ज्ञान।
उपयोगमय शुद्ध आत्मा, नहीं ओर हो जान॥६.३.१८३॥

उपयोग तो उपयोग में ही होता है, क्रोध आदि भावों में नहीं। क्रोध क्रोध में होता है, उपयोग में नहीं। आठ प्रकार के कर्म और नोकर्म में उपयोग नहीं होता, और उपयोग में कर्म व नोकर्म नहीं होते। जब यह विपरीत रहित (सही) ज्ञान जीव को होता है, तब उपयोगस्वरूप शुद्ध आत्मा उपयोग के अतिरिक्त अन्य किसी भाव को नहीं करता।

Consciousness exists only in consciousness, not in passions like anger. Anger exists in anger, not in consciousness. Neither eight karmas nor quasi-karmas (no-karma) contain consciousness, nor does consciousness contain them. When the soul attains this unwavering knowledge, the pure soul engaged in pure consciousness no longer engages in any other state.

जह कणयमग्गितवियं पि कणयभावं ण तं परिच्चयदि।
तह कम्मोदयतविदो ण जहदि णाणी दु णाणित्तं॥१८४॥
एवं जाणदि णाणी अण्णाणी मुणदि रागमेवादं।
अण्णाणतमोच्छण्णो आदसहावं अयाणंतो॥१८५॥

यथा कनकमग्नितप्तमपि कनकभावं न तं परित्यजति।
तथा कर्मोदयतप्तो न जहाति ज्ञानी तु ज्ञानित्वम्॥१८४॥
एवं जानाति ज्ञानी अज्ञानी मनुते रागमेवात्मानम्।
अज्ञानतमोऽवच्छन्नः आत्मस्वभावमजानन्॥१८५॥

सोना अग्नि में तपता, छोड़े नहीं स्व भाव।
ज्ञनी के जब कर्म उदय, ज्ञान नहीं अभाव॥६.४.१८४॥
ज्ञानी ऐसा जानता, अज्ञानी अंधकार।
आत्म का समझे नहीं, राग का ही संसार॥६.५.१८५॥

जैसे सोना अग्नि में तपने पर भी अपना स्वर्णत्व नहीं छोड़ता है, वैसे ही ज्ञानी आत्मा कर्म के उदय में तपता हुआ भी ज्ञानस्वभाव को नहीं छोड़ता। ज्ञानी यह यथार्थ जानता है, जबकि अज्ञानी अज्ञान रूपी अंधकार से ढका हुआ आत्मा के स्वभाव को नहीं जानता और राग को ही आत्मा मान लेता है।

Just as gold heated in fire does not lose its golden nature, likewise, the knower does not lose his state of knowledge even while undergoing karmic fruition.SEP The wise knows this truth, but the ignorant, veiled by the darkness of ignorance, fails to realize the true nature of the soul and considers attachment as the self.

सुद्धं तु वियाणंतो सुद्धं चेवप्पयं लहदि जीवो।
जाणंतो दु असुद्धं असुद्धमेवप्पयं लहदि॥१८६॥

शुद्धं तु विजानन् शुद्धं चैवात्मानं लभते जीवः।
जानंस्त्वशुद्धमशुद्धमेवात्मानं लभते॥१८६॥

शुद्ध प्राप्त हो आत्मा, शुद्ध आत्मा ज्ञान।
मिले अशुद्ध आत्मा, अशुद्ध आत्म अज्ञान॥६.६.१८६॥

शुद्ध आत्मा को जानने वाला जीव शुद्ध आत्मा को ही प्राप्त करता है और अशुद्ध आत्मा को जानने वाला जीव अशुद्ध आत्मा को ही प्राप्त करता है।

One who perceives the pure self attains the pure self. One who perceives the impure self attains only the impure self.

अप्पाणमप्पणा रुंधिऊण दोपुण्णपावजोगेसु।
दंसणणाणम्हि ठिदो इच्छाविरदो य अण्णम्हि॥१८७॥
जो सव्वसंगमुक्को झायदि अप्पाणमप्पणो अप्पा।
ण वि कम्मं णोकम्मं चेदा चिंतेदि एयत्तं॥१८८॥
अप्पाणं झायंतो दंसणणाणमओ अप्पा।
लहदि अचिरेण अप्पणमेव सो कम्मपविमुक्कं॥१८९॥

आत्मानमात्मना रुन्धवा द्विपुण्यपापयोगयोः।
दर्शनज्ञाने स्थितः इच्छाविरतः चान्यस्मिन्॥१८७॥
यः सर्वसङ्गमुक्तो ध्यायत्यात्मानमात्मनात्मा।
नापि कर्म नोकर्म चेतयति चिन्तयत्येकत्वम्॥१८८॥
आत्मानं ध्यायन् दर्शनज्ञानमयोऽनन्यमयः।
लभतेऽचिरेणात्मानमेव स कर्मप्रविमुक्तम्॥१८९॥

रोके आत्म आत्म से, पाप पुण्य का योग।
स्थित दर्शन ज्ञान में, इच्छा का नहीं रोग॥६.७.१८७॥
सब इच्छाओं से रहित, आत्मा का ही ध्यान।
कर्म नोकर्म ध्यावे नहीं, चित्त में एकत्व ज्ञान॥६.८.१८८॥
दर्शन ज्ञान अनन्यमय, आत्म में ही ध्यान।
अल्पकाल मुक्ति मिले, आत्म का ही ज्ञान॥६.९.१८९॥

पाप-पुण्य योग को रोककर, सम्यकदर्शन और ज्ञान में स्थित होकर, अन्य में इच्छा न रखते हुए, जो आत्मा सभी संबंधों से मुक्त होकर स्वयं को ही स्वयं में ध्याता है, न कर्म और नोकर्म का चिंतन करता है, केवल आत्मैक्य का अनुभव करता है—वह आत्मा, जो दर्शन और ज्ञानमय है, शीघ्र ही कर्मों से मुक्त होकर आत्मा को प्राप्त करता है।

By restraining the self from virtuous and sinful activities, remaining firm in right faith and knowledge, and free from worldly desires, the soul that meditates on itself without contemplating karma or quasi-karma, attains its pure self, free from karmic bondage, in a short span.

तेसिं हेदू भणिदा अज्झवसाणाणि सव्वदरिसीहिं।
मिच्छत्तं अण्णाणं अविरयभावो य जोगो य॥१९०॥
हेदुअभावे णियमा जायदि णाणिस्स आसवणिरोहो।
आसवभावेण विणा जायदि कम्मस्स वि णिरोहो॥१९१॥
कम्मस्साभावेण य णोकम्माणं पि जायदि णिरोहो।
णोकम्मणिरोहेण य संसारणिरोहणं होदि॥१९२॥

तेषां हेतवो भणिता अध्यवसानादि सर्वदर्शिभिः।
मिथ्यात्वमज्ञानमविरतभावश्च योगश्च॥१९०॥
हेदुअभावे णियमा जायदि णाणिस्स आसवणिरोहो।
आसवभावेण विणा जायदि कम्मस्स वि णिरोहो॥१९१॥
कर्मणोऽभावेन च नोकर्मणामपि जायते निरोधः।
नोकर्मनिरोधेन च संसारनिरोधनं भवति॥१९२॥

तेषां हेतवो भणिता अध्यवसानादि सर्वदर्शिभिः।
मिथ्यात्वमज्ञानमविरतभावश्च योगश्च॥१९०॥
हेतु का जब अभाव हो, आस्रव का निरोध।
आस्रव का अभाव हो, कर्मों का भी निरोध॥६.११.१९१॥
कर्मों का जब अभाव हो, नो कर्म नहीं आय।
नोकर्म का अभाव जब, भव पार हो जाय॥६.१२.१९२॥

सर्वज्ञों ने कहा है कि रागादि अध्यवसान के चार कारण—मिथ्यात्व, अज्ञान, अविरति और योग हैं। जब ये चार कारण नहीं रहते तब ज्ञानियों में नियम से आस्रव का निरोध होता है। आस्रव नहीं होने से कर्मों का भी नाश होता है। और जब कर्मों का अभाव होता है तब नोकर्मों का भी नाश हो जाता है। नोकर्मों का भी नाश हो जाने से संसार का अंत होता है।

Omniscients have declared that the causes of influx like attachment etc. are wrong belief, ignorance, non-restraint and activity. With the absence of these causes, influx ceases. With the absence of influx, bondage of karma ends. With no karma left, quasi-karmas also end, and with that, the cycle of transmigration ends.

7 निर्जरा अधिकार

उवभोगमिंदियेहिं दव्वाणमचेदणाणमिदराणं।
जं कुणदि सम्मदिट्ठि तं सव्वं णिज्जरणिमित्तं॥१९३॥

उपभोगमिन्द्रियैः द्रव्याणामचेतनानामितर्षाम्।
यत्करोति सम्यग्दृष्टिः तत्सर्व निर्जरानिमित्तम्॥१९३॥

सम्यग्दृष्टि जीव के, इन्द्रियों का योग।
निर्जरा का निमित्त है, द्रव्यों का उपभोग॥७.१.१९३॥

सम्यग्दृष्टि जीव जो इंद्रियों के द्वारा अचेतन तथा चेतन द्रव्यों का उपभोग करता है वह सर्व निर्जरा का निमित्त है।

Whatever the right believer does through senses by enjoying material or immaterial objects becomes the cause of nirjara (shedding of karma).

दव्वे उवभुंजंते णियमा जायादि सुहं व दुक्खं वा।
तं सुहदुक्खमुदिण्णं वेदेदि अध णिज्जरं जादि॥१९४॥

द्रव्ये उपभुज्यन्ते नियमात् जायते सुखं वा दुःखं वा।
तत् सुखदुःखमुदितं वेदयते अथ निज्यरः जायते॥१९४॥

वस्तु भोग उत्पन्न करे, सुख या दुख का भाव।
निर्जरा सम्यग्दृष्टि को, रहता बंध अभाव॥७.२.१९४॥

वस्तु भोगने में आने पर सुख या दुख नियम से उत्पन्न होता है और सुख दुख का अनुभव करता है लेकिन सम्यग्दृष्टि के बंध का अभाव होने के कारण निर्जरा होती है।

When a right believer enjoys an object, pleasure or pain may arise naturally, but due to absence of bondage, it leads to nirjara (shedding of karma).

जह विसमुवभुंजंतो वेज्जो पुरिसो ण मरणमुवय दि।
पोग्गलकम्मस्सुदयं तह भुंजदि णेव बज्झदे णाणी॥१९५॥

यथा विषमुपभुञ्जानो वैद्यः पुरुषो न मरणमुपयाति।
पुद्गलकर्मण उदयं तथा भुङ्क्ते नैव बध्यते ज्ञानी॥१९५॥

वैद्य विष को भोगता, मरण कभी ना होत।
ज्ञानी उदय को भोगता, ना बंधन का स्त्रोत॥७.३.१९५॥

जिस प्रकार वैद्य विष को भोगता हुआ भी मरण को प्राप्त नहीं होता उसी प्रकार ज्ञानी पुरुष पुद्गलकर्म के उदय को भोगता है तथापि बँधता नहीं है।

Just as a physician consumes poison but does not die, similarly the knower experiences fruition of karmas but does not get bound.

जह मज्जं पिबमाणो अरदीभावेण मज्जदि ण पुरिसो।
दव्वुवभोगे अरदो णाणी वि ण बज्झदि तहेव॥१९६॥

यथा मद्यं पिबन् अरतिभीवेन माद्यति न पुरुषः।
द्रव्योपभोगेऽरतो ज्ञान्यपि न बध्यते तथैव॥१९६॥

मदिरा पान नशा नहीं, पुरुष हो अरतिभाव।
ज्ञानी भी बंधता नहीं, जब वैराग्य हो भाव॥७.४.१९६॥

जैसे कोई पुरुष मदिरा को अरतिभाव से पीता हुआ मतवाला नहीं होता, इसी प्रकार ज्ञानी भी द्रव्य के उपभोग के प्रति वैराग्यभाव वर्तता हुआ बंध को प्राप्त नहीं होता।

Just as a man does not get intoxicated if he drinks wine with detachment, similarly a knower does not get bound when consuming material things with dispassion.

सेवंतो वि ण सेवदि असेवमाणो वि सेवगो कोई।
पगरणचेट्ठा कस्स वि ण य पायरणो त्ति सो होदि ॥१९७॥

सेवमानोऽपि न सेवते असेवमानोऽपि सेवकः कश्चित्।
प्रकरणचेष्टा कस्यापि न च प्राकरण इति स भवति॥१९७॥

सेवन पर सेवन नहीं, करे नहीं पर नाम |
काम और कोई करे, मालिक हो बदनाम॥७.५.१९७॥

कोई तो विषयों का सेवन करता हुआ भी वास्तव में सेवन नहीं करता और कोई बिना सेवन किए भी सेवन करने वाला कहलाता है। जैसे कोई क्रिया किसी अन्य के द्वारा हो, फिर भी उसका नाम किसी और पर आ जाता है।

One may seem to indulge in pleasures but is not truly indulging, and another may not indulge yet is seen as indulger. Like actions done by someone, but blame goes to another.

उदयविवागो विविहो कम्माणं वण्णिदो जिणवरेहिं।
ण दु मज्झ सहावा जाणगभावो दु अहमेक्को॥१९८॥

उदयविपाको विविधः कर्मणां वर्णितो जिनवरैः।
न तु ते मम स्वभावाः ज्ञायकभावस्त्वहमेकः॥१९८॥

कर्मों के हैं अनेक फल, वो मेरे न स्वभाव।
जिनेन्द्र देवे ने कहा, मै सिर्फ ज्ञायकभाव॥७.६.१९८॥

जिनेन्द्र भगवान ने कहा कि कर्मों के अनेक प्रकार के फल होते हैं, किन्तु वे आत्मा का स्वभाव नहीं हैं। आत्मा तो केवल एक ज्ञायक भाव है।

Jinendra explained that karmas have many kinds of results, but they are not my true nature. My only nature is of knowing.

पोग्गलकम्मं रागो तस्स विवागोदओ हवदि एसो।
ण दु एस मज्झ भावो जाणगभावो हु अहमेक्को॥१९९॥

पुद्गलकर्म रागस्तस्य विपाकोदयो भवति एषः।
न त्वेष मम भावो ज्ञायकभावः खल्वहमेकः॥१९९॥

राग भी पुद्गल कर्म है, मेरा नहीं है भाव।
कर्मफल से होय उदय, मै तो ज्ञायकभाव॥७.७.१९९॥

राग पुद्गल कर्म है, उसका फलस्वरूप उदय होता है, यह मेरा स्वभाव नहीं है। मेरा स्वभाव तो केवल ज्ञायकभाव है।

Attachment (raga) is a form of karmic matter; its fruition arises accordingly, but it is not my nature. I am only the knowing self.

एवं सम्मद्दिट्ठी अप्पाणं मुणदि जाणगसहावं।
उदयं कम्मविवागं च मुयदि तच्चं वियाणंतो॥२००॥

एवं सम्यग्दृष्टिः आत्मानं जानाति ज्ञायकस्वभावम्।
उदयं कर्मविपाकं च मुञ्चति तत्त्वं विजानन्॥२००॥

सम्यग्दृष्टि यह जानता, मैं ज्ञायकस्वभाव।
कर्मफल का उदय नहीं, छोड़ो पर के भाव॥७.८.२००॥

इस प्रकार सम्यग्दृष्टि आत्मा को ज्ञायकस्वभाव जानता है और कर्मफल के उदय को तत्व से जानकर छोड़ देता है।

Thus, the right believer knows the soul as the knowing self and, recognizing karmic fruition as external, discards it.

परमाणुमित्तयं पि हु रागादीणं तु विज्जदे जस्स।
ण वि सो जाणदि अप्पणयं तु सव्वागमधरो वि॥२०१॥
अप्पणमयाणंतो अणप्पयं चावि सो अयाणंतो।
कह होदि सम्मदिट्ठि जीवाजीवे अयाणंतो॥२०२॥

परमाणुमात्रमपि खलु रागादीनां तु विद्यते यस्य।
नापि स जानात्यात्मानां तु सर्वागमधरोऽपि॥२०१॥
आत्मानमजानन् अनात्मानं चापि सोऽजानन्।
कथं भवति सम्यग्दृष्टिर्जीवाजीवावजानन्॥२०२॥

राग मात्र हो परम अनु, आत्मा नहीं विचार।
सर्वागम हो ज्ञात भी, वह न हो सत्कार॥७.९.२०१॥
आत्म को जानता जो नहीं, अनात्मा भी अनजान।
जीव अजीव का ज्ञान नहीं, सम्यक्त्व कहाँ पहचान॥७.१०.२०२॥

जिस जीव में रागादि भावों का लेशमात्र भी विद्यमान है, वह चाहे समस्त आगम का ज्ञाता ही क्यों न हो, आत्मा को नहीं जानता। जो आत्मा को नहीं जानता, वह अनात्मा को भी नहीं जानता। जो जीव और अजीव दोनों को नहीं जानता, वह सम्यग्दृष्टि नहीं हो सकता।

Even if one possesses knowledge of all scriptures, but has even the slightest attachment, he does not know the Self. One who neither knows the soul nor the non-soul cannot be a right believer.

आदम्हि दव्वभावे अपदे मोत्तूण गिण्ह तह णियदं।
थिरमेगमिमं भावं उवलब्भंतं सहावेण॥२०३॥

आत्मनि द्रव्यभावानपदानि मुक्त्वा गृहाण तथा नियतम्।
स्थिरमेकमिमं भावमुपलभ्यमानं स्वभावेन॥२०३॥

छोड़ अस्थाई भाव को, ग्रहण स्थिर कर भाव।
नित्य, एक है निश्चय से, आत्मा मुक्त स्वभाव॥७.११.२०३॥

आत्मा के अस्थाई द्रव्यभावों को छोड़कर, जो एक, स्थिर और निश्चित भाव है, उसे आत्मा के स्वभाव से जैसा है वैसा ही ग्रहण करना चाहिए।

Renounce transient modes of the soul and grasp its definite, steady and singular nature, which is realized through its own essence.

आभिणिसुदोधिमणकेवलं च तं होदि एक्कमेव पदं।
सो एसो परमट्ठो जं लहिदुं णिव्वुदिं जादि॥२०४॥

आभिनिबोधिकश्रुतावधिमनःपर्ययकेवलं च तद्भवत्येकमेव पदम्।
स एष परमार्थो यं लब्धवा निर्वृत्तिं याति॥२०४॥

मति, श्रुत, अवधि मनःपर्यय, या हो केवलज्ञान।
मिले तो मुक्त हो आत्मा, परम अर्थ को जान॥७.१२.२०४॥

मति, श्रुत, अवधि, मनःपर्यय और केवलज्ञान—ये सभी एक ही ज्ञानपद के भिन्न-भिन्न रूप हैं। यही वह परम तत्व है, जिसे प्राप्त कर आत्मा मोक्ष को प्राप्त करती है।

All five—sensory, scriptural, clairvoyant, telepathic and omniscient knowledge—are one path of realization; attaining it, the soul reaches liberation.

णाणगुणेण विहीणा एदं तु पदं बहू वि ण लहंते।
तं गिण्ह णियदमेदं जदि इच्छसि कम्मपरिमोक्खं॥२०५॥

ज्ञानगुणेण विहीना एतत् पदं बहवोऽपि न लभन्ते।
तत् गृहाण निश्चितमेतत् यदि इच्छसि कर्मपरिमोक्षम्॥२०५॥

ज्ञानविहीन जीव अगर, करता कर्म हजार।
मुक्ति पद मिलता नहीं, ज्ञान ही आधार॥७.१३.२०५॥

ज्ञानगुण से रहित अनेक जीव यह मोक्षपद प्राप्त नहीं कर पाते। यदि तू कर्म से मुक्त होना चाहता है तो इस निश्चित ज्ञान को ही ग्रहण कर।

Even after performing countless acts, those devoid of knowledge do not attain liberation. If you wish to be free from karma, firmly grasp knowledge.

एदम्हि रदो णिच्चं संतुट्ठो होहि णिच्चमेदम्हि।
एदेण होहि तुह उत्तमं सोक्खं॥२०६॥

एतस्मिन् रतः नित्यं सन्तुष्टो भव नित्यमेतस्मिन्।
एतेन भवतु ते उत्तमं सौख्यम्॥२०६॥

नित्य रुचि इस ज्ञान में, तुष्ट सदा ही होय।
तृप्ति मिले हर पल तुझे, उत्तम सुख में खोय॥७.१४.२०६॥

हे भव्य प्राणी, तू इस ज्ञान में सदा रमणीय भाव रख, इसमें निरंतर संतुष्ट हो। इसी से तुझे उत्तम सुख प्राप्त होगा।

Always delight in this knowledge, remain ever content in it — this alone shall grant you the highest bliss.

को णाम भणिज्ज बुहो परदव्वं मम इमं हवदि दव्वं।
अप्पाणमप्पणो परिगहं तु णियदं वियाणंतो॥२०७॥

को नाम भणेद् बुधः परद्रव्यं ममेदं भवति द्रव्यं।
आत्मानमात्मनः परिग्रहं तु नियतं विजानन्॥२०७॥

जो जाने निज आत्म को, स्व का परिग्रह जान।
पर को अपना क्यूं कहे, ज्ञानी का यह ज्ञान॥७.१५.२०७॥

अपने आत्मा को ही निश्चित रूप से अपना परिग्रह जानने वाला ज्ञानी भला किसी परद्रव्य को "यह मेरा है" कैसे कह सकता है?

The wise, knowing soul itself to be its only true possession, would never say of another's object: "This is mine."

मज्झं परिग्गहो जदि तदो अहमजीवदं तु गच्छेज्ज।
णादेव अहं जम्हा तम्हा ण परिग्गहो मज्झ॥२०८॥

मम परिग्रहो यदि ततोऽहमजीवतां तुगच्छेयम्।
ज्ञातैवाहं यस्मात्तस्नान्न परिग्रहो मम॥२०८॥

पर द्रव्य मेरा अगर, अजीव तत्व परिणाम।
पर मै तो ज्ञाता सदा, पर का ना है काम॥७.१६.२०८॥

यदि पर द्रव्य मेरा हो तो मैं अजीव स्वरूप को प्राप्त हो जाऊँ, परन्तु मैं तो स्वभाव से ज्ञाता हूँ, इसलिए पर द्रव्य मेरा नहीं है।

If any external object were mine, I would become non-conscious matter. But as I am the knower, no external object can ever be mine.

छिज्जदु वा भिज्जदु वा णिज्जदु वा अहव जादु विप्पलयं।
जम्हा तम्हा गच्छदु तह वि हु ण परिग्गहो मज्झ॥२०९॥

छिद्यतां वा भिद्यतां वा नीयतां वाथवा यातु विप्रयलम्।
यस्मात्तस्मात् गच्छतु तथापि खलु न परिग्रहो मम॥२०९॥

छिने, भेदे या नष्ट हो, नियति को नहीं भाय।
या खोये किसी तरह, परिग्रह नहीं सुहाय॥७.१७.२०९॥

पर द्रव्य चाहे फट जाए, टूट जाए, कोई ले जाए, नष्ट हो जाए या किसी भी कारण से दूर हो जाए, फिर भी वह मेरा परिग्रह नहीं है।

Let it be torn, broken, taken away, or perish in any way — still, it is not my possession.

अपरिग्गहो अणिच्छो भणिदो णाणी य णेच्छदे धम्मं।
अपरिग्गहो दु धम्मस्स जाणगो तेण सो होदि॥२१०॥

अपरिग्रहोऽनिच्छो भणितो ज्ञानी च नेच्छति धर्मम्।
अपरिग्रहस्तु धर्मस्य ज्ञायकस्तेन स भवति॥२१०॥

अनिच्छ ही अपरिग्रही, पुण्य भी नहीं चाह।
धर्म का परिग्रह नहीं, ज्ञायक ही है राह॥७.१८.२१०॥

इच्छारहित को ही अपरिग्रही कहा गया है और ज्ञानी पुण्य धर्म की भी इच्छा नहीं करता। वह धर्म का परिग्रही नहीं बल्कि केवल ज्ञाता होता है।

One who is without desire is called non-possessive. The wise one doesn't even wish for religion or merit; he remains merely the knower of Dharma, not its possessor.

अपरिग्गहो अणिच्छो भणिदो णाणी य णेच्छदि अधम्मं।
अपरिग्गहो अधम्मस्स जाणगो तेण सो होदि॥२११॥

अपरिग्रहोऽनिच्छो भणितो ज्ञानी च नेच्छत्यधर्मम्।
अपरिग्रहोऽधर्मस्य ज्ञायकस्तेन स भवति॥२११॥

अनिच्छ ही अपरिग्रही, पाप भी नहीं चाह।
अधर्म का परिग्रह नहीं, ज्ञायक ही है राह॥७.१९.२११॥

इच्छारहित को ही अपरिग्रही कहा गया है और ज्ञानी अधर्म (पाप) की भी इच्छा नहीं करता। इसलिए वह अधर्म का भी परिग्रही नहीं है, केवल उसका ज्ञाता होता है।

One who is without desire is called non-possessive. The wise one does not desire even sin; he is not the possessor of adharma, only its knower.

अपरिग्गहो अणिच्छो भणिदो णाणी य णेच्छदे असणं।
अपरिग्गहो दु असणस्य जाणगो तेण सो होदि॥२१२॥

अपरिग्रहोऽनिच्छो भणितो ज्ञानी च नेच्छत्यशनम्।
अपरिग्रस्त्वशनस्य ज्ञायकस्तेन स भवति॥२१२॥

अनिच्छ ही अपरिग्रही, भोजन की ना चाह।
भोजन का परिग्रह नहीं, ज्ञायक ही है राह॥७.२०.२१२॥

इच्छारहित को ही अपरिग्रही कहा गया है और ज्ञानी भोजन की भी इच्छा नहीं करता। इसलिए वह भोजन का भी परिग्रही नहीं है, केवल उसका ज्ञाता होता है।

One who is desireless is called non-possessive. The wise one does not even desire food; he is not the possessor of food, only its knower.

अपरिग्गहो अणिच्छो भणिदो णाणी य णेच्छदे पाणं।
अपरिग्गहो दु पाणस्य जाणगो तेण सो होदि॥२१३॥

अपरिग्रहोऽनिच्छो भणितो ज्ञानी च नेच्छति पानम्।
अपरिग्रस्तु पानस्य ज्ञायकस्तेन स भवति॥२१३॥

अनिच्छ ही अपरिग्रही, पीने की ना चाह।
पीने का परिग्रह नहीं, ज्ञायक ही है राह॥७.२१.२१३॥

इच्छारहित को ही अपरिग्रही कहा गया है और ज्ञानी पीने की भी इच्छा नहीं करता, इसलिए वह पीने का भी परिग्रही नहीं है, केवल उसका ज्ञाता होता है।

One who is desireless is called non-possessive. The wise one does not even desire drink; he is not the possessor of drink, only its knower.

एमादिए दु विविहे सव्वे भावे य णेच्छदे णाणी।
जाणगभावो णियदो पीरालंबो दु सव्वत्थ॥२१४॥

एवमादिकांस्तु विविधान् सर्वान् भावांश्च नेच्छति ज्ञानी।ज्ञ
यकभावो नियतो निरालम्बस्तु सर्वत्र॥२१४॥

अनिच्छ ही अपरिग्रही, कुछ की भी ना चाह।
स्वतन्त्र वह सबसे रहे, ज्ञायक ही है राह॥७.२२.२१४॥

इसी तरह के अनेक भावों को ज्ञानी नहीं चाहता और सभी से स्वतन्त्र होकर वह निश्चित रूप से केवल ज्ञायक भाव ही है।

The wise does not desire any such states; he remains established in the state of pure knowledge, unattached to all.

उप्पण्णोदयभोगो वियोगबुद्धीए तस्स सो णिच्चं।
कंखामणागदस्स य उदयस्स ण कुव्वदे णाणी॥२१५॥

उत्पन्नोदयभोगो वियोगबुद्धया तस्य स नित्यम्।
कांक्षामनीगतस्य च उदयस्य न करोति ज्ञानी॥२१५॥

वर्तमान में कर्म उदय, ज्ञानी बुद्धि वियोग।
भविष्य की इच्छा नहीं, कर्म का नहीं रोग॥७.२३.२१५॥

ज्ञानी के राग का अभाव होने से वर्तमान कर्म का उदय वियोगबुद्धि से होता है और वह भविष्य में कर्म के उदय की आकांक्षा नहीं करता है।

The fruition of present karma is always seen by the wise with detachment, and he does not long for future karmic fruition.

जो वेददि वेदिज्जदि समए समए विणस्सदे उभयं।
तं जाणगो दु णाणी उभयं पि ण कंखदि कयावि॥२१६॥

यो वेदयते वेद्यते समये समये विनश्यत्युभयम्।
तद्ज्ञायकस्तु ज्ञानी उभयमपि न कांक्षति कदापि॥२१६॥

वेदन और वेद्य भी, हर पल नष्ट हो भाव।
ये जान वांछित नहीं, ज्ञानी का स्वभाव॥७.२४.२१६॥

जो भाव वेदन करता है और जो भाव वेदित होता है, वे दोनों समय के साथ नष्ट हो जाते हैं। यह जानने वाला ज्ञानी उन दोनों की कभी भी आकांक्षा नहीं करता।

The experiencer and the experienced both perish with time; the wise, being the knower of this, never longs for either.

बंधुवभोगणिमित्ते अज्झवसाणोदएसु णाणिस्स।
संसारदेहविसएसु णेव उप्पज्जदे रागो॥२१७॥

बन्धोपभोगनिमित्तेषु अध्यवसानोदयेषु ज्ञानिनः।
संसारदेहविषयेषु नैवोत्पद्यते रागः॥२१७॥

बंध उपभोग निमित्त से, उत्पन्न होय विचार।
ज्ञानी राग करता नहीं, देह हो या संसार॥७.२५.२१७॥

बंधन या उपभोग के कारण जो अध्यवसान रूपी भाव उत्पन्न होते हैं, उनमें भी ज्ञानी के भीतर संसार या देह विषयक राग उत्पन्न नहीं होता।

From causes like bondage or enjoyment, when worldly or bodily thoughts arise, the knower remains detached—no attachment is born in him.

णाणी रागप्पजहो सव्वदव्वेसु कम्ममज्झगदो।
णो लिप्पदि रजएण दु कद्दममज्झे जहा कणयं॥२१८॥
अण्णाणी पुण रत्तो सव्वदव्वेसु कम्ममज्झगदो।
लिप्पदि कम्मरएण दु कद्दममज्झे जहा लोहं॥२१९॥

ज्ञानी रागप्रहायकः सर्वद्रव्येषु कर्ममध्यगतः।
नो लिप्यते रजसा तु कर्दममध्ये यथा कनकम्॥२१८॥
अज्ञानी पुनः रत्तः सर्वद्रव्येषु कर्ममध्यगतः।
लिप्यते कर्मरजसा तु कर्दममध्ये यथा लोहम्॥२१९॥

सर्व द्रव्य संग रहकर भी, ज्ञानी को ना राग।
कनक कीच में शुद्ध रहे, राग का हो त्याग॥७.२६.२१८॥
सर्व द्रव्य की संगत में, अज्ञानी को राग।
लोहा जैसे कीच में, जंग के लगते दाग॥७.२७.२१९॥

ज्ञानी जीव, सर्व द्रव्यों के मध्य रहते हुए भी राग का परित्याग कर देने से कर्मरूपी रज से लिप्त नहीं होता, जैसे कीचड़ में पड़ा हुआ सोना मलिन नहीं होता।
अज्ञानी जीव, सर्व द्रव्यों में राग करने के कारण कर्म के रज से लिप्त हो जाता है, जैसे कीचड़ में पड़ा लोहा मलिन और जंग खा जाता है।

Though surrounded by all substances, the knower remains unattached like gold in mud. But the ignorant, attached to all, gets stained like iron with rust.

भुंजंतस्स वि विविहे सच्चित्ताचित्तमिस्सिए दव्वे।
संखस्स सेदभावो ण वि सक्कदि किण्हगो कादुं॥२२०॥
तह णाणिस्स वि विविहे सच्चित्ताचित्तमिस्सिए दव्वे।
भुंजंतस्स वि णाणं ण सक्कमण्णाणदं णेदुं॥२२१॥
जइया स एव संखो सेदसहावं तयं पजहिदूण।
गच्छेज्ज किण्हभावं तइया सुक्कत्तणं पजहे॥२२२॥
तह णाणी वि हु जइया णाणसहावं तयं पजहिदूण।
अण्णाणेण परिणदो तइया अण्णाणदं गच्छे॥२२३॥

भुञ्जानस्यापि विविधानि सचित्ताचित्तमिश्रितानि द्रव्याणि।
शंखस्य श्वेतभावो नापि शक्यते कृष्णकः कर्तुम्॥२२०॥
तथा ज्ञानिनोऽपि विविधानि सचित्ताचित्तमिश्रितानि द्रव्याणि।
भुञ्जानस्यापि ज्ञानं न शक्यमज्ञानतां नेतुम्॥२२१॥
यदा स एव शंखः श्वेतस्वभावं तं प्रहाय।
गच्छेत्कृष्णभावं तदा शुक्लत्वं प्रजह्यात्॥२२२॥
तथा ज्ञानी अपि यदा ज्ञानस्वभावं तं प्रहाय।
अज्ञानेन परिणतः तदा अज्ञानतां गच्छेत्॥२२३॥

सचित अचित या मिश्र हो, पर द्रव्य का भोग।
शंख श्वेत बना रहे, कालापन ना रोग॥७.२८.२२०॥
ज्ञानी रहता ज्ञान में, अज्ञान का न रोग।
सचित अचित या मिश्र हो, पर द्रव्य का भोग॥७.२९.२२१
वही शंख यदि छोड़ दे, अपना श्वेत स्वभाव।
कालापन उसको मिले, श्वेत भाव विभाव॥७.३०.२२२॥
ज्ञानी वैसा जानिये, जब अपनाता अज्ञान।
तब वह अज्ञानी बनता, छोड़ चला जब ज्ञान॥७.३१.२२३॥

जैसे शंख सचित्त, अचित्त या मिश्रित परद्रव्यों का भोग करते हुए भी अपने श्वेत भाव को नहीं खोता, वैसे ही ज्ञानी भी परद्रव्यों के भोग में लिप्त होकर भी अपने ज्ञानस्वभाव को नहीं छोड़ता। परंतु जब वही शंख अपने श्वेत स्वभाव को छोड़ देता है, तब वह काला हो जाता है; उसी प्रकार जब ज्ञानी अपने ज्ञानस्वभाव को छोड़ देता है और अज्ञान में परिणत होता है, तब वह अज्ञानी बन जाता है।

Just as a conch shell, while coming into contact with sentient, insentient, or mixed external substances, does not lose its white nature, similarly, a wise person, even while engaging with external objects, does not abandon their essential nature of knowledge.

However, when that same conch loses its white nature, it turns black; in the same way, when a wise person abandons their nature of knowledge and transforms into ignorance, they become ignorant.

पुरिसो जह को वि इहं वित्तिणिमित्तं तु सेवदे रायं।
तो सो वि देदि राया विविहे भोगे सुहुप्पाए॥२२४॥
एमेव जीवपुरिसो कम्मरयं सेवदे सुहणिमित्तं।
तो सो वि दे दि विविहे भोगे सुहुप्पाए॥२२५॥
जह पुणसो च्चिय पुरिसोवित्तिणिमित्तं णसेवदे रायं।
तो सो ण देदि राया विविहे भोगे सुहुप्पाए॥२२६॥
एमेव सम्मदिट्ठी विसयत्थं सेवदे ण कम्मरयं।
तो सो ण देदि कम्मो विविहे भोगे सुहुप्पाए॥२२७॥

पुरुषो यथा कोऽपीह वृत्तिनिमित्तं तु सेवते राजानम्।
तत्सोऽपि ददाति राजा विविधान् भोगान् सुखोत्पादकान्॥२२४॥
एवमेव जीवपुरुष: कर्मरज:सेवते सुखनिमित्तम्।
तत्तदपि ददाति कर्म विविधान् भोगान् सुखोत्पादकान्॥२२५॥
यथा पुन: स एव पुरुषो वृत्तिनिमित्तं न सेवते राजानम्।
तत्सोऽपि न ददाति राजा विविधान् भोगान् सुखोत्पादकान्॥२२६॥
एवमेव सम्यग्दृष्टि: विषयार्थंसेवते न कर्मरज:।
तत्तन्न ददाति कर्म विविधान् भोगान् सुखोत्पादकान्॥२२७॥

राजा की सेवा करे, ऐसे जन ही पाय।
तो राजा भी देत है, सुख भोग के उपाय॥७.३२.२२४॥
जो कर्म की सेवा करे, ऐसे जन ही पाय।
तो कर्म भी देता रहे, सुख भोग के उपाय॥७.३३.२२५॥
राजा की सेवा नहीं, ऐसे जन ना पाय।
तो नृप भी देता नहीं, सुख भोग के उपाय॥७.३४.२२६॥
कर्म रज की सेवा नहीं, ऐसे जन ना पाय।
तो कर्म भी देता नहीं, सुख भोग के उपाय॥७.३५.२२७॥

जैसे इस जगत में कोई भी पुरुष आजीविका के लिए राजा की सेवा करता है तो वह राजा भी उसे सुख उत्पन्त करने वाले अनेक प्रकार के भोग देता है, इसी प्रकार जीव पुरुष सुख के लिए कर्म रजत की सेवा करता है तो वह कर्म भी उसे सुख उत्पन्न करने वाले अनेक प्रकार के भोग देता है।

और जैसे ही वही पुरुष आजीविका के लिए राजा की सेवा नहीं करता तो वह राजा भी उसे सुख उत्पन्न करने वाले अनेक प्रकार के भोग नहीं देता इसी प्रकार सम्यक्दृष्टि विषय के लिए कर्मरज की सेवा नहीं करता तो कर्म भी उसे सुख उत्पन्न करने वाले अनेक प्रकार के सुख नहीं देता।

Just as, in this world, when a person serves a king for livelihood, the king grants him various pleasures that bring happiness, similarly, when the soul serves karmic matter (karma-rajat) for pleasure, karma too provides various enjoyments that give happiness.

And just as when that person no longer serves the king for livelihood, the king also ceases to grant him those pleasures, in the same way, when a person with right vision (samyak-drishti) no longer serves the karmic matter for sensual pleasures, karma too stops providing those various enjoyments that bring happiness.

समेमादिट्ठी जीवा णिस्संका होंति णिब्भया तेण।
सत्तभयविप्पमुक्का जम्हा तम्हा दु णिस्संका॥२२८॥

सम्यग्दृष्टयो जीवा निश्शंका भवन्ति निर्भयास्तेन।
सप्तभयविप्रमुक्ता यस्मात्तस्मात्तु निश्शंकाः॥२२८॥

ना शंका ना भय रहे, हो सम्यग्दृष्टि जीव।
सात भय से रहित सदा ज्ञानी पक्की नींव॥७.३६.२२८॥

सम्यग्दृष्टि जीव को कोई शंका नहीं होती इसलिए वे निर्भय होते हैं।[SEP]क्योंकि वे सात प्रकार के भय (इहलोक, परलोक, वेदना, अरक्षा, अगुप्ति, मरण, आकस्मिक) से मुक्त होते हैं, इसलिए निःशंक रहते हैं।

A soul with right faith remains free of doubt and fear.[SEP]Being liberated from the seven kinds of fear, he remains unshaken from all sides.

जो चत्तारि वि पाए छिंददि ते कम्मबंध मोहकरे।
सो णिंस्संको चेदा सम्मादिट्ठि मुणेदव्वो॥२२९॥

यश्चतुरोऽपि पादान् छिनत्ति तान् कर्मबन्धमोहकरान्।
स निश्शङ्कश्चेतयिता सम्यग्दृष्टिर्ज्ञातव्यः॥२२९॥

कर्मबंध होता नहीं, मिथ्यादि का अभाव।
सम्यग्दृष्टि निःशंक रहे, निर्जरा ही प्रभाव॥७.३७.२२९॥

जो सम्यग्दृष्टि चार कर्मबन्धकारक मोहक पायों (मिथ्यात्व, अज्ञान, अविरति, योग) को छिन्न करता है, वह शंका रहित चेतन है और उसे ही सम्यग्दृष्टि जानना चाहिए।

He who cuts off the four deluding causes of karmic bondage—false belief, ignorance, non-restraint, and activity—is doubt-free and is truly called a right believer (Samyagdrishti).

जो दु ण करेदि कंखं कम्मफलेसु तह सव्वधम्मेसु।
सो णिक्कंखो चेदा सम्मादिट्ठी मुणेदव्वो॥२३०॥

यस्तु न करोति कांक्षां कर्मफलेषु तथा सर्वधर्मेषु।
स निष्कांक्षश्चेतयिता सम्यग्दृष्टिर्ज्ञातव्यः॥२३०॥

ना फल की आशा करे, वस्तु धर्म ना चाह।
चेतन वो निष्कांक्ष कहे, सम्यग्दृष्टि की राह॥७.३८.२३०॥

जो चेतन जीव कर्मों के फलों की और समस्त धर्मों की इच्छा नहीं करता, वह निष्कांक्ष है और वही सम्यग्दृष्टि कहलाने योग्य है।

He who does not desire the fruits of karma nor has any longing for external religious practices is non-expectant, and such a conscious being should be known as a right believer (Samyagdrishti).

जो ण करेदि दुगुंछं चेदा सव्वेसिमेव धम्माणं।
सो खलु णिविदिगिच्छो सम्मादिट्ठी मुणेदव्वो॥२३२॥

यो नो करोति जुगुप्सां चेतयिता सर्वेषामेव धर्माणाम्।
स खलु निर्विचिकित्सः सम्यग्दृष्टिर्ज्ञातव्यः॥२३२॥

जो ग्लानि करता नहीं, वस्तु धर्म स्वभाव।
सम्यग्दृष्टि जान उसे, निर्विचकित्स भाव॥७.३९.२३२॥

जो चेतन सभी द्रव्यों के धर्मों के प्रति ग्लानि या घृणा नहीं करता, वही निर्विचिकित्स कहलाता है और वह सम्यग्दृष्टि जानने योग्य है।

He who feels no aversion or disgust toward the inherent nature of any substance or its attributes is truly without doubt (Nirvichikitsa) and should be recognized as a right believer.

जो हवदिअसम्मूढो चेदा सद्दिट्ठि सव्वभावेसु।
सो खलु अमूढदिट्ठी सम्मादिट्ठी मुणेदव्वो॥२३२॥

यो भवति असम्मूढः चेतयिता सद्दृष्टिः सर्वभावेषु।
स खलु अमूढदृष्टिः सम्यग्दृष्टिर्ज्ञातव्यः॥२३२॥

सर्व भाव जब चेतन में, दृष्टि अमूढ यथार्थ।
सम्यग्दृष्टि जान उसे, ज्ञात सभी पदार्थ॥७.४०.२३२॥

जो चेतन सभी भावों में यथार्थ दृष्टि रखता है और किसी प्रकार की भ्रांति से रहित होता है, वही अमूढ़दृष्टि है, उसे ही सम्यग्दृष्टि समझना चाहिए।

One who is unwavering and rightly perceives all aspects of reality without confusion is truly undeluded and should be recognized as a right believer (Samyagdrishti).

जो सिद्धभत्तिजुत्तो उवगूहणगो दु सव्वधम्माणं।
सो उवगूहणकारी सम्मादिट्ठी मुणेदव्वो॥२३३॥

यः सिद्धभक्तियुक्तः उपगूहनकस्तु सर्वधर्माणाम्।
स उपगूहनकारी सम्यग्दृष्टिर्ज्ञातव्यः॥२३३॥

जो चेतन सिद्ध भक्ति में, पर भाव से अज्ञान।
उपगूहनकारी वही, सम्यग्दृष्टि वो जान॥७.४१.२३३॥

जो चेतन सिद्धों की भक्ति से युक्त है और परधर्मों में आसक्त नहीं होता, वही समस्त धर्मों का आदर करने वाला होता है और उसे ही सम्यग्दृष्टि समझना चाहिए।

One who is devoted to the liberated souls (Siddhas) and reveres all true dharmas without attachment to alien beliefs is to be known as a right believer (Samyagdrishti).

उम्मग्गं गच्छंतं सगं पि मग्गे ठवेदि जो चेदा।
सो ठिदिकरणाजुत्तो सम्मादिट्ठी मुणेदव्वो॥२३४॥

उन्मार्गं गच्छन्तं स्वकमपि मार्गे स्थापयति यश्चेतयिता।
स स्थितिकरणयुक्तः सम्यग्दृष्टिर्ज्ञातव्यः॥२३४॥

चेतन हटता मार्ग से, पुन: आत्मा स्थान।
स्थितिकरणयुक्त है वही, सम्यग्दृष्टि वो जान॥७.४२.२३४॥

जो चेतन आत्मा उन्मार्ग की ओर चला भी जाता है, किंतु पुनः उसे मार्ग में स्थिर करता है, उसे स्थितिकरणयुक्त सम्यग्दृष्टि जानना चाहिए।

One who, even if deviating from the right path, restores himself back to the true path with awareness is to be known as a right believer endowed with stability.

जो कुणदि वच्छलत्तं तिण्हं साहूण मोक्खमग्गम्हि।
सो वच्छलभावजुदो सम्मादिटिठी मुणेदव्वो॥२३५॥

यः करोति वत्सलत्वं त्रयाणां साधूनां मोक्षमार्गे।
स वत्सलभावयुतः सम्यग्दृष्टिर्ज्ञातव्यः॥२३५॥

जो करता वात्सल्य है, त्रिरत्न में ध्यान।
वत्सलभाव युक्त वही, सम्यग्दृष्टि जान॥७.४३.२३५॥

जो मोक्षमार्ग में स्थित त्रिरत्न – सम्यग्दर्शन, सम्यज्ञान और सम्यकचारित्र – में स्थित साधुओं के प्रति वात्सल्य करता है, वह वत्सलभाव से युक्त सम्यग्दृष्टि माना जाता है।

One who possesses loving devotion towards the three jewels—right faith, knowledge, and conduct—as embodied in the saints on the path of liberation, is to be known as a right believer with a loving nature.

विज्जारहमारुढो मणोरहपहेसु भमइ जो चेदा।
सो जिणणाणपहावी सम्मादिट्ठी मुणेदव्वो॥२३६॥

विद्यारथमारूढः मनोरथपथेषु भ्रमति यश्चेतयिता।
स जिनज्ञानप्रभावी सम्यग्दृष्टिर्ज्ञातव्यः॥२३६॥

विद्या रथ पर चढ़ करे,सदा भ्रमण बस ज्ञान।
जिनेन्द्र की प्रभावना, सम्यग्दृष्टि जान॥७.४४.२३६॥

जो चेतन विद्या रूपी रथ पर आरूढ़ होकर ज्ञान मार्ग में भ्रमण करता है, वह जिनेन्द्र भगवान के ज्ञान की प्रभावना करने वाला सम्यग्दृष्टि माना जाता है।

The one who, mounted on the chariot of knowledge, journeys along the path of noble aspirations and spreads the influence of the Jinas' wisdom, is to be recognized as a right believer inspired by the light of true knowledge.

8 बंध अधिकार

जह णाम को वि पुरिसो णेहब्भत्तो दु रेणुबहुलम्मि।
ठाणम्मि ठाइदूण य करेदि सत्थेहिं वायामं॥२३७॥
छिंददि भिंददि य तहा तालीतलकयलिवंसपिंडीओ।
सचित्ताचित्ताणं करेदि दव्वाणमुवघादं॥२३८॥
उवघादं कुव्वंतस्स तस्स णाणाविहेहिं करणेहिं।
णिच्छयदो चिंतेज्ज हु किंपच्चयगो दु रयबंधो॥२३९॥
जो सो दु णेहभावो तम्हि णरे तेण तस्स रयबंधो।
णिच्छयदो विण्णेयं ण कायचेट्ठाहिं सेसाहिं॥२४०॥
एवं मिच्छादिट्ठी वट्टतो बहुविहासु चिट्ठासु।
रागादी उवओगे कुव्वंतो लिप्पदि रएण॥२४१॥

यथा नाम कोऽपि पुरुषः स्नेहाभ्यक्तस्तु रेणुबहुले।
स्थाने स्थित्वा च करोति शस्त्रैर्व्यायामम्॥२३७॥
छिनत्ति भिनत्ति च तथा ताली-तल-कदलि-वंशपिण्डीन्।
सचित्ताचित्तानां करोति द्रव्याणामुपघातम्॥२३८॥
उपघातं कुर्वतः तस्य नानाविधैः करणैः।
निश्चयतः चिन्त्यतां खलु किंप्रत्ययिकस्तु रजोबन्धः॥२३९॥
यः स तु स्नेहभावस्तस्मिन्नरे तेन तस्य रजोबन्धः।
निश्चयतो विज्ञेयं न कायचेष्टाभिः शेषाभिः॥२४०॥
एवं मिथ्यादृष्टिर्वर्तमानो बहुविधासु चेष्टासु।
रागाद्युपयोगे कुर्वाणो लिप्यते रजसा॥२४१॥

जिस तरह जब पुरुष करे, चुपड़े तेल तमाम।
स्थान जब हो धूल भरा, शस्त्रों से व्यायाम॥८.१.२३७॥
छेदे भेदे वृक्ष कई, ताड़ बाँस तमाल।
सचित्त अचित्त द्रव्य कई, घातक उसकी चाल॥८.२.२३८ ॥
पुरुष करे उपघात वह, नाना विधि प्रकार।
धूल बंधती किस तरह, निश्चय से कर विचार॥८.३.२३९॥
चिकनाहट ही कारण है, रज बंध का तु जान।
शारीरिक चेष्टा नहीं, निश्चय से पहचान॥८.४.२४०॥
मिथ्यादृष्टि उसी तरह, नाना विधि प्रकार।
कारण है रागादि ही , कर्म बंधन विचार॥८.५.२४१॥

जैसे कोई पुरुष तेल आदि चिकने पदार्थ लगाकर और बहुत से धूल वाले स्थान में रहकर शस्त्रों के द्वारा व्यायाम करता है। तथा ताड़, तमाल, केल, बाँस, अशोक इत्यादि वृक्षों को छेदता है भेदता है, सचित्त तथा अचित्त आदि द्रव्यों का उपघात करता है; इस प्रकार नाना प्रकार के करणों द्वारा उपघात करते हुए उस पुरुष के रज का बन्ध वास्तव में किस कारण से होता है, यह निश्चय से विचार करो। उस पुरुष में जो वह तेल आदि की चिकनाहट है उससे उसे रज का बंध होता है, ऐसा निश्चय से जानना चाहिए, शेष शारीरिक चेष्टाओं से नहीं होता।

इसी प्रकार बहुत प्रकार की चेष्टाओं में वर्तता हुआ मिथ्यादृष्टि उपयोग में रागादि भावों को करता हुआ कर्मरुप रज से लिप्त होता है, बंधता है।

**Even as a man, anointed with oil, works with weapons in a place full of dust;
He cuts and breaks trees—palms, bamboos, bananas—and injures both sentient and insentient substances;
The cause of his dust-covered state must be understood not merely by his acts,
But by the oiliness—the stickiness—that causes the dust to cling.**

**In the same way, the deluded soul engaged in various actions becomes bound by karmic dust not because of the actions themselves,
But due to internal passions like attachment—know this truly.**

जह पुण सो चेव णरो णेहे सव्वम्हि अवणिदे संते।
रेणुबहुलम्मि ठाणे करेदि सत्थेहिं वायामं॥२४२॥
छिंददि भिंददि य तहा तालीतलकयलिवंसपिंडीओ।
सचित्ताचित्ताणं करेदि दव्वाणमुवघादं॥२४३॥
उवघादं कुव्वंतस्स तस्स णाणाविहेहिं करणेहिं।
णिच्छयदो चिंतेज्ज हु किंपच्चयगो णु रयबंधो॥२४४॥
जो सो दु णेहभावो तम्हि णरे तेण तस्स रयबंधो।
णिच्छयदो विण्णेयं ण कायचेट्ठाहिं सेसाहिं॥२४५॥
एवं मिच्छादिट्ठी वट्टतो बहुविहेसु जोगेसु।
अकरंतो उवओगे रागादी ण लिप्पदि रएण॥२४६॥

यथा पुनः स एव नरः स्नेहे सर्वस्मिन्नपनीते सति।
रेणुबहुले स्थाने करोति शस्त्रैर्व्यायामम्॥२४२॥
छिनत्ति भिनत्ति च तथा ताली-तल-कदली-वंशपिण्डीन्।
सचित्ताचित्तानां करोति द्रव्याणामुपघातम्॥२४३॥
उपघातं कुर्वतः तस्य नानाविधैः करणैः।
निश्चयतः चिन्त्यतां खलु किंप्रत्ययिको न रजोबन्धः॥२४४॥
यः स तु स्नेहभावस्तस्मिन्नरे तेन तस्य रजोबन्धः।
निश्चयतः विज्ञेयं न कायचेष्टाभिः शेषाभिः॥२४५॥
एवं सम्यग्दृष्टिर्वर्तमानो बहुविधेषु योगेषु।
अकुर्वन्नुपयोगे रागादीन् न लिप्यते रजसा॥२४६॥

जिस तरह जब पुरुष करे, चुपड़े तेल तमाम।
स्थान जब हो धूल भरा, शस्त्रों से व्यायाम॥८.६.२४२॥
छेदे भेदे वृक्ष कई, ताड़ बाँस तमाल।
सचित्त अचित्त द्रव्य कई, घातक उसकी चाल॥८.७.२४३॥
पुरुष करे उपघात वह , नाना विधि प्रकार।
धूल बंधती क्यूँ नहीं, निश्चय से कर विचार॥८.८.२४४॥
चिकनाहट ही कारण है, रज बंध का तु जान।
शारीरिक चेष्टा नहीं, निश्चय से पहचान॥८.९.२४५॥
सम्यग्दृष्टि उसी तरह, नाना विधि प्रकार।
रागादि जब नहीं रहे, कर्म ना बंध विचार॥८.१०.२४६॥

और जैसे वही पुरुष तेल आदि चिकने पदार्थ न लगाकर और बहुत से धूल वाले स्थान में रहकर शस्त्रों के द्वारा व्यायाम करता है। तथा ताड़, तमाल, केल, बाँस, अशोक इत्यादि वृक्षों को छेदता है भेदता है, सचित्त तथा अचित्त आदि द्रव्यों का उपघात करता है; इस प्रकार नाना प्रकार के करणों द्वारा उपघात करते हुए उस पुरुष के रज का बन्ध वास्तव में किस कारण से नही होता है, यह निश्चय से विचार करो। उस पुरुष को जो वह तेल आदि की चिकनाहट है उससे उसे रज का बंध होता है, ऐसा निश्चय से जानना चाहिए, शेष शारीरिक चेष्टाओं से नहीं होता।

इसी प्रकार बहुत प्रकार की योगों में वर्तता हुआ सम्यग्दृष्टि उपयोग में रागादि भावों को न करता हुआ कर्मरुप रज से लिप्त नहीं होता है, नहीं बंधता है।

Even when a man, devoid of all oily substances, Performs weapon-exercises in a place full of dust, And cuts and breaks various trees—palms, bananas, bamboos—Harming both sentient and insentient beings, One should reflect with discernment—Does the dust stick to him just by action? It is not physical effort, but oiliness that causes dust to cling. In the same way, a Right Visioned soul, Though engaged in many activities, Remains unattached to karmic dust, Because he does not engage in passions like attachment.

जो मण्णदि हिंसामि य हिंसिज्जामि य परेहिं सत्तेहिं।
सो मूढो अण्णाणी णाणी एत्तो दु विवरीदो॥२४७॥

यो मन्यते हिनस्मि च हिंस्ये च परैः सत्त्वैः।
स मूढोऽज्ञानी ज्ञानी अतो तु विपरीतः॥२४७॥

जो माने मैं मारता, "पर" ले मेरी जान।
दोनो ही अज्ञान है, उल्टा माने ज्ञान॥८.११.२४७॥

जो यह मानता है कि मैं पर जीवों को मारता हूँ और पर जीव मुझे मारते हैं – वह मूढ़ है, अज्ञानी है।[SEP]इसके विपरीत जो ऐसा नहीं मानता, वही ज्ञानी है।

One who believes that "I kill other beings" or "other beings kill me" is deluded and ignorant. In contrast, the one who does not hold such a belief is truly wise.

आउक्खयेण मरणं जीवाणं जिणवरेहिं पण्णत्तं।
आउं ण हरेसि तुमं कह ते मरणं कदं तेसिं॥२४८॥
आउक्खयेण मरणं जीवाणं जिणवरेहिं पण्णत्तं।
आउं ण हरंति तुहं कह ते मरणं कदं तेहिं॥२४९॥

आयुषः क्षयेण मरणं प्राणिनां जिनवरैः प्रणीतम्।
आयुः न हरसि त्वं कथं तेषां मरणं कथं तवैः॥२४८॥
आयुषः क्षयेण मरणं प्राणिनां जिनवरैः प्रणीतम्।
आयुः न हरन्ति यदि कथं तेषां मरणं कथं तैः॥२४९॥

आयुकर्म से जीव मरण, जिनवर का यह ज्ञान।
आयु तू ना हर सकता, कैसे मारा जान?॥८.१२.२४८॥
आयुकर्म से जीव मरण, जिनवर का यह ज्ञान।
हर सकता कोई नहीं, तेरी आयु तु जान?॥८.१३.२४९॥

जीवों का मरण आयु कर्म के क्षय से होता है ऐसा जिनवरों ने कहा है;तू पर जीवों के आयु कर्म को तो हरता नहीं, तो तूने उनका मरण कैसे किया?

Death of beings occurs due to the exhaustion of their lifespan karma — this is what the Jinas have declared. You do not take away their lifespan; how then can you say you caused their death?

जो मण्णदि जीवेमि य जीविज्जामि य परेहिं सत्तेहिं।
सो मूढो अण्णाणी णाणी एत्तो दु विवरीदो॥२५०॥

यो मन्यते जीवयामि च जीव्ये च परैः सत्तवैः।
स मूढोऽज्ञानी ज्ञान्यतस्तु विपरीतः॥२५०॥

कोई जीवन दे मुझे, मै जिलाउँ जान।
अज्ञानी वो जीव है, उल्टा माने ज्ञान॥८.१४.२५०॥

जो जीव यह मानता है कि मैं पर जीवों को जिलाता हूँ या पर जीव मुझे जिलाते हैं, वह अज्ञानी हैं और इससे विपरीत जो ऐसा नहीं मानता वह ज्ञानी हैं।

One who believes, "I give life to others, or others give life to me,"[SEP]That being is deluded and ignorant — the wise think the opposite.

आऊदयेण जीवदि जीवो एवं भणंति सव्वण्हू।
आउंण च देसि तुमं कहं तए जीविदं कदं तेसिं॥२५१॥
आऊदयेण जीवदि जीवो एवं भणंति सव्वण्हू।
आउं च ण दिंति तुहं कहं णु ते जीविदं कदं तेहिं॥२५२॥

आयुरुदयेन जीवति जीव एवं भणन्ति सर्वज्ञाः।
आयुश्च न ददासि त्वं कथं त्वया जीवितं कृतं तेषाम्॥२५१॥
आयुरुदयेन जीवति जीव एवं भणन्ति सर्वज्ञाः।
आयुश्च न ददति तव कथं नु ते जीवितं कृतं तैः॥२५२॥

जीवायुकर्म उदय से, जिनवर का यह ज्ञान।
आयु तु ना दे सकता नहीं, कैसे जीवन दान?॥८.१५.२५१॥
जीवायुकर्म उदय से, जिनवर का यह ज्ञान।
'पर' आयुकर्म दे न सके, कैसे जीवन दान?॥८.१६.२५२॥

जीव आयु कर्म के उदय से जीता है – ऐसा सर्वज्ञ देव कहते हैं; तू किसी को आयु नहीं देता, तो फिर तू उसे जीवन कैसे दे सकता है?

कर्म सुलावे जीवको, कर्म जगाना काम॥१०.२५.३३२॥
कर्म जीव को सुखी करे, दुख भी कर्म का काम।
मिथ्यात्व भी कर्म करे, असंयम कर्म का काम॥१०.२६.३३३॥
ऊर्ध्व या तिर्यक् लोक हो, भ्रमण कर्म का काम।
कुछ भी शुभ या अशुभ हो, सभी कर्म के काम॥१०.२७.३३४॥
करना, देना व हरना, सभ कर्म के काम।
इस से तो निश्चय हुआ, जीव न करता काम॥१०.२८.३३५॥
पुरुषवेद स्त्री कामना, स्त्रीवेद पुरुष चाह।
आचार्य ने यही कहा, परम्परा की राह॥१०.२९.३३६॥
ब्रह्मचारी है जीव सदा, ऐसा ही उपदेश।
कर्म करे कर्म की इच्छा, यही कर्म का वेष॥१०.३०.३३७॥
पर को मारे या मरे, प्रकृति का है काम।
परघातनाम कर्म कहा, प्रकृति करे तमाम॥१०.३१.३३८॥
जीव घात करता नहीं, ऐसा ही उपदेश।
कर्म ही मारे कर्म को, जीव का नहीं क्लेश॥१०.३२.३३९॥
जो श्रमण यह वर्णन करे, सांख्य मत का ज्ञान।
आत्मा तो करता नहीं, प्रकृति कर्ता मान॥१०.३३.३४०॥
आत्मा आत्मा को करे, ऐसा जब जो मान।
है मिथ्यास्वभाव यही, ऐसा तम लो जान॥१०.३४.३४१॥
असंख्यप्रदेश आत्मा नित्य, जैन दर्शन सिद्धांत।
हीन अधिक होता नहीं, आत्म सदा ही शांत॥१०.३५.३४२॥
जीव का जीव रूप से, लोकमात्र विस्तार।
फिर द्रव्य हीन या अधिक, कैसे करे विचार॥१०.३६.३४३॥
ज्ञायक सदा स्थित रहे, ज्ञायक भाव स्वभाव।
आत्मा आत्मा करे नहीं, ऐसा नहीं प्रभाव॥१०.३७.३४४॥

कर्म जीव को अज्ञानी करते है और कर्म जीव को ज्ञानी करते है, कर्म सुलाते है और कर्म ही जगाते है। कर्म सुखी करते है और कर्म ही दुखी करते है, कर्म मिथ्यात्व को प्राप्त कराते है और कर्म ही असंयम कराते है। कर्म ऊर्ध्वलोक, अधोलोक, व तिर्यग्लोक में भ्रमण कराते है, शुभ और अशुभ कर्म ही कराते है। कर्म करता है, कर्म देता है, कर्म हर लेता है इस प्रकार जो कुछ भी करता है वो कर्म ही करता है इसलिए सब जीव अकारक सिद्ध होते है। पुरुषवेद कर्म स्त्री की अभिलाषी है और स्त्रीवेदकर्म पुरुष का अभिलाषी है, ऐसी यह आचार्य की परम्परा से आई हुई श्रुति है। इसलिए हमारे उपदेश में कोई भी जीव अब्रहमचारी नहीं है क्योंकि कर्म ही कर्म की अभिलाषा करता है ऐसा कहा है। और जो पर को मारता है या पर के द्वारा मारा जाता है वह प्रकृति है, इस अर्थ में परघातनाम कर्म कहा जाता है। इसलिए हमारे उपदेश में कोई भी जीव उपघातक नहीं है क्योंकि कर्म ही कर्म को मारता है ऐसा कहा है। इस प्रकार सांख्यमत का उपदेश श्रमण प्ररुपित करते हैं उनके मत में प्रकृति ही करती है और आत्मा तो सब अकारक है ऐसा सिद्ध होता है। अथवा यदि तुम यह मानते हो कि मेरा आत्मा अपने आत्मा को करता है तो ऐसा जाननेवाला यह तुम्हारा मिथ्या स्वभाव है। क्योंकि सिद्धांत में आत्मा को नित्य, असंख्यात प्रदेशी बताया गया है, इससे वह हीन या अधिक नहीं किया जा सकता। और विस्तार से भी जीव का रुप निश्चय से लोकमात्र जानो, उससे क्या वह हीन अधिक होता है? तब फिर आत्मा द्रव्य को कैसे करता है?अथवा यदि ज्ञायक भाव तो ज्ञान स्वभाव में स्थित रहता है ऐसा माना जाये तो इससे भी आत्मा स्वयं अपने आत्मा को नहीं करता यह सिद्ध होगा।

Karma makes the soul ignorant, and karma also makes the soul knowledgeable. Karma puts one to sleep, and karma also awakens. Karma brings happiness, and karma also causes sorrow. Karma leads to false belief (mithyātva), and karma also leads to lack of restraint (asaṁyama).

Karma causes the soul to wander in the upper world (ūrdhvaloka), lower world (adholoka), and middle realm (tiryagloka). Both auspicious and inauspicious karmas are responsible for these experiences. Karma acts, karma gives, and karma also takes away — thus, whatever happens is done by karma alone. Therefore, all souls are proven to be non-doers (akāraka).

The karma of a male inclination (puruṣaveda karma) desires the female, and the karma of a female inclination (strīveda karma) desires the male — such is the tradition passed down by the Ācāryas (spiritual teachers). Therefore, in our teaching, no soul is truly celibate, because it is karma that desires karma, so it is said.

And one who kills another, or is killed by another — that is nature (prakṛti); in this sense, karma is said to be 'paraghātanāma' (destructive to others). Thus, in our teaching, no soul is a true killer, because it is karma that harms karma — so it is said.

In this way, the Sāṅkhya philosophy is expounded by the Śramaṇas (ascetics). In their view, it is prakṛti (nature) that acts, and the soul is always a non-doer — this is what is proven.

Alternatively, if you believe that the soul acts upon itself, then know that this is your false perception of the self. For, in the doctrine, the soul is described as eternal and consisting of infinite space-points (asaṅkhyāta pradeśī); hence, it can neither be diminished nor increased.

And even in its expanse, the nature of the soul is certainly limited to the universe (loka) — can that make it more or less? Then how can the soul act upon the substance of the soul?

Or, if it is accepted that the knowing mode (jñāyaka bhāva) remains established in the nature of knowledge, then even by this, it is proven that the soul does not act upon itself.

केहिंचि दु पज्जएहिं विणस्सए णेव केहिंचि दु जीवो।
जम्हा तम्हा कुव्वदि सो वा अण्णो व णेयंतो॥३४५॥
केहिंचि दु पज्जएहिं विणस्सए णेव केहिंचि दु जीवो।
जम्हा तम्हा वेदेदि सो वा अण्णो व णेयंतो॥३४६॥
जो चेव कुणदि सो चिय ण वेदए जस्स एस सिद्धंतो।
सो जीवो णादव्वो मिच्छादिट्ठी अणारिहदो॥३४७॥
अण्णो करेदि अण्णो परिभुंजदि जस्स एस सिद्धंतो।
सो जीवो णादव्वो मिच्छादिट्ठी अणारिहदो॥३४८॥

कैश्चित्तु पर्यायैर्विनश्यति नैव कैश्चित्तु जीवः।
यस्मात्तस्मात्करोति स वा अन्यो वा नैकान्तः॥३४५॥
कैश्चित्तु पर्यायैर्विनश्यति नैव कैश्चित्तु जीवः।
यस्मात्तस्माद्वेदयते स वा अन्यो वा नैकान्तः॥३४६॥
यश्चैव करोति स चैव न वेदयते यस्य एष सिद्धान्तः।
स जीवो ज्ञातव्यो मिथ्यादृष्टिरनार्हतः॥३४७॥
अन्यः करोत्यन्यः परिभुंक्ते यस्य एष सिद्धान्तः।
स जीवो ज्ञातव्यो मिथ्यादृष्टिरनार्हतः॥३४८॥

जीव द्रव्य हो नष्ट नहीं, नष्ट होत पर्याय।
करता भोगे एक अन्य, न एकल व्यवसाय॥१०.३८.३४५॥
जीव द्रव्य हो नष्ट नहीं, नष्ट होत पर्याय।
जो भोगे या अन्य जन, न एकल व्यवसाय॥१०.३९.३४६॥
करता वह ना भोगता, ऐसा जिसका ज्ञान।
मिथ्या दृष्टि अजैन है, ऐसा उसको मान॥१०.४०.३४७॥
दूजा कर भोगे दिगर,ऐसा जिसका ज्ञान।
मिथ्या दृष्टि अजैन है, ऐसा उसको मान॥१०.४१.३४८॥

जीव द्रव्य से कभी नष्ट नहीं होता, केवल उसकी पर्यायें नष्ट होती हैं।
इसलिए जो कर्म करता है वही करता है या कोई और करता है – ऐसा कोई एकांत निर्णय नहीं किया जा सकता।
जीव द्रव्य से कभी नष्ट नहीं होता, केवल पर्यायें ही नष्ट होती हैं।
इसलिए जो भोगता है वही भोगता है या कोई और – ऐसा कोई एक निश्चित मत नहीं है।
जिसका सिद्धांत है कि जो करता है वही भोगता नहीं है, वह जीव मिथ्यादृष्टि और अरिहंतों से विपरीत मत वाला है।
जिसका मत है कि कोई और करता है और कोई और भोगता है, वह भी मिथ्यादृष्टि और अरिहंतों से विपरीत मत वाला है।

The soul never perishes as substance, only through certain modes (modifications).
Hence, whether the doer is the same as the experiencer or someone else — this cannot be asserted with certainty.

The soul never perishes as a substance, only some of its modifications do.
So whether the enjoyer is the same as the doer or someone else — this cannot be decisively affirmed.
One who holds the view that the doer is not the enjoyer — that soul is to be known as misguided, of false view, and opposed to the teachings of the Arhats.
And one who says that someone else does and someone else enjoys — he too holds a false view and is outside the path shown by the Arhats.

जह सिप्पिओ दु कम्मं कुव्वदि ण य सो दु तम्मओ होदि।
तह जीवो वि य कम्मं कुव्वदि ण य तम्मओ होदि॥३४९॥
जह सिप्पिओ दु करणेहिं कुव्वदि ण य सो दु तम्मओ होदि।
तह जीवो करणेहिं कुव्वदि ण य तम्मओ होदि॥३५०॥
जह सिप्पिओ दु करणाणि गिण्हदि ण य सो दु तम्मओ होदि।
तह जीवो करणाणि दु गिण्हदि ण य तम्मओ होदि॥३५१॥
जह सिप्प दु कम्मफलं ण य सो दु तम्मओ होदि।
तह जीवो कम्मफलं भुंजदि ण य तम्मओ होदि॥३५२॥
एवं ववहारस्स दु वत्तव्वं दरिसणं समासेण।
सुणु णिच्छयस्स वयणं परिणामकदं जं होदि॥३५३॥
जह सिप्पिओ दु चेट्ठं कुव्वदि हवदि य तहा अणण्णो से।
तह जीवो वि य कम्मं कुवदि हवदि य अणण्णो से॥३५४॥
जह चेट्ठं कुव्वंतो दु सिप्पिओ णिच्चदुक्खिओ होदि।
तत्तो सिया अणण्णो तह चेट्ठंतो दुही जीवो॥३५५॥

यथा शिल्पिकः तु कर्म करोति न च स तु तन्मयः भवति।
तथा जीवः अपि च कर्म करोति न च तन्मयः भवति॥३४९॥
यथा शिल्पिकः तु करणैः करोति न च स तु तन्मयः भवति।
तथा जीवः करणैः करोति न च तन्मयः भवति॥३५०॥
यथा शिल्पिकः तु करणानि गृह्णाति न च स तु तन्मयः भवति।
तथा जीवः करणानि तु गृह्णाति न च तन्मयः भवति॥३५१॥
यथा शिल्पी तु कर्मफलम् भुंक्ते न च स तु तन्मयः भवति।
तथा जीवः कर्मफलम् भुंक्ते न च तन्मयः भवति॥३५२॥
एवं व्यवहारस्य तु वक्तव्यं दर्शनं समासेन।
शृणु निश्चयस्य वचनं परिणामकृतं तु यद्भवति॥३५३॥
यथा शिल्पिकः तु चेष्टां करोति भवति च तथाऽनन्यः तस्याः।
तथा जीवः अपि च कर्म करोति भवति चानन्यः तस्मात्॥३५४॥
यथा चेष्टां कुर्वाणः तु शिल्पिकः नित्यदुःखितः भवति।
तस्मात् च स्यात् अनन्यः तथा चेष्टमानः दुःखी जीवः॥३५५॥

स्वर्णकार कुण्डल गढ़े, खुद ना कुंडल होय।
जीव कर्म करता वही, निज को नहीं डुबाय॥१०.४२.३४९॥
स्वर्णकार तन्मय नहीं, करता करण प्रयोग।
जीव कर्म साधन सहित, खुद का ना उपयोग॥१०.४३.३५०॥
करण को ग्रहण करता, तन्मय नहीं स्वर्णकार।
करण को ग्रहण करता, जीव न तन्मय विचार॥१०.४४.३५१॥
कर्म का जब फल भोगता, तन्मय नहीं स्वर्णकार।
पापादि फल भोगता, जीव न तन्मय विचार॥१०.४५.३५२॥
संक्षेप में जो मत सुना, कथन है व्यवहार।
परिणाम विषय मत सुनो, निश्चय का विचार॥१०.४६.३५३॥
जैसे शिल्पी अनन्य है, चेष्टारूप परिणाम।

वैसे जीव भी अन्य है, कर्म भिन्न परिणाम॥१०.४७.३५४॥
जैसे शिल्पी अनन्य है, दुखरूप जब परिणाम।
वैसे जीव भी अन्य है, दुखरूप जब परिणाम॥१०.४८.३५५॥

जैसे शिल्पी (स्वर्णकार) कुण्डल आदि बनाता है पर स्वयं कुण्डल नहीं बनता, उसी तरह जीव कर्म करता है लेकिन वह कर्ममय (कर्म का रूप) नहीं होता।
जैसे शिल्पी उपकरणों द्वारा कार्य करता है पर वह उपकरण नहीं बनता, उसी प्रकार जीव इन्द्रियों और साधनों से कर्म करता है पर वह उनका रूप नहीं होता।
जैसे शिल्पी उपकरणों को ग्रहण करता है लेकिन उनमें लीन नहीं होता, उसी प्रकार जीव करणों को ग्रहण करता है लेकिन करणमय नहीं होता।
जैसे शिल्पी कर्म का फल भोगता है लेकिन वह उस फल में लीन नहीं होता, उसी प्रकार जीव भी कर्मफल का भोग करता है पर वह उसमें तन्मय नहीं होता।
इस प्रकार यह व्यवहारनय का संक्षिप्त दृष्टिकोण है, अब निश्चयनय का वचन सुनो – जो परिणाम के आधार पर होता है।
जैसे शिल्पी क्रिया करता है पर वह उस क्रिया से एक नहीं होता, उसी प्रकार जीव भी कर्म करता है पर वह कर्म से एक नहीं होता।
जैसे कार्य करते हुए शिल्पी नित्य दुखी होता है, फिर भी वह उस दुख से भिन्न है, उसी प्रकार कर्म करते हुए जीव भी दुखी होता है, पर वह दुख से भिन्न है।

Just as a goldsmith crafts ornaments but does not become the ornament himself, So too, the soul performs actions but is not transformed into those actions.
Just as a craftsman works using tools but does not become the tools, In the same way, the soul uses instruments (mind, speech, body) but is not identical with them.
Just as the craftsman grasps tools but is not the tools themselves, The soul too uses instruments but does not become those instruments.
Just as the artisan enjoys the result of his labor but does not become the fruit itself,So does the soul experience the fruits of karma without becoming them.
This is the summary of the standpoint of convention (vyavahār). Now listen to the doctrine of the absolute standpoint (niścaya), which is based on transformation.
Just as the artisan performs work yet remains distinct from the action, So also the soul performs karma but remains distinct from it.
Just as the artisan experiences constant pain in work yet is separate from it, So too, the soul suffers while acting but remains distinct from that suffering.

जह सेडिया दु ण परस्स सेडिया सेडिया य सा होदि।
तह जाणगो दु ण परस्स जाणगो जाणगो सो दु॥३५६॥
जह सेडिया दु ण परस्स सेडिया सेडिया य सा होदि।
तह पासगो दु ण परस्स पासगो पासगो सो दु॥३५७॥
जह सेडिया दु ण परस्स सेडिया सेडिया य सा होदि।
तह संजदो दु ण परस्स संजदो संजदो सो दु॥३५८॥
जह सेडिया दु ण परस्स सेडिया सेडिया य सा होदि।
तह दंसणं दु ण परस्स दंसणं दंसणं त तु॥३५९॥
एवं तु णिच्छयणयस्स भासिदं णाणदंसणचरित्ते।
सुणु ववहारणयस्स य वत्तव्वं से समासेण॥३६०॥
जह परदव्वं सेडदि हु सेडिया अप्पणो सहावेण।
तह परदव्वं जाणदि णादा वि सएण भावेण॥३६१॥
जह परदव्वं सेडदि हु सेडिया अप्पणो सहावेण।
तह परदव्वं पस्सदि जीवो वि सएण भावेण॥३६२॥
जह परदव्वं सेडदि हु सेडिया अप्पणो सहावेण।
तह परदव्वं विजहदि णादा वि सएण भावेण॥३६३॥
जह परदव्वं सेडदि हु सेडिया अप्पणो सहावेण।
तह परदव्वं सद्दहदि सम्मदिट्ठी सहावेण॥३६४॥
एवं ववहारस्स दु विणिच्छओ णाणदंसणचरित्ते।
भणिदो अण्णेसु वि पज्जएसु एमेव णादव्वो॥३६५॥

यथा सेटिका तु न परस्य सेटिका सेटिका च सा भवति।
तथा ज्ञायकस्तु न परस्य ज्ञायको ज्ञायकः स तु॥३५६॥
यथा सेटिका तु न परस्य सेटिका सेटिका च सा भवति।
तथा दर्शकस्तु न परस्य दर्शको दर्शकः स तु॥३५७॥
यथा सेटिका तु न परस्य सेटिका सेटिका च सा भवति।
तथा संयतस्तु न परस्य संयतः संयतः स तु॥३५८॥
यथा सेटिका तु न परस्य सेटिका सेटिका च सा भवति।
तथा दर्शनं तु न परस्य दर्शनं दर्शनं तत्तु॥३५९॥
एवं तु निश्चयनयस्य भाषितं ज्ञानदर्शनचरित्रे।
शृणु व्यवहारनयस्य च वक्तव्यं तस्य समासेन॥३६०॥
यथा परद्रव्यं सेटयति सेटिकात्मनः स्वभावेन।
तथा परद्रव्यं जानाति ज्ञातापि स्वकेन भावेन॥३६१॥
यथा परद्रव्यं सेटयति सेटिकात्मनः स्वभावेन।
तथा परद्रव्यं पश्यति जीवोऽपि स्वकेन भावेन॥३६२॥
यथा परद्रव्यं सेटयति सेटिकात्मनः स्वभावेन।
तथा परद्रव्यं विजहाति ज्ञातापि स्वकेन भावेन॥३६३॥
यथा परद्रव्यं सेटयति सेटिकात्मनः स्वभावेन।
तथा परद्रव्यं श्रद्धत्ते सम्यग्दृष्टिः स्वभावेन॥३६४॥
एवं व्यवहारस्य तु विनिश्चयो ज्ञानदर्शनचरित्रे।

भणितोऽन्येष्वपि पर्यायेषु एवमेव ज्ञातव्यः॥३६५॥

जैसे कलई पर नहीं, कलई कलई जान।
वैसे ज्ञायक पर नहीं, ज्ञायक ज्ञायक मान॥१०.४९.३५६॥
जैसे कलई पर नहीं, कलई कलई जान।
वैसे दर्शक पर नहीं, दर्शक दर्शक मान॥१०.५०.३५७॥
जैसे कलई पर नहीं, कलई कलई जान।
वैसे संयत पर नहीं, संयत संयत मान॥१०.५१.३५८॥
जैसे कलई पर नहीं, कलई कलई जान।
वैसे दर्शन पर नहीं, दर्शन दर्शन मान॥१०.५२.३५९॥
ज्ञान दर्शन चारित्र में, है कथन निश्चय जान।
संक्षेप में अब तुम सुनो, व्यवहार कथन ज्ञान॥१०.५३.३६०॥
पर द्रव्य को सफेद करे, कलई का व्यवहार।
पर द्रव्य को है जानता, ज्ञाता का व्यापार॥१०.५४.३६१॥
पर द्रव्य को सफेद करे, कलई का व्यवहार।
पर द्रव्य को है देखता, ज्ञाता का व्यापार॥१०.५५.३६२॥
पर द्रव्य को सफेद करे, कलई का व्यवहार।
पर द्रव्य को त्यागता, ज्ञाता का व्यापार॥१०.५६.३६३॥
पर द्रव्य को सफेद करे, कलई का व्यवहार।
पर द्रव्य का श्रद्धान है, ज्ञाता का व्यापार॥१०.५७.३६४॥
ज्ञान दर्शन चारित्र में, व्यवहारनय को जान।
अन्य पर्याय में उस तरह, करलो निश्चय ज्ञान ॥१०.५८.३६५॥

जैसे कलई पर की नहीं है कलई तो कलई ही है, उसी प्रकार ज्ञायक पर का नहीं है वो तो ज्ञायक ही है। जैसे कलई पर की नहीं है कलई तो कलई ही है, उसी प्रकार दर्शक पर का नहीं है वो तो दर्शक ही है। जैसे कलई पर की नहीं है कलई तो कलई ही है, उसी प्रकार संयत पर का नहीं है वो तो संयत ही है। जैसे कलई पर की नहीं है कलई तो कलई ही है, उसी प्रकार श्रद्धान पर का नहीं है वो तो श्रद्धान ही है। इस प्रकार ज्ञान दर्शन चारित्र में निश्चयनय का कथन है और उस संबंध में संक्षेप से व्यवहारनय का कथन सुनो। जैसे कलई अपने व्यवहार से पर द्रव्य को सफेद करती है उसी प्रकार ज्ञाता भी अपने स्वभाव से पर द्रव्य को जानता है। जैसे कलई अपने व्यवहार से पर द्रव्य को सफेद करती है उसी प्रकार जीव भी अपने स्वभाव से पर द्रव्य को देखता है। जैसे कलई अपने व्यवहार से पर द्रव्य को सफेद करती है उसी प्रकार ज्ञाता भी अपने स्वभाव से पर द्रव्य को त्यागता है। जैसे कलई अपने व्यवहार से पर द्रव्य को सफेद करती है उसी प्रकार सम्यग्दृष्टि भी अपने स्वभाव से पर द्रव्य का श्रद्धान करता है। इस प्रकार ज्ञान दर्शन चारित्र में व्यवहारनय का निर्णय कहा है; अन्य पर्यायों में भी इसी प्रकार जानना चाहिए।

Just as tin coating (kalai) is not *of* another, yet it is still called "tin coating," similarly, the knower is not of another, yet he is the knower.SEPJust as tin coating is not of another, yet it is still called "tin coating," similarly, the seer is not of another, yet he is the seer.SEPJust as tin coating is not of another, yet it is still called "tin coating," similarly, the restrained (one practicing self-restraint) is not of another, yet he is the restrained.SEPJust as tin coating is not

of another, yet it is still called "tin coating," similarly, faith (darshan) is not of another, yet it is faith itself.

Thus, knowledge, faith, and conduct are explained from the *nishchaya naya* (absolute standpoint); now listen briefly to their expression from the *vyavahara naya* (conventional standpoint).

Just as tin, by its own nature, coats another substance to make it white, similarly the knower, by his own nature, knows other substances.SEP Just as tin whitens another substance, similarly the soul, by its own nature, perceives other substances. Just as tin whitens another substance, similarly the knower, by his own nature, renounces other substances.SEP Just as tin whitens another substance, similarly the one with right belief (samyak drishti), by his own nature, has faith in other substances.

In this way, knowledge, faith, and conduct are described from the standpoint of conventional view (vyavahara naya); in all other modes too, understand it in the same way.

दंसणणाणचरित्तं किंचि वि णत्थि दु अचेदणे विसए।
तम्हा किं घादयदे चेदयिदा तेसु विसएसु॥३६६॥
दंसणणाणचरित्तं किंचि वि णत्थि दु अचेदणे कम्मे।
तम्हा किं घादयदे चेदयिदा तम्हि कम्मम्हि॥३६७॥
दंसणणाणचरित्तं किंचि वि णत्थि दु अचेदणे काए।
तम्हा किं घादयदे चेदयिदा तेसु काएसु॥३६८॥
णाणस्स दंसणस्स व भणिदो घादो तहा चरित्तस्स।
ण वि तहिं पोग्गलदव्वस्स को वि घादो दु णिद्दिट्ठो॥३६९॥
जीवस्स जे गुणा केइ णत्थि खलु ते परेसु दव्वेसु।
तम्हा सम्मादिट्ठिस्स णत्थि रागो दु विसएसु॥३७०॥
रागो दोसो मोहो जीवस्सेव य अणण्णपरिणामा।
एदेण कारणेण दु सद्दादिसु णत्थि रागादि॥३७१॥

दर्शनज्ञानचारित्रं किञ्चिदपि नास्ति त्वचेतने विषये।
तस्मात्किं हन्ति चेतयिता तेषु विषयेषु॥३६६॥
दर्शनज्ञानचारित्रं किञ्चिदपि नास्ति त्वचेतने कर्मणि।
तस्मात्किं हन्ति चेतयिता तत्र कर्मणि ॥३६७॥
दर्शनज्ञानचारित्रं किञ्चिदपि नास्ति त्वचेतने काये।
तस्मात्किं हन्ति चेतयिता तेषु कायेषु॥३६८॥
ज्ञानस्य दर्शनस्य च भणितो घातस्तथा चारित्रस्य।
नापि तत्र पुद्गलद्रव्यस्य कोऽपि घातस्तु निर्दिष्टः॥३६९॥
जीवस्य ये गुणाः केचिन्न सन्ति खलु ते परेषु द्रव्येषु।
तस्मात्सम्यग्दृष्टेर्नास्ति रागस्तु विषयेषु॥३७०॥
रागो द्वेषो मोहो जीवस्यैव चानन्यपरिणामाः।
एतेन कारणेन तु शब्दादिषु न सन्ति रागादयः॥३७१॥

दर्शन ज्ञान चरित्र नहीं, जड़ की जब है बात।
आत्मा कैसे कर सके, अचेतन में संघात॥१०.५९.३६६॥
दर्शन ज्ञान चरित्र नहीं, कर्म की जब है बात।
आत्मा कैसे कर सके, कर्मों में संघात॥१०.६०.३६७॥
दर्शन ज्ञान चरित्र नहीं, तन की जब है बात।
आत्मा कैसे कर सके, कायों में संघात॥१०.६१.३६८॥
ज्ञान दर्शन चारित्र में, हो जाये जब घात।
किंचित मात्र भी पुद्गल में, होता नहीं संघात॥१०.६२.३६९॥
आत्मा के जो गुण है, पर द्रव्य में विराग।
इसलिए सम्यग्दृष्टि मे, विषयप्रति नहीं राग॥१०.६३.३७०॥
राग द्वेष व मोह है, जीव अनन्य परिणाम।
इसलिए रागादि नहीं, परद्रव्य का काम॥१०.६४.३७१॥

Right vision (darshan), knowledge (jnana), and conduct (charitra) are not present even in the slightest degree in insentient objects—so how can the soul cause any harm to such objects?

Right vision, knowledge, and conduct are not present even slightly in karmic matter—so how can the soul cause any harm to karma?

Right vision, knowledge, and conduct are not found even in the slightest degree in the physical body—so how can the soul cause any harm to bodily forms?

Even when there is destruction of knowledge, vision, or conduct, there is still no destruction of the material substance (pudgala).

The qualities that belong to the soul are not present in any external (non-sentient) substance.Therefore, one with right vision has no attachment (rāga) toward sensory objects.

Attachment, aversion, and delusion are exclusive modifications of the soul alone.For this reason, attachment and the like are not present in objects such as sound, etc.

(Thus, rāga–dveṣa are neither found in the soul with right vision nor in inert objects—they are only modifications of the ignorant soul.)

अण्णदविएण अण्णधवियस्स णो कीरए गुणुप्पाओ।
तम्हा दु सव्वदव्वा उप्पज्जंते सहावेण॥३७२॥

अन्यद्रव्येणान्यद्रव्यस्य न क्रियते गुणोत्पादः।
तस्मात्तु सर्वद्रव्याण्युत्पद्यन्ते स्वभावेन॥३७२॥

अन्य द्रव्य से अन्य द्रव्य की, उत्पत्ति के ना भाव।
सभी द्रव्य होते उत्पन्न, अपना ही स्वभाव॥१०.६५.३७२॥

अन्य द्रव्य से अन्य द्रव्य के गुण की उत्पत्ति नहीं की जा सकती, सर्व द्रव्य अपने अपने स्वभाव से उत्पन्न होते है।

The qualities of one substance cannot be produced by another substance.
Therefore, all substances manifest according to their own inherent nature.

णिंदिदसंथुदवयणाणि पोग्गला परिणमंति बहुगाणि।
ताणि सुणिदूण तूसदि य पुणो अहं भणिदो॥३७३॥
पोग्गलदव्वं सद्दत्तपरिणदं तस्स जदि गुणो अण्णो।
तम्हा ण तुमं भणिदो किंचि वि किं रुससि अबुद्धो॥३७४॥
असुहो सुहो व सद्दो ण तं भणदि सुणसु मं ति सो चेव।
ण य एदि विणिग्गहिदुं सोदविसयमागदं सद्दं॥३७५॥
असुहं सुहं व रूवं ण तं भणदि पेच्छ मं ति सो चेव।
ण य एदि विणिग्गहिदुं चक्खुविसयमागदं रुवं॥३७६॥
असुहो सुहो व गंधो ण तं भणदि जिग्घ मं ति सो चेव।
ण य एदि विणिग्गहिदुं घाणविसयमागदं गंधं॥३७७॥
असुहो सुहो व रसो ण तं भणदि रसय मं ति सो चेव।
ण य एदि विणिग्गहिदुं रसणविसयमागदं तु रसं॥३७८॥
असुहो सुहो व फासो ण तं भणदि फुससु मं ति सो चेव।
ण य एदि विणिग्गहिदुं कायविसयमागदं फासं॥३७९॥
असुहो सुहो व गुणो ण तं भणदि बुज्झ मं ति सो चेव।
ण य एदि विणिग्गहिदुं बुद्धिविसयमागदं तु गुणं॥३८०॥
असुहं सुहं व दव्वं ण तं भणदि बुज्झ मं ति सो चेव।
ण य एदि विणिग्गहिदुं बुद्धिविसयमागदं दव्वं॥३८१॥
एयं तु जाणिऊणं उवसमं णेव गच्छदे मूढो।
णिग्गहमणा परस्स य सयं च बुद्धिं सिवमपत्तो॥३८२॥

निन्दितसंस्तुतवचनानि पुद्गलाः परिणमन्ति बहुकानि।
तानि श्रुत्वा रुष्यति तुष्यति च पुनरहं भणितः॥३७३॥
पुद्गलद्रव्यं शब्दत्वपरिणतं तस्य यदि गुणोऽन्यः।
तस्मान्न त्वं भणितः किञ्चिदपि किं रुष्यसि अबुद्धः॥३७४॥
अशुभः शुभो वा शब्दो न त्वां भणति शृणु मामिति स एव।
न चैति विनिग्रहीतुं श्रोत्रविषयमागतं शब्दम्॥३७५॥
अशुभं शुभं वा रूपं न त्वां भणति पश्य मामिति स एव।
न चैति विनिग्रहीतुं चक्षुर्विषयमागतं रूपम्॥३७६॥
अशुभः शुभो वा गन्धो न त्वां भणति जिघ्र मामिति स एव।
न चैति विनिग्रहीतुं घ्राणविषयमागतं गन्धम्॥३७७॥
अशुभः शुभो वा रसः न त्वां भणति रसय मामिति स एव।
न चैति विनिग्रहीतुं रसना विषयमागतं रसं॥३७८॥
अशुभः शुभो वा स्पर्शो न त्वां भणति स्पृश मामिति स एव।
न चैति विनिग्रहीतुं कायविषयमागतं स्पर्शम्॥३७९॥
अशुभः शुभो वा गुणः न त्वां भणति बुध्यस्व मामिति स एव।
न चैति विनिग्रहीतुं बुद्धिविषयमागतं गुणम्॥३८०॥
अशुभं शुभं वा द्रव्यं न त्वां भणति बुध्यस्व मामिति स एव।
न चैति विनिग्रहीतुं बुद्धिविषयमागतं द्रव्यम्॥३८१॥
एतत् तु ज्ञात्वा उपशमं नैव गच्छति मूढः।

विनिग्रहमनाः परस्य च स्वयं च बुद्धिं शिवामप्राप्तः॥३८२॥

वचनी पुद्गल परिणमित, निन्दा बहु बखान।
मूढ माने कहा मुझे, राग द्वेष की खान॥१०.६६.३७३॥
शब्द पुद्गल परिणमित, गुणान्य तुझसे जान।
तुझसे कुछ भी नहीं कहा, क्रोध करे अज्ञान॥१०.६७.३७४॥
दाब सुनने का नहीं, शुभो अशुभ संवाद।
आत्मा तो जाती नहीं, सुन के वाद विवाद॥१०.६८.३७५॥
देख मुझे दबाव नहीं, शुभ अशुभ हो दृश्य।
आत्मा तो जातो नहीं, चाहे दृश्य अदृश्य॥१०.६९.३७६॥
सूँघ मुझे दबाव नहीं, गंध रहे दुर्गंध।
आत्मा तो लेती नहीं, घ्राण इन्द्रिय गंध॥१०.७०.३७७॥
दाब चखने का नहीं, मीठा खट्टा पान।
आत्मा तो चखती नहीं, रसना की ये शान॥१०.७१.३७८॥
दाब छूने का नहीं, स्पर्श ग्रहण जब काम।
आत्मा तो करती नहीं, इन्द्रिय स्पर्शन नाम॥१०.७२.३७९॥
आवश्यक गुण जान ना, बुद्धियुक्त यह ज्ञान।
आत्मा तो ज्ञाता स्वयं, च्युत न होता स्थान॥१०.७३.३८०॥
द्रव्य जान ना आवश्यक , बुद्धियुक्त है ज्ञान।
आत्मा तो ज्ञाता स्वयं, च्युत न होता स्थान॥१०.७४.३८१॥
शान्ति को पाता नहीं, कैसा यह अज्ञान।
शिव बुद्धि मिलती नहीं, पर को अपना मान॥१०.७५.३८२॥

बहुत प्रकार के निन्दा और स्तुति के वचन रूप में पुद्गल परिणमित होते हैं; उन्हें सुनकर अज्ञानी जीव "मुझसे कहा" ऐसा मानकर रोष और संतोष करता है।
पुद्गल द्रव्य यदि शब्द रूप से परिणमित हुआ है और उसका गुण तुझसे भिन्न है, तो हे अज्ञानी! तुझसे कुछ नहीं कहा गया है – फिर तू क्रोध क्यों करता है?
शुभ या अशुभ शब्द यह नहीं कहता कि "तू मुझे सुन", और आत्मा भी श्रोत्र विषयक शब्द को ग्रहण करने के लिए अपने स्थान से नहीं जाता।
शुभ या अशुभ रूप यह नहीं कहता कि "तू मुझे देख", और आत्मा भी चक्षु विषयक रूप को ग्रहण करने नहीं जाता।
शुभ या अशुभ गंध यह नहीं कहती कि "तू मुझे सूँघ", और आत्मा भी घ्राण विषयक गंध को ग्रहण करने नहीं जाता।
शुभ या अशुभ रस यह नहीं कहता कि "तू मुझे चख", और आत्मा भी रसना विषयक रस को ग्रहण करने नहीं जाता।
शुभ या अशुभ स्पर्श यह नहीं कहता कि "तू मुझे स्पर्श कर", और आत्मा भी काय विषयक स्पर्श को ग्रहण करने नहीं जाता।
शुभ या अशुभ गुण यह नहीं कहता कि "तू मुझे जान", और आत्मा भी बुद्धि विषयक गुण को ग्रहण करने नहीं जाता।
शुभ या अशुभ द्रव्य यह नहीं कहता कि "तू मुझे जान", और आत्मा भी बुद्धि विषयक द्रव्य को ग्रहण करने नहीं जाता।

ऐसा जानने के बाद भी मूढ़ जीव उपशम को प्राप्त नहीं होता, और पर को अपना मानकर वह शिवबुद्धि को प्राप्त नहीं कर पाता।

Many words—of praise and blame—are simply transformations of matter (pudgala); yet the ignorant soul thinks "it is said to me," and reacts with attachment or aversion.
If sound is just a property of matter, and its qualities are different from you,
Then nothing was said to you; why be angry, O ignorant one?
Neither auspicious nor inauspicious sound says "Hear me," nor does the soul go to grasp it through the ear.
Neither good nor bad form says "See me," nor does the soul move to perceive it through the eye.
Neither pleasant nor unpleasant smell says "Smell me," nor does the soul approach it through the nose.
Neither sweet nor bitter taste says "Taste me," nor does the soul reach for it via the tongue.
Neither harsh nor soft touch says "Touch me," nor does the soul go to receive it through the body.
Neither noble nor vile quality says "Understand me," nor does the soul move through intellect to grasp it.
No external substance says "Know me," nor does the soul depart from its station to comprehend it.
Yet the fool, failing to grasp this, never attains calmness or true wisdom, for he grasps others as his own.

कम्मं जं पुव्वकयं सुहासुहमणेयवित्थरविसेसं।
तत्तो णियत्तदे अप्पयं तु जो सो पडिक्कमणं॥३८३॥
कम्मं जं सुहमसुहं जम्हि य भावम्हि वज्झदि भविस्सं।
तत्तो णियत्तदे जो सो पच्चखाणं हवदि चेदा॥३८४॥
जं सुहमसुहमुदिण्णं संपडि य अणेयवित्थरविसेसं।
तं दोसं जो चेददिसो खलु आलोयणं चेदा॥३८५॥
णिच्चं पच्चक्खाणं कुव्वदि णिच्चं पडिक्कमदि जो य।
णिच्चं आलोचेयदि सो हु चरित्तं हवदि चेदा॥३८६॥

कर्म यत् पूर्वकृतं सुखदुःखान्यन्यविस्तरविशेषयुक्तम्।
तस्मात् निवर्तते आत्मा यः स प्रतिक्रमणं स्मृतम्॥३८३॥
कर्म यत् सुखदुःखरूपं यस्मिन् भावे निषिद्धं भविष्यति।
तस्मात् निवर्तते यः स पञ्चाख्यानं भवति चेत्॥३८४॥
यत् सुखदुःखरूपं निर्दिष्टं सम्यगन्यविस्तरविशेषयुक्तम्।
तं दोषं यः चेतसि द्रष्टुं शीलयति स आलोचनं स्मृतम्॥३८५॥
नित्यं पञ्चाख्यानं करोति, नित्यं प्रतिक्रमणं च यः।
नित्यं आलोचयति च यः स एव चरित्रं भवति चेत्॥३८६॥

कर्म शुभ अशुभ पूर्व के, किए अनेक प्रकार।
आत्मा उनसे दूर रहे, प्रतिक्रमण आचार॥१०.७६.३८३॥
शुभ अशुभ कर्म भविष्य के, बंध भाव जिस जान।
अलग करे उस भाव से, आत्मा प्रत्याखान॥१०.७७.३८४॥
वर्तमान शुभ अशुभ कर्म, नाना करे प्रकार।
भाव त्याग कर्तृत्व करे, आलोचना विचार॥१०.७८.३८५॥
प्रतिक्रमण व आलोचना, सदा ही प्रत्याख्यान।
आत्मा को उस जानना, चारित्रिक पहचान॥१०.७९.३८६॥

पूर्वकृत जो अनेक प्रकार के विस्तारयुक्त शुभाशुभ कर्म हैं, उनसे जो आत्मा स्वयं को निवृत्त करता है, वही प्रतिक्रमण कहलाता है।
भविष्य में जिस भाव से शुभ या अशुभ कर्म बंधेगा, उस भाव से जो आत्मा निवृत्त होता है, वह प्रत्याख्यान है।
वर्तमान में उदय में आए जो विस्तारयुक्त शुभ या अशुभ कर्म हैं, उनके दोष को जो आत्मा चेतता है – अर्थात् उसका कर्तापन छोड़ देता है – वह आलोचना है।
जो आत्मा नित्य प्रतिक्रमण, प्रत्याख्यान और आलोचना करता है – वही चेतन रूप में चारित्र कहलाता है।

The past actions—whether virtuous or non-virtuous, and of various types—
When the soul withdraws itself from them, that is known as *Pratikraman* (repentance).
That intent or state of mind by which virtuous or non-virtuous karma will bind in the future—When the soul refrains from that, it is called *Pratyakhyan* (renunciation).

When presently arising virtuous or non-virtuous karmas of various types are recognized as faults—And the soul relinquishes all sense of doership—that is *Alochana* (introspective confession).
One who constantly engages in pratikraman, pratyakhyan, and alochana—
Such a soul, aware and detached, is said to be truly in *Charitra* (conduct).

वेदंतो कम्मफलं अप्पाणं कुणदि जो दु कम्मफलं।
सो तं पुणो वि बंधदि बीयं दुक्खस्स अट्ठविहं॥३८७॥
वेदंतो कम्मफलं मए कदंमुणदि जो दु कम्मफलं।
सो तं पुणो वि बंधदि वीयं दुकेखस्स अट्ठविहं॥३८८॥
वेदंतो कम्मफलं सुहिदो य हवदि जो चेदा।
सो तं पुणो वि बंधदि बीयं दुक्खस्स अट्ठविहं॥३८९॥

वेदयमानः कर्मफलमात्मानं करोति यस्तु कर्मफलम्।
स तत्पुनरपि बध्नाति बीजं दुःखस्याष्टविधम्॥३८७॥
वेदयमानः कर्मफलं मया कृतं जानाति यस्तु कर्मफलम्।
स तत्पुनरपि बध्नाति बीजं दुःखस्याष्टविधम्॥३८८॥
वेदयमानः कर्मफलं सुखितो दुःखितश्च भवति यश्चेतयिता।
स तत्पुनरपि बध्नाति बीजं दुःखस्याष्टविधम्॥३८९॥

वेदन करता कर्म फल, फल को निजरुप मान।
आठ कर्म को बांधता, आगम का यह ज्ञान॥१०.८०.३८७॥
वेदन करता कर्म फल, कर्ता स्वयं को मान।
आठ कर्म को बांधता, आगम का यह ज्ञान॥१०.८१.३८८॥
वेदन करता कर्म फल, दुख सुख अपना मान।
आठ कर्म को बांधता, आगम का यह ज्ञान॥१०.८२.३८९॥

जो आत्मा कर्मफल का वेदन करते हुए उस फल को स्वयं का मानता है, वह आठ प्रकार के दुःखरूप कर्मों का बीज पुनः बांधता है।
जो आत्मा कर्मफल का वेदन करते हुए यह समझता है कि 'यह फल मैंने किया है', वह भी आठ प्रकार के दुःखदायक कर्मों को पुनः बांधता है।
जो आत्मा सुख-दुःख का अनुभव करते हुए उसे अपना मानता है, वह भी आठ प्रकार के दुःखरूप कर्मों को पुनः बांधता है।

The one who experiences the fruits of karma and considers them as his own—
He binds again the seed of eight types of karmas that bring suffering.
The one who experiences karma's fruit and believes, "I am the doer of this"—
He too binds again the eightfold seed of suffering.
The one who feels happiness or sorrow from karma's outcome and identifies with it—He again binds the eight types of karmas that result in suffering.

सत्थं णाणं ण हवदि जम्हा सत्थं ण याणदे किंचि।
तम्हा अण्णं णाणं अण्णं सत्थं जिणा बेंति॥३९०॥
सद्दो णाणं ण हवदि जम्हा सद्दो ण याणदे किंचि।
तम्हा अण्णं णाणं अण्णं सद्दं जिणा बेंति॥३९१॥
रूवं णाणं ण हवदि जम्हा रूवं ण याणदे किंचि।
तम्हा अण्णं णाणं अण्णं रूवं जिणा बेंति॥३९२॥
वण्णो णाणं ण हवदि जम्हा वण्णो ण याणदे किंचि।
तम्हा अण्णं णाणं अण्णं वण्णं जिणा बेंति॥३९३॥
गंधो णाणं ण हवदि जम्हा गंधो ण याणदे किंचि।
तम्हा अण्णं णाणं अण्णं गंधं जिणा बेंति॥३९४॥
ण रसो दु हवदि णाणं जम्हा दु रसो ण याणदे किंचि।
तम्हा अण्णं णाणं अण्णं रसं जिणा बेंति॥३९५॥
फासो ण हवदि णाणं जम्हा फासो ण याणदे किंचि।
तम्हा अण्णं णाणं अण्णं फासं जिणा बेंति॥३९६॥
कम्मं णाणं ण हवदि जम्हा कम्मं ण याणदे किंचि।
तम्हा अण्णं णाणं अण्णं कम्मं जिणा बेंति॥३९७॥
धम्मो णाणं ण हवदि जम्हा धम्मो ण याणदे किंचि।
तम्हा अण्णं णाणं अण्णं धम्मं जिणा बेंति॥३९८॥
णाणमधम्मो ण हवदि जम्हाघम्मो ण याणदे किंचि।
तम्हा अण्णं णाणं अण्णमधम्मं जिणा बेंति॥३९९॥
कालो णाणं ण हवदि जम्हा कालो ण याणदे किंचि।
तम्हा अण्णं णाणं अण्णं कालं जिणा बेंति॥४००॥
आयासं णाणं ण हवदि जम्हायासं ण याणदे किंचि।
तम्हायासं अण्णं अण्णं णाणं जिणा बेंति॥४०१॥
णज्झवसाणं णाणं अज्झवसाणं अचेदणं जम्हा।
तम्हा अण्णं णाणं अज्झवसाणं तहा अण्णं॥४०२॥
जम्हा जाणदि णिच्चं तम्हा जीवो दु जाणगो णाणी।
णाणं च झाणयादो अव्वदिरित्तं मुणेयव्वं॥४०३॥
णाणं समम्मादिट्ठिं दु संजमं सुत्तमंगपुव्वगयं।
धम्माधम्मं च तहा पव्वज्जं अब्भुवंति बुहा॥४०४॥

शास्त्रं ज्ञानं न भवति यतः शास्त्रं न जानाति किञ्चित्।
तस्मादन्यज्ज्ञानमन्यत् शास्त्रं जिना वदन्ति॥३९०॥
शब्दो ज्ञानं न भवति यतः शब्दो न जानाति किञ्चित्।
तस्मादन्यज्ज्ञानमन्यः शब्दो जिना वदन्ति॥३९१॥
रूपं ज्ञानं न भवति यतः रूपं न जानाति किञ्चित्।
तस्मादन्यज्ज्ञानमन्यद्रूपं जिना वदन्ति॥३९२॥
वर्णो ज्ञानं न भवति यतः वर्णो न जानाति किञ्चित्।
तस्मादन्यज्ज्ञानमन्यं वर्णं जिना वदन्ति॥३९३॥
गन्धो ज्ञानं न भवति यतः गन्धो न जानाति किञ्चित्।

तस्मादन्यज्ज्ञानमन्यं गन्धं जिना वदन्ति॥३९४॥
रसः न भवति ज्ञानं यतः रसः न जानाति किञ्चित्।
तस्मादन्यज्ज्ञानमन्यं रसं जिना वदन्ति॥३९५॥
स्पर्शो न भवति ज्ञानं यतः स्पर्शो न जानाति किञ्चित्।
तस्मादन्यज्ज्ञानमन्यं स्पर्शं जिना वदन्ति॥३९६॥
कर्म ज्ञानं न भवति यतः कर्म न जानाति किञ्चित्।
तस्मादन्यज्ज्ञानमन्यं कर्म जिना वदन्ति॥३९७॥
धर्मो ज्ञानं न भवति यतः धर्मो न जानाति किञ्चित्।
तस्मादन्यज्ज्ञानमन्यं धर्मं जिना वदन्ति॥३९८॥
अधर्मो ज्ञानं न भवति यतः अधर्मो न जानाति किञ्चित्।
तस्मादन्यज्ज्ञानमन्यं अधर्मं जिना वदन्ति॥३९९॥
कालो ज्ञानं न भवति यतः कालो न जानाति किञ्चित्।
तस्मादन्यज्ज्ञानमन्यं कालं जिना वदन्ति॥४००॥
आकाशो ज्ञानं न भवति यतः आकाशं न जानाति किञ्चित्।
तस्मादन्यज्ज्ञानमन्यं आकाशं जिना वदन्ति॥४०१॥
अध्यवसानं ज्ञानं न भवति यतः अध्यवसानं अचेतनं।
तस्मादन्यज्ज्ञानमन्यं अध्यवसानं जिना वदन्ति॥४०२॥
यतः ज्ञाति नित्यं तस्मात् जीवः ज्ञायकः ज्ञानी।
ज्ञानं च ज्ञायकात् अव्यतिरिक्तं ज्ञेयम्॥४०३॥
ज्ञानं सम्यग्दृष्टिं च संयमं सूत्रमङ्गपूर्वकम्।
धर्माधर्मं च तथा प्रव्रज्यां अभ्युपगच्छन्ति बुधाः॥४०४॥

शास्त्र कुछ जाने नहीं, नहीं शास्त्र है ज्ञान।
शास्त्र अन्य ज्ञान अन्य है, जिन का कहना जान॥१०.८३.३९०॥
शब्द नहीं कुछ जानता, नहीं शब्द है ज्ञान।
शब्द अन्य ज्ञानान्य है, जिन का कहना जान॥१०.८४.३९१॥
रूप भी कुछ जाने नहीं, रूप नहीं है ज्ञान।
रूप अन्य ज्ञानान्य है, जिन का कहना जान॥१०.८५.३९२॥
वर्ण भी कुछ जाने नहीं, वर्ण नहीं है ज्ञान।
वर्ण अन्य ज्ञान अन्य है, जिन का कहना जान॥१०.८६.३९३॥
गंध भी कुछ जाने नहीं, गंध नहीं है ज्ञान।
गंध अन्य ज्ञान अन्य है, जिन का कहना जान॥१०.८७.३९४॥
रस भी कुछ जाने नहीं, रस में ना है ज्ञान।
रस अन्य है ज्ञान अन्य है, जिन का कहना जान॥१०.८८.३९५॥
स्पर्श कुछ जाने नहीं, स्पर्श नहीं है ज्ञान।
स्पर्श अन्य ज्ञान अन्य है, जिन का कहना जान॥१०.८९.३९६॥
कर्म भी कुछ जाने नहीं, कर्म नहीं है ज्ञान।
कर्म अन्य ज्ञान अन्य है, जिन का कहना जान॥१०.९०.३९७॥
धर्म कुछ जाने नहीं, धर्म नहीं है ज्ञान।
धर्म अन्य ज्ञान अन्य है, जिन का कहना जान॥१०.९१.३९८॥
अधर्म कुछ जाने नहीं, ना अधर्म है ज्ञान।

अधर्म अन्य ज्ञान अन्य है, जिन का कहना जान॥१०.९२.३९९॥
काल कुछ जाने नहीं, काल नहीं है ज्ञान।
काल अन्य ज्ञान अन्य है, जिन का कहना जान॥१०.९३.४००॥
आकाश ना जानता, न अकाश है ज्ञान।
ज्ञानान्य आकाश अन्य , जिन का कहना जान॥१०.९४.४०१॥
अध्यवसान जाने नहीं, अध्यवसान न ज्ञान।
अध्यवसान अन्य अन्य है, जिन का कहना जान॥१०.९५.४०२॥
जीव निरन्तर जानता, ज्ञायक ही है ज्ञान।
ज्ञानी ज्ञान अभिन्न है, जिन का कहना जान॥१०.९६.४०३॥
अंगसूत्र सम्यक्त्व, संयम, बुद्ध जन माने ज्ञान।
पुण्य पाप भी ज्ञान है, दिक्षा ज्ञान ही मान॥१०.९७.४०४॥

शास्त्र ज्ञान नहीं है क्योंकि वह कुछ जानता नहीं, इसलिए जिनों ने कहा—शास्त्र और ज्ञान अलग हैं।
शब्द, रूप, वर्ण, गंध, रस, स्पर्श, धर्म, अधर्म, काल, आकाश, कर्म, अध्यवसाय आदि सभी जड़ हैं, कुछ नहीं जानते— इसलिए वे ज्ञान नहीं हैं।
ज्ञान आत्मा में है जो नित्य जानता है—इसलिए आत्मा ही ज्ञानी है, ज्ञायक है। ज्ञायक और ज्ञान में भेद नहीं है—यह समझना चाहिए।
बुद्ध पुरुष उसी ज्ञान को सम्यग्दृष्टि, संयम, सूत्र, धर्म-अधर्म और दीक्षा का साधन मानते हैं।

Scripture is not knowledge, because it does not *know* anything — therefore, the enlightened ones have said: scripture and knowledge are distinct.
Words, forms, colors, smells, tastes, touch, merit (dharma), demerit (adharma), time, space, karma, mental activity (adhyavasāya), and so on — all these are non-conscious (inert); they do not know anything — therefore, they are not knowledge.
Knowledge resides in the soul, which eternally knows — therefore, the soul alone is the knower, the perceiver.
There is no distinction between the knower and knowledge — this should be understood.
The enlightened regard this knowledge itself as the means to right faith (samyag-dṛṣṭi), restraint (saṁyama), spiritual teachings (sūtra), merit/demerit (dharma-adharma), and initiation (dīkṣā).

अत्ता जस्सामुत्तो ण हु सो आहारगो हवदि एवं।
आहारो खलु मुत्तो जम्हा सो पोग्गलमओ दु॥४०५॥
ण वि सक्कदि घेत्तुं जं ण विमोत्तुं जं च जं परदव्वं।
सो को वि य तस्स गुणो पाउगिओ विस्ससो वा वि॥४०६॥
तम्हा दु जो विसुद्धो चेदा सो णेव गेण्हदे किंचि।
णेव विमुंचदि किंचि वि जीवाजीवाण दव्वाणं॥४०७॥

अत्ता यस्यामुक्तः न स आहारग्रहणकर्ता भवति एवं।
आहारः खलु मुक्तः यतः सः पुद्गलमयः तु॥४०५॥
न च शक्नोति ग्रहीतुं यं न विमोक्तुं यं च यं परद्रव्यं।
सः कः अपि तस्य गुणः प्राप्यते विश्वासः अपि वा॥४०६॥
तस्मात् यः विशुद्धः चेतनः सः न एव गृह्णाति किञ्चित्।
न एव विमुञ्चति किञ्चित् अपि जीवाजीवयोः द्रव्ययोः॥४०७॥

जो आत्मा अमूर्तिक है, आहारक ना जान।
आहार तो मूर्त है, पुद्गल उसको मान॥१०.९८.४०५॥
ना ग्रहण ना छूटता, परद्रव्य स्वभाव।
पर द्रव्य का मेल नहीं, एकमेक नहीं भाव॥१०.९९.४०६॥
जीव हो या अजीव हो, शुद्ध आत्मा ना राग।
ग्रहण भी करता नहीं, ना ही करता त्याग॥१०.१००.४०७॥

जो आत्मा अमूर्तिक है, वह वास्तव में आहारक नहीं है; क्योंकि आहार तो मूर्त होता है, वह पुद्गलमय है।
जो परद्रव्य है, वह न तो ग्रहण किया जा सकता है और न ही छोड़ा जा सकता है—यही उसका स्वभाव या विभाव रूप गुण है।
इसलिए जो विशुद्ध आत्मा है, वह जीव या अजीव किसी भी द्रव्य को न तो ग्रहण करता है और न ही त्याग करता है।

The soul, being formless, is truly not an assimilator (not a taker of matter); for assimilation (food etc.) is material and has form—it is pudgala (matter). A foreign substance cannot truly be taken nor abandoned—this is its inherent or extrinsic nature.
Therefore, the pure soul neither accepts nor abandons anything, whether living or non-living substance.

पासंडीलिंगाणि व गिहिलिंगाणि व बहुप्पयाराणि।
घेत्तुं वंदति मूढा लिंगमिणं मोक्खमग्गो त्ति॥४०८॥
ण दु होदि मोक्खमग्गो लिंगं जं देहणिम्ममा अरिहा।
लिंगं मुइत्तु दंसणणाणचरित्ताणि सेवंति॥४०९॥

पाषण्डिलिङ्गानि वा गृहिलिङ्गानि वा बहुप्रकाराणि।
गृहीत्वा वदन्ति मूढा लिङ्गमिदं मोक्षमार्ग इति॥४०८॥
न तु भवति मोक्षमार्गो लिङ्गं यद्देहनिर्ममा अर्हन्तः।
लिङ्गं मुञ्चित्वा दर्शनज्ञानचारित्राणि सेवन्ते॥४०९॥

लिंग मुनि या गृहस्थ हो, लिंग गृहण बहु बार।
बाह्य लिंग पथ मोक्ष ना, यह अज्ञानी पुकार॥१०.१०१.४०८॥
बाह्य लिंग पथ मुक्ति ना,दैहिक निर्मम मान।
त्याग लिंग अर्हंत करे, दर्शन चरित्र ज्ञान॥१०.१०२.४०९॥

बहुत से मूर्ख लोग पाषंडी या गृहस्थ जैसे अनेक प्रकार के लिंगों को ग्रहण कर कहते हैं – "यही मोक्षमार्ग है।"
परंतु वास्तव में लिंग (बाह्य रूप) मोक्ष का मार्ग नहीं है। अर्हंत, जो देह से निर्मम होते हैं, वे लिंग को छोड़कर केवल दर्शन, ज्ञान और चारित्र का सेवन करते हैं।

Fools adopt various outward forms—ascetic or householder—and declare, "This is the path to liberation."
But external form is not the path to liberation. The Arhats, free from attachment to the body, renounce the form and pursue only right vision, knowledge, and conduct.

ण वि एस मोक्खमग्गो पासंडीगिहिमयाणि लिंगाणि।
दंसणणाणचरित्ताणि मोक्खमग्गं जिणा बेंति॥४१०॥

नाप्येष मोक्षमार्गः पाषण्डिगृहिमयानि लिङ्गानि।
दर्शनज्ञानचारित्राणि मोक्षमार्गं जिना ब्रुवन्ति॥४१०॥

लिंग मुनि या गृहस्थ हो, मोक्षमार्ग मत मान।
दर्शन ज्ञान चरित्र ही, जिन मत पथ यह जान॥१०.१०३.४१०॥

मुनियों और गृहस्थों के लिंग (बाह्य चिह्न) मोक्षमार्ग नहीं हैं; दर्शन, ज्ञान और चारित्र को ही जिनेन्द्रदेव मोक्षमार्ग कहते हैं।

The external forms of ascetics or householders are not the path to liberation; Right vision, knowledge, and conduct alone are declared as the path by the Jinas.

तम्हा जहित्तु लिंगे सागारणगारएहिं वा गहिदे।
दंसणणाणचरित्ते अप्पाणं जुंज मोक्खपहे॥४११॥

तस्मात् जहित्वा लिङ्गानि सागारैरनगारकैर्वा गृहीतानि।
दर्शनज्ञानचारित्रे आत्मानं युंक्ष्व मोक्षपथे॥४११॥

गृहस्थ या मुनिजन रहे, ग्रहण लिंग का त्याग।
दर्शन ज्ञान चरित्र में, आत्मा का हो राग॥१०.१०४.४११॥

इसलिए चाहे गृहस्थों द्वारा धारण किए लिंग हों या मुनियों द्वारा—उन्हें त्याग कर दर्शन, ज्ञान और चारित्र—जो कि मोक्ष का मार्ग हैं—में आत्मा को लगाओ।

Therefore, renounce the external marks taken by householders or monks,
And engage your soul in right vision, knowledge, and conduct—the path to liberation.

मोक्खपहे अप्पाणं ठवेहि तं चेव झाहि तं चेय।
तत्थेव विहर णिच्चं मा विहरसु अण्णदव्वेसु॥४१२॥

मोक्षपथे आत्मानं स्थापय तं चैव ध्यायस्व तं चेतयस्व।
तत्रैव विहर नित्यं मा विहार्षीरन्यद्रव्येषु॥४१२॥

स्थित कर मोक्ष मार्ग में, कर आत्मा का ध्यान।
केवल आत्म विहार में, नहीं अन्य कही ज्ञान॥१०.१०५.४१२॥

स्थित कर मोक्ष मार्ग में, कर आत्मा का ध्यान।
विहार केवल आत्म में, अन्य कही न हो ज्ञान॥१०.१०५.४१२॥

Establish your soul on the path of liberation—meditate on it, realize it,
Dwell always in that alone, and do not wander among other substances.

पासंडीलिंगेसु व गिहिलिंगेसु व बहुप्पयारेसु।
कुव्वंति जे ममत्तिं तेहिं ण णादं समयसारं॥४१३॥

पाषण्डिलिङ्गेषु या गृहिलिङ्गेषु या बहुप्रकारेषु।
कुर्वन्ति ये ममत्वं तैर्न ज्ञातः समयसारः॥४१३॥

लिंग मुनि या गृहस्थजन, लिंग ग्रहण बहु बार।
ममता जिसकी लिंग में, समयसार ना धार॥१०.१०६.४१३॥

जो मुनिलिंग या गृहस्थलिंग में, चाहे जितने प्रकार के क्यों न हो, ममता करता है—उसने समयसार को नहीं जाना।

Those who cling with attachment to ascetic or householder forms, in any of their many types, They have not understood the essence of *Samayasara*.

ववहारिओ पुण णओ दोण्णि वि लिंगाणि भणदि मोक्खपहे।
णिच्छयणओ ण इच्छदि मोक्खपहे सव्वलिंगाणि॥४१४॥

व्यवहारिणस्तु नयः द्वे अपि लिङ्गे भणाति मोक्षप्रपथे।
निश्चयनयः न इच्छति मोक्षपथे सर्वलिङ्गानि॥४१४॥

श्रमण या श्रावक रहे, मोक्षमार्ग व्यवहार।
मोक्षमार्ग में लिंग नहीं, निश्चयनय का विचार॥१०.१०७.४१४॥

व्यवहारनय श्रमण और श्रावक दोनों लिंगों को मोक्षमार्ग मानता है, परंतु निश्चयनय किसी भी प्रकार के लिंग को मोक्षमार्ग नहीं मानता।

The Vyavahāra-naya (conventional view) considers both ascetic and lay forms as part of the path to liberation,
But the Nishchaya-naya (absolute view) accepts no form at all as the path to liberation.

जो समयपाहुडमिणं पढिदूणं अत्थतच्चदो णादुं।
अत्थे ठाही चेदा सो होही उत्तमं सोक्खं॥४१५॥

यः समयप्राभृतमिदं पठित्वा अर्थतत्त्वतो ज्ञात्वा।
अर्थे स्थास्यति चेतयिता स भविष्यत्युत्तमं सौख्यम्॥४१५॥

समयसार जो भव्य पढे, अर्थ तत्त्व का ज्ञान।
स्थित हो चेतन अर्थ में, परमआनन्द का भान॥१०.१०८.४१५॥

जो व्यक्ति 'समयसार' जैसे ग्रंथ को पढ़कर उसके अर्थ और तत्त्व को भली-भाँति जानकर, उस अर्थ में स्थित (स्थिर) रहेगा — वह चेतन (सजग) जीव परम उत्तम सुख को प्राप्त करेगा।

The one who, after studying a scripture like the 'Samayasara', understands its meaning and essence thoroughly, and remains established in that meaning — that conscious (aware) soul will attain the highest supreme bliss.


NECTAR OF WISDOM
NOW...
CA Hemant C. Lodha


A to Z of
Entrepreneurship
26 WORDS that capture
what it takes to be an Entrepreneur
Be Action Oriented
Trust your Intuition
Be a Leader
Optimize 4Ms
Act Win-Win
Follow the D-path
Have Good Judgement
Have unending Zeal
Create a Network
Be a calculated Risk Taker
Be Creative
Establish Goodwill
Hire Smart People
Plan meticulously
Grab Opportunities
Yes I can
Develop a Vision
Manage Time
Success is a Journey
Travel the Extra Mile
Learn from Failures
Hemant C. Lodha


Words of Wisdom
WOW
WORDS OF WISDOM
Hemant C. Lodha

अष्टावक्र महागीता
रूप-कविता
संकल्पना व लेखन
• हेमंत सी. लोढ़ा
संशोधन
• अविनाश वागड़े

श्रीमद्भगवद्गीता
रूप-कविता
संकल्पना व लेखन
• हेमंत लोढ़ा
सहयोग
• अविनाश वागड़े


कहे अनकहे
(काव्य)
हेमंत लोढ़ा


SAMANSUTTAM
समणसुत्तं
श्रमणसूत्र
जैन दर्शन सार
(ESSENCE OF JAINISM)
(दोहा, प्राकृत,संस्कृत, हिंदी, English)
परस्परोपग्रहो जीवानाम्
दोहा लेखन - हेमंत लोढ़ा


A 2 Z of LEADERSHIP
A Guide To What it takes to
Be an effective Leader
HEMANT LODHA
AUTHOR - HEMANT LODHA
CO-AUTHOR - SWETA MOR GUPTA


NECTOR OF WISDOM 2.0
NOW 2.0...
Hemant Lodha


दोहानुभूति
चाणक्य नीति
हेमंत लोढ़ा


5 ELEMENTS
OF
ORGANIZATIONAL
EXCELLENCE
3S + 2R → 3Q → EXCELLENCE

RATNAKARAND SHRAVAKACHAR
आचार्य समन्तभद्र स्वामी विरचित
रत्नकरण्ड श्रावकाचार
(संस्कृत, दोहा, हिंदी, इंग्लिश)
महिमा
दोहा लेखन
जैन हेमन्त लोढ़ा


TATTVARTHASUTRA
आचार्य उमास्वामी विरचित
तत्त्वार्थसूत्र
(संस्कृत, दोहा, हिंदी, इंग्लिश)
संकलन एवम दोहा लेखन
जैन हेमंत लोढ़ा


BUSINESS BITES
BUSINESS
BITES
Collection of
Business Models
Concept & Compiled by :
HEMANT LODHA
Assited by - ChatGPT


SOUL
THE SECRET OF
YOUR LIFE
By - Hemant Lodha


TATTVA BODH
By : Jain Hemant Lodha


ATMA BODH
By : Jain Hemant Lodha

CA Hemant Lodha (Jain)

Mr. Hemant Lodha, a chartered accountant by profession is an avid reader whose literary interests include philosophy, spirituality, relationship building, leadership skills & management skills. Born in Jodhpur, to a respected family of limited means, he has been all over the globe before settling in Nagpur in 2002.

He has authored many books such as 'Words of Wisdom', 'Nectar of Wisdom', 'Shrimad Bhagwat Geeta Roopkavita', 'Ashtavakra Mahageeta Roopkavita', 'Kahi Ankahi', 'Samansuttam', 'Chankya Niti' 'A to Z Entrepreneurship' 'A to Z of Leadership' etc.

Being socially active, he is associated with several organizations and has founded "Helplink Charitable Trust" with a motto to LINK THE NOBLE AND THE NEEDY, mainly working in the field of education for deprived children.

He is presently working as a Director of SMS Limited.

He can be easily reached at www.hemantlodha.com